श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी 09:02 उपरांत
सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 16 जुलाई 2025
वर्ष 3, अंक 332, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर 12 आतंकवाद को बर्दाश्त न करने पर अडिग रहेगा भारत -

...कुछ नया जन्म लेने वाला है

नई सोच हमेशा नई राहों पर ले जाती है।
इसी तरह नई शुरुआत नए जीवन से रू-ब-रू कराती है।
यही निरंतरता की स्थिति होती है।

शुभांशु की वापसी पर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीएमएस,लखनऊ ऑडिटोरियम में सजीव प्रसारण देख रहे लोगों ने एकदूसरे को दी बधाई
- शुभांशु के पिता ने कहा- बेटे की अंतरिक्ष यात्रा भारतवासियों के सामूहिक विश्वास का परिणाम

अमृत विचार: शुभांशु शुक्ला के स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने मंगलवार को भारतीय समयानुसार अपराह्न 3:01 बजे जैसे ही प्रशान्त महासागर के कैलीफोर्निया तट पर सफल लैंडिग की, देशवासी खुशी व गर्व से झूम उठे। सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस), कानपुर रोड ऑडिटोरियम में शुभांशु के माता-पिता और परिजनों के साथ सैकड़ों लोगों ने इस ऐतिहासिक क्षण को लाइव देखा। जैसे ही कैप्सूल ने प्रशांत महासागर की सतह को छुआ, ऑडिटोरियम का माहौल अत्यन्त भावुक हो उठा। पूरा ऑडिटोरियम भारत माता की जय के नारे व तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

शुभांशु 25 जून को फाल्कन-9 रॉकेट से अंतरिक्ष की उड़ान पर रवाना हुए थे। 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़ गए थे। उन्होंने अंतरिक्ष में 18 दिन बिताए। 310 से अधिक कक्षाएं पूरी कीं और लगभग 1.3 करोड़ किमी की दूरी तय की। इस दौरान उन्होंने इसरो द्वारा सौंपे गए सातों सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रयोगों को सफलतापूर्वक पूरा किया। मांसपेशी पुनर्जनन, टार्डिग्रेड परिक्षण, बीज अंकुरण, शैवाल संवर्धन, फसल सहनशीलता, विकिरण प्रभाव एवं मानव शरीर विज्ञान संबंधी अध्ययन शामिल थे। ये प्रयोग भारत के आगामी गगनयान कार्यक्रम हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शुभांशु के अन्तरिक्ष यान के पानी में उतरने के साथ ही सीएमएस प्रबंधन एवं शुभांशु के परिवार ने त्रि-स्तरीय केक काटा। इस केक के तीन स्तर लांच, आईएसएस पर प्रवास और धरती पर वापसी के प्रतीक स्वरूप थे। इस अवसर पर पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर शुभांशु के पिता शम्भू दयाल शुक्ल ने भावुक होकर कहा कि यह उपलब्धि भारतवासियों के सामूहिक विश्वास का परिणाम है। उन्होंने डा. भारती गांधी, प्रो. गीता गांधी किंगडन और सीएमएस परिवार का आभार व्यक्त करता हूं। सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि शुभांशु की सफलता ने हमारे छात्रों की कल्पनाशक्ति को पंख दिए हैं। वह सीएमएस के आदर्श वाक्य 'जय जगत' का जीवंत उदाहरण हैं और सिद्ध करते हैं कि अंतरिक्ष कोई कल्पना नहीं, बल्कि हमारा भविष्य है। सीएमएस अलीगंज कैम्पस, जहां शुभांशु ने शिक्षा प्राप्त की थी, वहां के छात्र भी अत्यधिक प्रेरित दिखे। कक्षा 9 की छात्रा अनन्या मिश्रा ने कहा कि अब मैं भी अंतरिक्ष यात्री बनना चाहती हूं,अगर वो कर सकते हैं, तो मैं भी कर सकती हूं। कक्षा 11 के आदित्य वर्मा ने कहा, 'पहले यह सपना दूर लगता था। आज यह वास्तविक है।

सीएमएस की संस्थापक-निदेशिका डा. भारती गांधी ने समापन में कहा, 'शुभांशु हमारे मार्गदर्शक सितारे हैं। साक्षात प्रमाण हैं कि गहरे मूल्यों और साहसी सपनों के साथ सितारों तक पहुंचा जा सकता है।

आईएसएस से आखिरी कॉल कर रहा हूं मां - शुभांशु

लखनऊ। यह मेरी इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से आखिरी कॉल है... अब लौट रहा हूं, जल्द मिलूंगा। एस्ट्रोनॉट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने जैसे ही ये शब्द कहे, लखनऊ स्थित उनके घर में कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया और परिवार के लोगों की आंखें खुशी के आंसुओं से छलक उठीं। 18 दिनों की ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा के अंतिम चरण में यह कॉल शुभांशु के परिवार के लिए सबसे भावुक क्षण बन गई। सोमवार सुबह 4:30 बजे एक्सिओम मिशन-4 के तहत शुभांशु का आईएसएस से अनडॉकिंग शेड्यूल थे। उसी से कुछ घंटे पहले उन्होंने अपने माता-पिता को सेटेलाइट कॉल की। यह बातचीत परिवार के दिल में हमेशा के लिए दर्ज हो गई।

ये कॉल अलग थी

शुभांशु की बहन शुचि मिश्रा ने कहा कि, अब तक की हर कॉल में हम हंसते थे। बात करते थे, सवाल पूछते थे। लेकिन, इस बार जैसे सभी ने चुप रहने का मन बना लिया था। मां आशा शुक्ला की आंखों से लगातार आंसू बहते रहे। उन्होंने कहा, मैं कुछ बोल नहीं पाई। बस उसकी आवाज सुनी और रोती रही। वो जानता था कि मैं रो रही हूं, लेकिन फिर भी शांत रहा। हमें ढांढस देता रहा। कहता रहा कि सब ठीक होगा। परिवार ने माना कि यह कॉल भले ही भावुक थी, लेकिन उसी ने उन्हें हिम्मत भी दी। मां आशा शुक्ला कहती हैं, वो स्वस्थ लग रहा था, उसकी आंखों में चमक थी। उस कॉल ने हमारे बहुत सारे डर मिटा दिए।

पिता ने किया सुंदरकांड पाठ

अंतरिक्ष से लौटते समय देशभर की नजरें जिस वीर बेटे पर टिकी थीं। उसके परिवार ने रात भर ईश्वर से उसकी सलामती की प्रार्थना की। लखनऊ निवासी अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के परिवार के लिए बीती रात बेहद तनावपूर्ण और भावनात्मक रही। शुभांशु का रिटर्न कैप्सूल पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है, उनके पिता शंभू दयाल शुक्ला ने सोमवार सुबह सुंदरकांड का पाठ किया।

पूरी रात जागते रहे

शुभांशु के पिता ने बताया, हमारे लिए बीती रात बहुत भारी रही। नींद तो जैसे आंखों से कोसों दूर थी। बस भगवान से यही प्रार्थना कर रहे थे कि हमारा बेटा सुरक्षित जमीन पर उतर जाए। वो जिस तरीके से एक बंद कैप्सूल में आ रहा था, उसे सोचकर दिल बैठा जा रहा था।

शुभांशु शुक्ला की वापसी के बाद केक काटकर जश्न मनाते माता- पिता और अन्य परिजन।

शुभांशु का मानो दूसरा जन्म हो

शुभांशु की वापसी को परिवार पुनर्जन्म के तौर पर देख रहा है। बहन शुचि कहती हैं, जैसे वो पृथ्वी से किसी और ही दुनिया में गए और अब वापस लौट रहे हैं। नए अनुभवों और यादों के साथ। जैसे वो फिर से जन्म लेकर आ रहे हों। मां आशा ने बताया कि मिशन के अंतिम चरण में उन्होंने घर पर 18 दिन तक विशेष पूजा करवाई। हमारे लिए वो दोबारा जन्म लेकर आ रहा है।

मां रो पड़ी, पिता ने लहराया तिरंगा

शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट 20 दिन अंतरिक्ष यात्रा के बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। शुभांशु के सकुशल लौटने पर उनका परिवार बेहद खुश है। लखनऊ के सीएमएस स्कूल में माता-पिता ने बेटे की लाइव लैंडिंग देखी। यह क्षण परिवार के लिए भावुक और गर्व से भर देने वाला था। पिता शंभू दयाल मुस्कराते हुए तिरंगा लहराकर बेटे का हौसला बढ़ा रहे थे।

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य क्रू सदस्यों के मंगलवार को सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौटने पर मुरादाबाद के स्कूली में जश्न मनाते छात्र।

शुभांशु के 17 अगस्त तक भारत आने की संभावना

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के मिशन बाद की कई प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद 17 अगस्त तक भारत पहुंचने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कुछ मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन किया जाना है... उनका पुनर्वास, डीब्रीफिंग सत्र और इसरो की टीम के साथ कई चर्चाएं। हम 17 अगस्त तक उनके दिल्ली पहुंचने की उम्मीद कर सकते हैं। इस मिशन को "अभूतपूर्व" बताते हुए सिंह ने कहा कि कक्षीय प्रयोगशाला में अपने प्रवास के दौरान शुक्ला द्वारा किए गए प्रयोग मानव अस्तित्व और सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में जीवन से निकटता से जुड़े हैं। उन्होंने कहा, "ये प्रयोग न केवल भारतीयों के लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए उपयोगी होंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुभांशु के पिता से बात कर कहा- पूरे देश को है गर्व

लखनऊ। रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष में रिकॉर्ड बनाकर धरती पर वापसी पर खुशी और गर्व व्यक्त किया और लखनऊ में शुभांशु के पिता से फोन पर बात कर कहा कि पूरे देश को उनके पुत्र पर गर्व है। शुभांशु 18 दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर लौटे हैं। राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन से सफल वापसी हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने न केवल अंतरिक्ष को छुआ है, बल्कि भारत की आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक उनकी यात्रा और वापसी केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए एक गौरवपूर्ण कदम है। मैं उनके भविष्य के प्रयासों में उन्हें अपार सफलता की कामना करता हूं।



शुक्ला ने भारत का गौरव बढ़ाया, वैज्ञानिकों में फिर से विश्वास जगाया : अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा के बाद पृथ्वी पर सफलतापूर्वक लौटने पर मंगलवार को बधाई दी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि शुक्ला ने एक ऐसी विजय गाथा लिखी है, जिसने न केवल देश का गौरव बढ़ाया है, बल्कि भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों एवं वैज्ञानिकों में अपनी प्रतिभा और साहस को लेकर विश्वास भी जगाया है। शाह ने एक्स पर लिखा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा के बाद पृथ्वी पर उनकी सफल वापसी पर हार्दिक बधाई। भारत की महानता की खोज में उन्होंने विजय की एक ऐसी गाथा लिखी है, जिसने न केवल हमारा गौरव बढ़ाया है, बल्कि भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों और वैज्ञानिकों में अपनी प्रतिभा और साहस के प्रति विश्वास भी जगाया है। गृह मंत्री ने कहा कि इस यात्रा के दौरान अर्जित ज्ञान और अनुभव भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों में भारत के लिए महत्वपूर्ण होंगे।



श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी 09:02 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 16 जुलाई 2025
वर्ष 3, अंक 332, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर 12

आतंकवाद को बर्दाश्त न करने पर अडिग रहेगा भारत 14

शुभ आगमन

18 दिन आईएसएस पर रहने के बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौटे शुभांशु शुक्ला

बेटे की वापसी पर भावुक हो गए शुभांशु के माता-पिता।

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन के प्रवास के बाद मंगलवार को खुशी और मुस्कुराहट के साथ शुभांशु शुक्ला पृथ्वी पर लौट आए। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जो भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने का वादा करती है। लखनऊ में जन्मे शुक्ला और निजी 'एक्सिओम-4' मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री प्रशांत समयानुसार रात 2:31 बजे (भारतीय समयानुसार अपराह्न 3:01 बजे) कैलिफोर्निया के सैन डिएगो के निकट प्रशांत महासागर में उतरे। पूरे भारत में खुशी की लहर दौड़ गई।

भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत रूस मिशन के तहत अंतरिक्ष की यात्रा की थी। वह ऐसे पहले भारतीय भी बन गए हैं, जिन्होंने पृथ्वी की कक्षा में सबसे लंबे समय (20 दिन) तक रहकर अंतरिक्ष की यात्रा की। भारत, हंगरी और पोलैंड के लिए इस मिशन ने मानव अंतरिक्ष उड़ान की वापसी को साकार किया है, क्योंकि इन देशों के अंतरिक्ष यात्रियों ने 40 वर्षों से अधिक समय बाद पहली बार अंतरिक्ष की यात्रा की है। कक्षीय प्रयोगशाला में शुक्ला, कमांडर पैगी व्हिटसन तथा पोलैंड के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्सकी-विस्नीवस्की और हंगरी के टिबोर कापू सहित एक्सिओम-4 मिशन दल ने अगले 18 दिन 60 प्रयोगों और 20 संपर्क सत्रों में बिताए। ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने 28 हजार किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से यात्रा करते हुए एक्सिओम-4 चालक दल के सदस्यों को लेकर धीरे-धीरे गति कम करने और पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने के लिए कई प्रक्रियाएँ पूरी कीं तथा प्रशांत महासागर में उतरने से पहले तीव्र गर्मी का सामना किया। कुछ ही मिनटों बाद अंतरिक्ष यान को स्पेसएक्स के रिकवरी शिप शैनन के ऊपर ले जाया गया।

ड्रैगन अंतरिक्ष यान से मुस्कुराते हुए बाहर निकले

तीन सप्ताह तक भारहीनता की स्थिति में रहने के बाद धरती पर रखा कदम

आईएसएस पर तीन सप्ताह तक भारहीनता की स्थिति में रहने के बाद पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के साथ तालमेल बिठाने के लिए पैरों के सहारे चलवाने में शुक्ला की ग्राउंड स्टाफ ने मदद की। हेलीकॉप्टर के जरिए तट पर ले जाए जाने से पहले एक्सिओम-4 के चालक दल को जहाज पर ही कई चिकित्सीय जांचों से गुजरना पड़ा। चारों अंतरिक्ष यात्रियों के सात दिन पुनर्वास कार्यक्रम में रहने उम्मीद है।

माता-पिता की आंखों से खुशी के आंसू छलके

लखनऊ में शुक्ला के माता-पिता ने अपने बेटे के पृथ्वी पर लौटने पर राहत की सांस ली। शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला और मां आशा देवी की आंखों से खुशी के आंसू निकल आए। उनकी बहन शुचि मिश्रा ने भी नम आंखों और हाथ जोड़कर अपने भाई के पृथ्वी पर उतरने का स्वागत किया। शंभू दयाल शुक्ला ने कहा, वह अंतरिक्ष में गए और वापस आए तथा हम बहुत खुश हैं, क्योंकि इस मिशन का देश के गगनयान कार्यक्रम के लिए अपना महत्व है।

शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि ने करोड़ों सपनों को किया प्रेरित : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में शुक्ला ने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन - गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

शुभांशु साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का प्रतीक : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स के माध्यम से बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि को उत्तर प्रदेश और देश के लिए गौरव का क्षण बताया। योगी ने लिखा है कि वेलकम बैक टू अर्थ! ऐतिहासिक मिशन को सकुशल संपन्न कर सफल वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला व उनकी टीम को हार्दिक बधाई।

स्किल्ड युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत: योगी

विश्व युवा कौशल दिवस पर मुख्यमंत्री ने लखनऊ में कौशल मेले का किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: सीएम योगी ने एआई व डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि स्किल्ड युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत है। डबल इंजन सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।

वह मंगलवार को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय कौशल मेले और प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। योगी ने युवाओं को विश्व युवा कौशल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि उनकी प्रतिभा के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस वर्ष की थीम 'एआई और डिजिटल स्किल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण' प्रदेश के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है। सीएम ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति युवाओं को एक साथ डिग्री और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा देती है। पिछले आठ वर्षों में 2 करोड़ युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करने के लक्ष्य समेत टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 150 आईटीआई को न्यू-एज टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ने का जिक्र किया।

लखनऊ में आयोजित कौशल मेले में युवती को यूथ आईकॉन सम्मान देते योगी।

प्रदेश में खुल रहे निवेश और रोजगार के नए अवसर

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निवेश के क्षेत्र में हुई प्रगति का भी जिक्र किया। कहा कि 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। यह लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर रहे हैं। उन्होंने उद्योगों और शैक्षिक संस्थानों के बीच तालमेल को आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे उद्योगों की मांग के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए जा सकते हैं। 'सीएम युवा' योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि अब तक 50 हजार से अधिक युवा लाभान्वित हो चुके हैं।

डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार

योगी ने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) और मुख्यमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान जैसी योजनाओं के माध्यम से परंपरागत उद्यमों को पुनर्जीवित किया गया है। ओडीओपी के तहत डेढ़ करोड़ को रोजगार मिला जबकि विश्वकर्मा योजना के तहत एक लाख हस्तशिल्पियों टूलकिट दिए गए।

15 युवाओं को दिया यूथ आईकॉन सम्मान

सीएम ने 15 युवाओं को यूथ आईकॉन सम्मान और 11 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसके अलावा, प्रदेश के लिए पांच स्किल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों को 'इंडस्ट्री एम्बेसडर' सम्मान से भी सम्मानित किया।

पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

नई दिल्ली। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिश 31 जुलाई तक की जा सकती है। इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस पर की जाती है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिश राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन की जा सकती है।

पद्म पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं और इनकी शुरूआत वर्ष 1954 में की गयी थी। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं।

निलंबित आईएएस अभिषेक को रिश्वत कांड में चार्जशीट

- मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद 400 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे इन्वेस्ट यूपी के पूर्व सीईओ पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: इन्वेस्ट यूपी और डिफेंस कॉरिडोर घोटाले में आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को आखिरकार चार्जशीट थमा दी गई है। मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद 400 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे इन्वेस्ट यूपी के पूर्व सीईओ को यह कार्रवाई की गई है।

चार्जशीट में निलंबित आईएएस अधिकारी के खिलाफ इन्वेस्ट यूपी में निवेशकों से सौदे के नाम पर मोटी रिश्वत मांगने के आरोप हैं। साथ ही डिफेंस कॉरिडोर परियोजना में भूमि आवंटन एवं अनियमितता की जांच और प्रभावशाली पद पर रहते हुए आर्थिक अनुशासन के उल्लंघन के प्रकरण भी शामिल है। मालूम हो कि, लखनऊ के पूर्व डीएम और एलडीए के पूर्व वीसी अभिषेक प्रकाश को घूसखोरी कांड में निलंबित किया गया था। आरोप है कि उन्होंने उद्योग लगाने के बदले व्यापारी से पांच प्रतिशत कमीशन की मांग की थी।

दरअसल, जो चार्जशीट अभिषेक प्रकाश को थमाई गई है, उसमें मुख्यतः एक ही आरोप लगाया गया है। जिसमें सौर ऊर्जा के कलपुर्जे बनाने का संयंत्र लगाने वाली कंपनी एसएईएल सोलर पी-6 प्राइवेट लिमिटेड की उस फाइल का जिक्र है, जिसमें पांच प्रतिशत कमीशन (400 करोड़) के चक्कर में लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) कम्पनी को नहीं जारी किया गया था।

राहुल ने किया आत्मसमर्पण, मिली जमानत

- सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी का मामला
- मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को

विधि संवाददाता, लखनऊ

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के लिए कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अदालत में आत्मसमर्पण किया। उनके अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने अदालत से जमानत पर रिहा करने की मांग की।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने यह अर्जी मंजूर करते हुए, अभियुक्त राहुल गांधी को 20 हजार रुपये की दो जमानत व इतनी ही धनराशि का निजी मुचलका दाखिल करने पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ इस मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त के लिए नियत कर दी। राहुल के साथ यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, सीबीए के पूर्व महामंत्री संजीव पांडेय, पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह व कांग्रेस के अन्य नेता भी मौजूद थे। गौर है कि अदालत के समक्ष सीमा सड़क संगठन के सेवानिवृत्त निदेशक (भारतीय सेना में कर्नल के पद के समकक्ष) उदय शंकर श्रीवास्तव की ओर से एक परिवाद दाखिल कर कहा गया है कि 16 दिसंबर 2022 को राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मीडिया कर्मियों और जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा था कि चीनी सैनिकों द्वारा हमारे सैनिकों की पिटाई के बारे में एक बार भी सवाल नहीं पूछा जा रहा है'। राहुल गांधी द्वारा भारतीय सैनिकों की चीनी सैनिकों द्वारा पिटाई के झूठे बयान से परिवादी को आघात लगा।

दिव्यांगजनों को राशन दुकानों के आवंटन में मिलेगा 4% आरक्षण

- राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव को दी गई मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में सरकारी राशन दुकानों के आवंटन में दिव्यांगजनों को तीन से बजाय चार प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को योजना भवन में दिव्यांगजनों के लिए गठित राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

साथ ही सभी विभागों में दिव्यांगजनों के खाली पद भरे जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। शिक्षण संस्थानों में छात्रों के प्रवेश में आरक्षण को चार प्रतिशत से बढ़ाकर पांच प्रतिशत किये जाने को भी मंजूरी दी गई। बैठक के बाद राज्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए लागू की गई योजनाओं के धरातल तक क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि नगर निकायों के जरिये दिव्यांगजनों को दी जाने वाली दुकानों व गुमटी क्योस्क के आवंटन में आरक्षण को प्राथमिकता से लागू करने का निर्देश दिया गया।

भारतीय नर्स की मौत की सजा टली

- यमन में निमिषा प्रिया के मामले में हरसंभव सहायता प्रदान कर रही सरकार

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

यमन के अधिकारियों द्वारा भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा स्थगित करने से उसके परिवार और दक्षिणी राज्य केरल के राजनीतिक नेतृत्व सहित अन्य लोगों को राहत मिली है। अब प्रिया के बचने की उम्मीद बढ़ गई है।

सूत्रों ने बताया कि भारत सरकार ने हाल के दिनों में प्रिया के परिवार को दूसरे पक्ष के साथ पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने के वास्ते अधिक समय देने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। भारतीय नर्स को बुधवार को मौत की सजा दी जानी थी। प्रिया के पति टॉमी थॉमस ने सरकार और अन्य संगठनों के सामूहिक प्रयास पर संतोष व्यक्त किया है। टॉमी थॉमस ने बताया, फांसी टाल दी गई है। यह अच्छी खबर है। हम खुश और राहत महसूस कर रहे हैं।

मुझे यकीन है कि उसकी फांसी रुकवाने और उसे सुरक्षित वापस लाने के प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने इस मुहिम में समर्थन के लिए सभी लोगों का धन्यवाद किया। थॉमस ने बताया कि उनकी एक बेटी है जो बारहवीं कक्षा में पढ़ती है और उसे इन सब चीजों से दूर रखा गया है। केरल के पलक्कड़ जिले के कोल्लेंगोडे की रहने वाली प्रिया को जुलाई 2017 में यमन के एक नागरिक की हत्या का दोषी पाया गया था।

वर्ष 2020 में, यमन की अदालत ने प्रिया को मौत की सजा सुनाई और देश की सर्वोच्च न्यायिक परिषद ने नवंबर 2023 में उनकी अपील खारिज कर दी। प्रिया (38) वर्तमान में यमन की राजधानी सना की एक जेल में बंद है, जो ईरान समर्थित हूतियों के नियंत्रण में है।

सूत्रों ने बताया कि भारत सरकार शुरू से ही इस मामले में हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है।

19 से 9 अगस्त तक 10 दिन बंद रहेगा लखनऊ-गोरखपुर हाईवे

- नहीं चल सकेंगे भारी वाहन, लागू होगा रूट डायवर्जन

संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार: श्रावण माह में 19 जुलाई से नौ अगस्त के बीच 10 दिन लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर हाईवे भारी वाहनों के लिए बंद रहेगा। पुलिस ने डायवर्जन लागू किया है।

दूसरे सोमवार व श्रावण त्रयोदशी को लेकर 19 से 24 जुलाई तक 120 घंटे लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मालवाहक भारी वाहन, ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर आदि नहीं चल सकेंगे। वहीं, इस वर्ष नई व्यवस्था लागू करते हुए मणिपर्वत मेला, श्रावण माह के तृतीय सोमवार व नाग पंचमी पर्व पर 26 जुलाई की प्रातः आठ से 29 जुलाई की रात 11 बजे तक, श्रावण माह के चतुर्थ व अंतिम सोमवार पर तीन अगस्त की सुबह आठ बजे से चार अगस्त की रात 11 बजे तक व श्रावण पूर्णिमा व रक्षाबंधन पर्व पर आठ अगस्त की प्रातः आठ बजे से नौ अगस्त की रात 11 बजे तक हाईवे को बंद किया गया है। एसपी यातायात एपी सिंह ने बताया कि पड़ोसी जनपद बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, अमेठी, सुलतानपुर, अंबेडकरनगर से भारी वाहनों का डायवर्जन कर उन्हें अन्य मार्ग से उनके गंतव्य को भेजा जाएगा।

निवेशकों की भागीदारी से डीमैट खातों की संख्या 19.4 करोड़ बढ़ी

मुंबई। भारतीय बाजार में खुदरा निवेशकों की उल्लेखनीय भागीदारी देखी जा रही है और डीमैट खातों की संख्या 2019 के 3.6 करोड़ से बढ़कर 2025 में 19.4 करोड़ हो गई। सूचीबद्ध कंपनियों में घरेलू संस्थागत निवेशकों का स्वामित्व 13 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो गया जबकि विदेशी स्वामित्व 22 प्रतिशत से घटकर 17 प्रतिशत रह गया है। आईवीसीए नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2025 द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सेबी की कार्यकारी निदेशक रुचि चोजर ने कहा कि विश्वास निवेश की आधारशिला है और भारत ने वह विश्वास हासिल कर लिया है।

छात्रों के लिए दिल्ली दुनिया का सबसे किफायती शहर

क्यूएस रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष 130 शहरों में चार भारतीय शहर

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई छात्रों के लिए दुनिया के शीर्ष 130 शहरों में शामिल हैं, वहीं राष्ट्रीय राजधानी को छात्रों के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे किफायती शहर का दर्जा दिया गया है। मंगलवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग से यह जानकारी मिली।

छात्रों के लिहाज से बेहतरीन शहरों की रैंकिंग में शामिल सभी चार भारतीय महानगरों दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई ने अपनी स्थिति में सुधार किया है, जो भारत में उच्च शिक्षा के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। लंदन स्थित क्यूएस द्वारा घोषित 2026 क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग के अनुसार, मुंबई ने वैश्विक शीर्ष 100 शहरों में फिर से प्रवेश किया है और 15 स्थान ऊपर चढ़कर 98वें स्थान पर पहुंच गया है। दिल्ली सात स्थान चढ़कर 104वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि भारतीय शहरों में बेंगलुरु सबसे ज्यादा सुधार करते हुए 22 स्थान ऊपर चढ़कर 108वें स्थान पर पहुंच गया है। चेन्नई भी उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ा है और 12 स्थान ऊपर चढ़कर 128वें स्थान पर पहुंच गया है। मुंबई और बेंगलुरु ने भी किफायती के पैमाने पर अच्छा प्रदर्शन किया है और शीर्ष 15 शहरों में शामिल हैं। नियोक्ता गतिविधि श्रेणी में, दिल्ली और मुंबई दोनों ही वैश्विक स्तर पर शीर्ष 50 में शामिल हो गए हैं, जो स्नातकों के लिए रोजगार की मजबूत संभावनाओं को दर्शाता है।

भारत की बढ़ती उपस्थिति एक सांख्यिकीय उछाल से कहीं अधिक : जेसिका टर्नर

क्यूएस की सीईओ जेसिका टर्नर ने कहा, 2026 क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग में भारत की बढ़ती उपस्थिति एक सांख्यिकीय उछाल से कहीं अधिक है। यह देश के उच्च शिक्षा परिदृश्य में एक ढांचागत बदलाव को दर्शाती है। जैसे-जैसे हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पांचवीं वर्षगांठ के करीब पहुंच रहे हैं, वैश्विक जुड़ाव, गुणवत्ता वृद्धि और छात्र-केंद्रित शिक्षा पर इसका ध्यान अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लाभदायक दिखने लगा है।

शीर्ष पर काबिज लंदन तीसरे स्थान पर खिसका

छह वर्षों तक शीर्ष स्थान पर रहा लंदन तीसरे स्थान पर खिसक गया, जिसका मुख्य कारण किफायती सूचकांक में उल्लेखनीय गिरावट थी, जहां यह 11 स्थान नीचे गिरकर विश्व स्तर पर 137वें स्थान पर आ गया। क्यूएस कम से कम 2,50,000 की आबादी वाले शहरों और कम से कम दो विश्वविद्यालयों को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में स्थान दिलाने वाले शहरों को रैंकिंग प्रदान करता है।

एक नजर

10 सितंबर तक के लिए निषेधाज्ञा लागू

अयोध्या। जिला मजिस्ट्रेट निखिल टीकाराम फुंडे ने जिले में 10 सितंबर तक के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी है। निषेधाज्ञा आगामी दिनों में रक्षाबन्धन, चेहल्लुम, स्वतन्त्रता दिवस, जन्माष्टमी, श्रीगणेश चतुर्थी, अनंत चर्तुदशी, श्रावण मास में कांवड़ियों से जलाभिषेक और प्रान्तीयकृत श्रावण झूला मेला/ श्रावण पूर्णिमा आदि के मद्देनजर लागू किया गया है।

रेलवे ट्रैक के बीच मिला वृद्ध महिला का शव

बड़ागांव, अमृत विचार : लखनऊ-अयोध्या रेल खंड के बड़ागांव-गौरियामऊ रेलवे स्टेशन के बीच मंगलवार सुबह गौहन्ना गांव के पास एक वृद्ध महिला का शव अप व डाउन ट्रैकों के बीच में पड़ा देखा गया। उसकी उम्र लगभग 65 साल आंकी गई है। यहां एकत्र लोगों से महिला की पहचान न होने पर सूचना ग्रामीणों ने सिविल पुलिस रुदौली को दी। हलका इंचार्ज राम बनारस ने बताया महिला के सिर में गंभीर चोट लगी है। शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता चलेगा।

त्रयोदशी पर 120 घंटे बंद रहेगा लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर हाईवे

श्रावण माह के दूसरे सोमवार व शिवरात्रि पर्व को लेकर 19 से 24 जुलाई प्रातः 8 बजे तक बंद रहेगा यातायात

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्रावण माह में कांवड़ियों की भीड़ व सावन झूला मेले को लेकर यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन लागू किया है। इस बार नई व्यवस्था के तहत 19 जुलाई से नौ अगस्त तक कुल 10 दिन लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर मार्ग भारी वाहनों के लिए बंद रहेगा। यह डायवर्जन पड़ोसी जनपद बाराबंकी, अमेठी, सुलतानपुर, अंबेडकरनगर, बस्ती व गोरखपुर जनपदों द्वारा लागू किया जाएगा।

यातायात पुलिस द्वारा जारी डायवर्जन के अनुसार दूसरे सोमवार व श्रावण त्रयोदशी को लेकर 19 से 24 जुलाई तक 120 घंटे लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मालवाहक भारी वाहन, ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर आदि नहीं चल सकेंगे। जबकि इस बार श्रावण माह के तृतीय सोमवार व नाग पंचमी पर्व पर 26 जुलाई की प्रातः आठ बजे से 29 जुलाई की रात 11 बजे तक, श्रावण माह के चतुर्थ व अंतिम सोमवार पर तीन अगस्त की सुबह आठ बजे से चार अगस्त की रात 11 बजे तक व श्रावण पूर्णिमा व रक्षाबंधन पर्व पर आठ अगस्त की प्रातः आठ बजे से से नौ अगस्त की रात 11 बजे तक हाईवे को बंद किया गया है। इस अवधि में मालवाहक भारी वाहन, ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर आदि का आवागमन इस मार्ग पर नहीं हो सकेगा। उन्हें अन्य मार्ग से उनके गंतव्य तक भेजा जाएगा। एसपी यातायात एपी सिंह ने बताया कि यह डायवर्जन सिर्फ भारी वाहनों के लिए लागू रहेगा। कांवड़ियों के साथ-साथ छोटे वाहनों व आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

इस तरह रहेगा डायवर्जन

- सुल्तानुपर से आने वाले वाहनों को कूड़ेभार से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्ट किया जाएगा।
- रायबरेली से आने वाले वाहनों को हलियापुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्ट किया जाएगा।
- आजमगढ़, अंबेडकरनगर से आने वाले वाहनों को गोहन्ना मोड़ अम्बेडकरनगर से दोस्तपुर होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्ट किया जाएगा।
- बाराबंकी की ओर से आने वाले वाहनों को भिटरिया रामसनेही घाट से हैदरगढ़ से पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे से गंतव्य के लिए भेजा जाएगा।
- जनपद बस्ती की ओर से आने वाले वाहनों को लोलपुर से नवाबगंज गोंडा की ओर डायवर्ट किया जाएगा।
- जनपद गोंडा की ओर से नवाबगंज से आने वाले वाहनों को लकड़मंडी से लोलपुर से बस्ती की ओर डायवर्ट किया जाएगा।
- जनपद गोरखपुर से वाहनों का डायवर्जन-गोरखपुर से लिंक एक्सप्रेस-वे होकर पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्जन किया जाएगा।
- जनपद गोरखपुर-संतकबीरनगर-बस्ती से आने वाले वाहनों को कलवारी से टाण्डा से अकबरपुर से दोस्तपुर से पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्जन किया जायेगा।
- गोरखपुर, संत कबीरनगर, बांसी, मेहदावल, डुमरियागंज, उतरौला, बलरामपुर, गोंडा से आने वाले वाहन जरवल रोड तिराहा से वापस आकर बहराइच की ओर जाकर टिकोरा मोड़ से चहलरी घाट रोड होते हुए सिधौली सीतापुर-लखनऊ मार्ग की ओर डायवर्जन किया जाएगा।
- जनपद बलरामपुर, बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती से अयोध्या होकर लखनऊ जाने वाले वाहनों को टिकोरा मोड़ से चहलरी घाट रोड होते हुए सिधौली सीतापुर-लखनऊ मार्ग पर डायवर्जन किया जाएगा।
- जनपद कानपुर की ओर से आने वाले वाहनों को कानपुर, उन्नाव, मौरावां, मोहनलालगंज, गोसाईगंज, चांद सराय से पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर की ओर डायवर्जन किया जायेगा।
- जनपद लखनऊ में आगरा एक्सप्रेस-वे से आने वाले वाहनों को मोहान, जुनाबगंज, से मोहनलालगंज से गोसाईगंज से पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर की ओर डायवर्जन किया जायेगा।
- जनपद सीतापुर, शाहजहांपुर से आने वाले वाहनों को आईआईएम रोड दुबग्गा से आलमबाग, नहरिया से शहीदपथ होते हुए अहीमामऊ से होते हुए पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्जन किया जायेगा।

मध्य प्रदेश से अयोध्या पहुंचा कांवड़ियों का जत्था। अमृत विचार

बोल बम के जयकारे से गूंज रही रामनगरी

कार्यालय अयोध्या। बोल बम की गूंज से रामनगरी शिव भक्तों से गुलजार हो गई है। हजारों की संख्या कांवड़ यात्रियों का जत्था यहां पहुंचने लगा है। 20 व 21 जुलाई को त्रयोदशी पर्व पर लाखों की संख्या में कांवड़ियों के पहुंचने की उम्मीद है। सावन कृष्ण पक्ष 23 जुलाई को पड़ रहे त्रयोदशी महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व बस्ती व आसपास के इलाके के लाखों की संख्या में कांवड़िये अयोध्या पहुंचेंगे। यह सभी सरयू में स्नान के उपरांत नागेश्वरनाथ मंदिर पर जलाभिषेक करने के बाद सरयू जल लेकर बस्ती के प्रसिद्ध भदेश्वरनाथ मंदिर पर जलाभिषेक करने के लिए निकलेंगे। इसके अलावा सुलतानपुर, गोंडा, बहराइच, अंबेडकरनगर के भी कांवड़िये जल लेकर अपने अपने क्षेत्र में स्थित शिवालयों पर भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। यहां मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड के भी कांवड़िए शामिल हैं। मंगलवार को मध्य प्रदेश के मऊगंज से आया कांवड़ियों का जत्था सरयू नदी में स्नान करने के बाद रामलला का दर्शन पूजन कर बाबा धाम के लिए सरयू का जल लेकर रवाना हुआ। इसमें शामिल श्रीनिवास गुप्ता ने कहा कि इस यात्रा में हम सभी लगभग 25 से लोग शामिल हैं। अपने जिले से निकलने के बाद सबसे पहले प्रयागराज गंगा स्नान करने के बाद आज सरयू स्नान करने के लिए पहुंचे हैं। नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक कर हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में भी दर्शन किया है। बताया कि बाबा धाम पहुंचने से पहले काशी विश्वनाथ में भी जलाभिषेक करेंगे। राजकुमार ने कहा कि हम लोगों की लगभग 15 दिनों की यात्रा है, जो बाबा धाम में जलाभिषेक करने के बाद नेपाल तक जाएंगे, वहां भी सभी प्रमुख शिव मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे।

भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने में आखिरी कील होगा पीडीए महासम्मेलनः अवधेश

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : मिल्कीपुर विधानसभा के रायपट्टी गहनाग देव बाबा स्थान पर समाजवादी पार्टी ने 26 जुलाई को रामनगरी में प्रस्तावित पीडीए महासम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक व पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि संविधान मान स्तंभ दिवस व आरक्षण दिवस 26 जुलाई को एक लॉन में आयोजित पीडीए महासम्मेलन में पहुंचकर इस बात का एहसास दिलाए की पीडीए के लोग अपने अधिकार और हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। कहा कि पीडीए महासम्मेलन भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने में आखिरी कील साबित होगा। कार्यक्रम को मिल्कीपुर विधानसभा प्रभारी रामजी पाल ने भी संबोधित किया। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडे ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पृथ्वीराज यादव व संचालन यदुनाथ यादव ने किया। कार्यक्रम को डॉ वेद प्रकाश यादव, सोहनलाल ने संबोधित किया।

यह कैसी नोटिस, नाम न तारीख

84 कोसी परिक्रमा मार्ग व तमसा तट पर मीट की दुकान का मामला

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचारः यह कैसी नोटिस है। इसमें न नाम है और न ही तारीख। फिर कार्रवाई किस पर होगी। यह नोटिस अहम जरूर है। गोसाईगंज में तमसा के तट पर मीट की दुकान लगाई जाती है और उसका अवशेष नदी में प्रवाहित होने की सूचना है।

मामला नगर पंचायत गोसाईगंज का है। बता दें कि चौरासी कोसी परिक्रमा के दौरान गोसाईगंज में तमसा तट पर पहुंचे संतों ने रास्ते और तमसा के तट पर मीट की दुकानों को लेकर खासी आपत्ति दर्ज कराई थी। स्नान ध्यान के दौरान इससे उनको दिक्कत महसूस हुई। आपत्ति को लेकर नगर पंचायत ने कार्रवाई शुरू की। यह नोटिस इसी से जुड़ी है। इसे नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी की ओर से जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि बगैर अनुमित के मीट की दुकान लगाई जाती है। यह चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग के परिधि पर है। बचे हुए अवशेष को तमसा नदी में प्रवाहित किए जाने की बात कही गई है। नगर पालिका अधिनियम की धारा के तहत तीन दिन में इसे हटाने का निर्देश दिया गया। अन्यथा की स्थिति में जुर्माना सहित दंडात्मक कार्रवाई की बात कही गई है। इस पर अधिशाषी अधिकारी के हस्ताक्षर हैं, लेकिन तो दुकानदार का नाम लिखा गया और न ही तारीख डाली गई। यह नगर पंचायत की कार्यप्रणाली को उजागर करता है। कार्रवाई की खानापूर्ति कर दी लेकिन कार्रवाई होगी नहीं।

नोटिस पर नाम व तारीख नहीं है।

त्रिस्तरीय पंचायत की मतदाता सूची का पुनरीक्षण

अयोध्या, अमृत विचारः त्रिस्तरीय पंचायत की मतदाता सूची के प्रगाढ़ पुनरीक्षण की अधिसूचना जारी कर दी गई। जिले में इसको लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई। जिला मजिस्ट्रेट निखिल टी. फुंडे ने पुनरीक्षण के लिए निर्वाचक, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ अन्य अफसरों की तैनाती कर दी है। जिले का निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह को बनाया गया है। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संबंधित तहसीलों के एसडीएम को बनाया गया है। अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संबंधित तहसील के तहसीलदारों को बनाया गया है। सहायक समन्वयक अधिकारी तहसील में पड़ने वाले ब्लॉक के खंड विकास अधिकारियों को बनाया गया है। साथ ही सहायक विकास अधिकारी पंचायत को सहायक समन्वयक अधिकारी बनाया गया है। इसका आदेश जारी कर दिया गया।

लचर विवेचना से पॉक्सो के दो आरोपी दोष मुक्त

विवेचक ने कोर्ट में नहीं पेश किया वायरल वीडियो

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : किशोरी से अश्लील हरकत करने के एक मामले में विवेचक वायरल वीडियो कोर्ट के सामने पेश नहीं कर सके। पूरी विवेचना में पुलिस ने वह मोबाइल फोन या कैमरा बरामद करने का प्रयास ही नहीं किया, जिससे कथित रूप से फोटो खींचा जाना बताया गया था। इसी लचर विवेचना के चलते कोर्ट ने किशोरी से अश्लील हरकत करने व पॉक्सो एक्ट के दो आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया।

फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत से मंगलवार को हुआ। अधिवक्ता सईद खान ने बताया कि घटना पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव में 31 सितंबर 2021 को हुई थी। इसकी रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने यह कहते हुए लिखाई थी कि उसकी पुत्री घर पर नहा रही थी। उसी समय उसका वीडियो गांव के ही अनुज ने बना लिया और इसके जरिए आए दिन उनकी लड़की को ब्लैकमेल करते रहे। इसमें गांव का सोनू भी शामिल था। उसने भी पुत्री का वीडियो बनाया था। दोनों उसे धमकाते थे। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विवेचना में पुलिस ने वह खेल किया जिससे आरोपियों के छूटने का रास्ता आसान हो गया। आरोपियों के ऊपर दर्ज कराई गई सभी धाराओं में सजा सात साल से कम । इसके बाद भी उनकी गिरफ्तारी कर ली गई। विवेचक न्यायालय में अपने साक्ष्य के दौरान बचाव पक्ष की ओर से पूछे गए कई प्रश्नों का उत्तर ही नहीं दे सका। विवेचक विनय कुमार की विवेचना में इन्हीं खामियों के चलते अभियोजन पक्ष अदालत में केस साबित नहीं कर सका और कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया।

सार-संक्षेप

स्कूलों के विलय के विरोध में रुदौली विधायक रामचंद्र यादव को ज्ञापन देते प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय वरिष्ठ मंत्री विश्वनाथ सिंह व जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह।

शिक्षक संघ ने रुदौली विधायक व एमएलसी को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद अयोध्या ने गांव-देहात के परिषदीय विद्यालयों की बिगड़ती स्थिति और शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 की अवहेलना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह के नेतृत्व में और जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह की अध्यक्षता में शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय और रुदौली विधायक रामचंद्र यादव से मिला और कम छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों के पेयरिंग/मर्जर किए जाने के निर्णय को रद्द कराने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। मिल्कीपुर ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्र शेखर सिंह, मंत्री राजेश कुमार, मसौधा ब्लॉक अध्यक्ष अमिताभ सिंह, अरविंद तिवारी, सुजीत सिंह, विक्रम सूर्यवंशी, मंजेश मौर्य, अजय सिंह समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।

बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, एक घायल

अयोध्या, अमृत विचार : कैंट थाना के क्षेत्र के जमथरा बंधा के पास दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में एक बाइक सवार पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अरुवावा गांव के मजरे निहाल का पुरवा निवासी पंकज वर्मा (22) की मौत ही गई। वहीं, बाइक पर सवार उनके रिश्तेदार हैदरगंज क्षेत्र के रमऊ कला निवासी जयचंद्र वर्मा (27) घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि दोनों युवक रामलला का दर्शन करने आए थे। वहां से लौटते समय हादसा हुआ है।

संविधान खत्म करना चाहती है भाजपा : श्याम कृष्ण श्रीवास्तव

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की ओर से जारी पीडीए पंचायत मंगलवार को महानगर के दर्शननगर वार्ड में हुई। यहां महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि भाजपा संविधान समाप्त करना चाहती है। यह पंचायत सिकंदर चौधरी, राजबली यादव, रत्नेश जायसवाल, जोन प्रभारी महानगर उपाध्यक्ष सूरज वर्मा के संयोजन में हुई। संचालन महानगर सचिव जगन्नाथ यादव ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार नौजवानों किसानों और व्यापारियों के लिए कोई काम नहीं कर रही हैं। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि उपाध्यक्ष श्री चंद यादव, प्रदेश सचिव राम अचल यादव, जिला उपाध्यक्ष आरौनी पासवान, महिला सभा जिला अध्यक्ष सरोज, महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

पेंशनरों ने दिया धरना, भेजा ज्ञापन

अयोध्या। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनरर्स एसोसिएशन के बैनर तले मंगलवार को पेंशनरों ने शहीद उद्यान में धरना दिया। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा। धरने को संबोधित करते हुए नेताओं ने पेंशनरी नियमों में किए गए बदलाव को तत्काल निरस्त करने, पेंशनरों की पेंशन के पुनरीक्षण की तिथि एवं सिद्धान्त में समानता, महंगाई राहत को महंगाई भत्ते से डी-लिंक न किया जाए, परिभाषित लाभ योजना ओपीएस प्रदान किए जाने सहित अन्य मांगें उठाई। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

मंडल के बंद उद्योगों को चलाने की मांग

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : संगठन की मजबूती और किसान समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत मंडलीय पंचायत आयोजित की गई। आयोजन प्रेस क्लब में किया गया। टिकरा के किसानों के खाद बीज न मिलने, बुढ़वल चीनी मिल बाराबंकी और मालविका स्टील फैक्ट्री जैसे प्रतिष्ठानों को चालू कराने की मांग उठाई। पंचायत में संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गई। बाराबंकी जिले के बनीकोडर के किसानों को खाद व बीज न मिलने की समस्या उठी। मवई समिति से बाराबंकी के किसानों को खाद बीज व ऋण देने से इंकार किया जा रहा है। मंडल के जिलों से जुड़ी समस्याओं को लेकर नौ सदस्यसीय प्रतिनिधि मंडल ने कमिश्नर गौरव दयाल से मुलाकात की। समस्याओं का ज्ञापन सौंप निदान की मांग की। पंचायत की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल वर्मा, संचालन प्रदेश सचिव श्रीराम वर्मा ने किया।

जिलाधिकारी से की भूमि पर कब्जे की शिकायत

शुजागंज, अमृत विचार : रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ऐथर गांव में उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पीड़ित सुरजीत कुमार यादव का आरोप है कि गांव का एक व्यक्ति उनकी आवासीय भूमि पर कब्जा कर रहा है। इसकी शिकायत जनप्रतिनिधि, मुख्यमंत्री से एसएसपी व डीएम से की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। रुदौली क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने बताया कि मामला संज्ञान में अभी नहीं आया है। आता है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

श्रेया बनीं एसडीएम बीकापुर, कई अन्य की तैनाती

अयोध्या, अमृत विचार : जिला मजिस्ट्रेट डीएम निखिल टी. फुंडे ने एसडीएम बीकापुर को मुख्यालय से संबद्ध कर दिया। उनके स्थान पर श्रेया को एसडीएम बीकापुर बनाया गया है। इसके साथ कई अन्य फेरबदल किए गए हैं। डिप्टी कलेक्टर संतोष कुमार को एसडीएम न्यायिक सोहावल, गजेंद्र सिंह को एसडीएम न्यायिक बीकापुर, प्रवीण कुमार को एसडीएम न्यायिक मिल्कीपुर बनाया गया है।

अस्पतालों में आज से तैनात हो सकते हैं पूर्व सैनिक

अयोध्या। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में बुधवार से पूर्व सैनिक अपनी सेवाएं देना शुरू कर सकते हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल में पूर्व सैनिकों ने अपनी आख्या प्रस्तुत की। मैनेजर राजेंद्र तिवारी ने बताया कि जिला अस्पताल में 21 पूर्व सैनिकों के सापेक्ष अभी 19 की तैनाती होगी। उन्होंने बताया कि निजी गार्डों के मामले में सीएमओ की ओर से पत्र जारी हुआ था कि 15 को उनकी सेवाएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी।

आज से शुरू होगा कल्याण मंडपम का निर्माण कार्य

कुमारगंज,अयोध्या, अमृत विचार : नगर पंचायत कुमारगंज के पिठला गांव में वैश्विक नगर उदय योजना के तहत आधुनिक कल्याण मंडपम का निर्माण कार्य बुधवार से शुरू होगा। परियोजना की लागत एक करोड़ 39 लाख रुपये है। इसे एक वर्ष में पूरा कराने का लक्ष्य है। मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह छोटू और इंजीनियर भानु प्रताप ने निर्माण स्थल का दौरा किया। तैयारियों का जायजा लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि कल्याण मंडपम का निर्माण अयोध्या-रायबरेली हाईवे के ठीक बगल में पिठला गांव में किया जा रहा है, जिससे इसकी पहुंच आसान होगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे।

84 कोसी व रिंग रोड की भूमि को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचारः जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने जुलाई के अंत तक 84 कोसी मार्ग में आने वाली जमीनों के 80 फीसदी भुगतान के लिए संबंधित उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देश दिया। तहसीलदार बीकापुर से कहा कि सभी लेखपालों के साथ बैठक करके 84 कोसी मार्ग में जो भी लंबित कार्य है उसको शीघ्र पूरा कराएं। साथ ही नेशनल हाईवे के संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निशानदेही कर कार्य शुरू कराने के लिए कहा। कार्य की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। रिंग रोड की समीक्षा में सम्बंधित उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि रिंग रोड की अतिरिक्त भूमि के लिए सात ग्रामों की आने वाली भूमि का सम्पत्ति मूल्यांकन शीघ्र कराया जाय। बैठक के में पर जिलाधिकारी ने बताया कि रिंग रोड के अन्तर्गत कुल 17 अतिरिक्त ग्रामों की भूमि का सम्पत्ति मूल्यांकन कराया जाना था, जिनमें से अभी तक 10 गांव का सम्पत्ति मूल्यांकन हो चुका है।

कोरोना के साथ जिले में डेंगू की भी एंट्री

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जिले में कोरोना के बाद डेंगू की भी एंट्री हो गई है। मंगलवार को कोरोना का एक और मरीज मिला है। उसे होम क्वारंटाइन कराया गया है। अब तक का यह सातवां मरीज हैं। वहीं बारिश होते ही डेंगू ने भी अपने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। चार मामले सामने आए हैं। चारों इलाज के बाद से अपने घर पर ही हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सतर्कता बढ़ा दी गई है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. वीपी त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को कोरोना के 145 एंटीजन टेस्ट हुए। इसमें नाका पहाड़गंज निवासी एक व्यक्ति कोरोना पॉजीटिव मिला है। उन्होंने बताया कि जांचें अभी जारी रहेंगी। वहीं डेंगू के चार मामलों में तीन रूरल व एक अर्बन का मरीज शामिल है। रूरल में दो सोहावल, एक मिल्कीपुर व अर्बन में साहबगंज में डेंगू का एक मरीज मिला है। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए, मच्छरों को पनपने से रोकना और उनके काटने से बचना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील है। जिला एपिडेमालॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव के नेतृत्व में पॉजीटिव मिले मरीजों का हाल जाना जा रहा है।

एसडीओ को ज्ञापन सौंपते हुए व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

आर्म्ड केबल न लगाने पर व्यापार मंडल ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

सोहावल, अमृत विचार : नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज में स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान आर्म्ड केबल न जोड़े जाने और कुछ लोगों को रसीद न उपलब्ध कराने को लेकर व्यापारियों में गुस्सा है। इसे लेकर मंगलवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नेतृत्व में सभासद प्रतिनिधि वीरभद्र गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कसौधन समाज ने अपने कई व्यापार मंडल पदाधिकारियों के साथ एसडीओ सोहावल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर की स्थापना के साथ सुरक्षा के दृष्टिगत आर्म्ड केबल अनिवार्य रूप से जोड़ने की बात कही। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि इस मांग की अनदेखी की गई तो व्यापारी वर्ग आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इसके पहले अर्थर गांव में भी ठेकेदारों ने घर में पहले से लगी पुरानी केबल में ही स्मार्ट मीटर लगाकर लाइन चालू कर दिया। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया था। ज्ञापन देने वालों में दिनेशचंद्र गुप्ता, मो .अकरम, अविनाशचंद्र श्रीवास्तव, प्रेम, सुनील गुप्ता, संतोष भोजवाल, गोपाल आदि थे।

मंदिर के पास मिला मजदूर का शव

अयोध्या, अमृत विचार : मंगलवार को नगर कोतवाली के देवकाली क्षेत्र में संदिग्ध हालात में एक मजदूर का शव देवकली मंदिर के पास से बरामद हुआ। मृतक की पहचान बिहार के मोतिहारी मनोहर चपराह निवासी मोतीलाल यादव (35) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह देवकाली स्थित एक खाली प्लॉट में रहकर मेहनत-मजदूरी करता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

युवती का वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार : नगर कोतवाली अंतर्गत नाका क्षेत्र में स्थित एक होटल में युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। यही नहीं आरोपी ने आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल भी कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर कोतवाल अश्वनी पांडे ने बताया कि 12 जुलाई को युवती ने शहर के ही नाका मुरावन टोला निवासी मो. राशिद के खिलाफ केस दर्ज कराया था। आरोप था कि युवक ने युवती से दुष्कर्म के बाद उसका अश्लील वीडियो बनाकर अपनी इंस्टाग्राम आईडी से वायरल कर दिया। विरोध करने पर उसे मारपीट कर उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। शिकायत करने पर घर में घुसकर उसे जान से मारने की धमकी दी।

थाना, चौकियों की जमीन को लेकर डीएम ने की बैठक

अयोध्या कार्यालय। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने पुलिस विभाग को थाना/चौकी के लिए भूमि दिए जाने को लेकर बैठक की। एटीएस फील्ड यूनिट की स्थापना के लिए उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए गए कि यथाशीघ्र मानक के अनुरूप भूमि उपलब्ध कराएं। पुलिस चौकी देवकाली को उच्चीकृत कर नवीन थाना देवकाली के निर्माण के लिए उपजिलाधिकारी सदर को जमीन उपलब्ध कराने के लिए कहा। नवीन थाना सहादतगंज व थाना महराजगंज क्षेत्र के तहत ग्राम/ कस्बा अरवत बाजार में पुलिस चौकी की स्थापना के लिए उपजिलाधिकारी सदर को शीघ्र भूमि उपलब्ध कराने को कहा। इसी प्रकार जिले के सभी तहसीलों में पुलिस विभाग से मांगी जा रही भूमि के संबंध में सम्बंधित उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि भूमि मानक के अनुरूप यथाशीघ्र उपलब्ध कराएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी एलए, उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी भवन सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

पावर कॉर्पोरेशन — लाइन लॉस और ट्रांसफार्मरों की खराबी से अब तक विभाग को 10 करोड़ से अधिक की चपत

61 दिन में 15 से बढ़कर 65 प्रतिशत पहुंचा लाइन लॉस

सर्वाधिक प्रभावित उपकेंद्रों में चौक, कैंट अंजनीपुरम, नियांवा और अमानीगंज विद्युत उप केन्द्र शामिल, सभी अवर अभियंता को नोटिस

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जून में बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में लाइन लॉस में भारी वृद्धि दर्ज की गई, जो मई में 15 प्रतिशत से बढ़कर 65 प्रतिशत तक पहुंच गई। मई और जून के महज 61 दिनों में यह पहली बार अभूतपूर्व लाइनलॉस सामने आया है। इस वृद्धि ने पावर कॉर्पोरेशन को गंभीर आर्थिक नुकसान पहुंचाया। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में चौक, नियांवा, कैंट, अंजनीपुरम और अमानीगंज के विद्युत उपकेंद्र शामिल रहे। इन उपकेंद्रों के अवर अभियंताओं को खराब प्रदर्शन के कारण बैड एंट्री दी गई। लाइन लॉस और ट्रांसफार्मर खराबी के कारण पावर कॉर्पोरेशन को कुल 10 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हुआ, जिसमें ट्रांसफार्मर की खराबी से दो करोड़ और लाइन लॉस से आठ करोड़ रुपये का नुकसान शामिल है।

दर्शननगर 220 केवीए ट्रांसमिशन केंद्र की मुख्य लाइन का यह हाल है।

लाइन लॉस की समस्या बिजली चोरी, तकनीकी खराबी और पुराने बुनियादी ढांचे के कारण उत्पन्न होती है। चौक और नियांवा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बिजली चोरी और अवैध कनेक्शन की समस्या अधिक देखी गई, जिसने लाइन लॉस को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई। इसके अलावा कैंट और अंजनीपुरम जैसे क्षेत्रों में पुराने ट्रांसफार्मर और तारों की खराब स्थिति ने भी स्थिति को और गंभीर बनाया। अमानीगंज में भी तकनीकी समस्याओं और रखरखाव की कमी ने लाइन लॉस को बढ़ावा दिया। इसके अतिरिक्त, पुराने तारों और बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने की योजना बनाई जा रही है ताकि भविष्य में लाइन लॉस को कम किया जा सके।

हालांकि, इन उपायों के बावजूद, पावर कॉर्पोरेशन के सामने कई चुनौतियां हैं। बिजली चोरी को पूरी तरह रोकना और पुराने ढांचे को अपग्रेड करना समय और संसाधनों की मांग करता है। इसके अलावा उपभोक्ताओं में जागरूकता की कमी और अवैध कनेक्शनों का उपयोग भी एक बड़ी समस्या है। इस नुकसान ने न केवल पावर कॉर्पोरेशन की वित्तीय स्थिति को प्रभावित किया है, बल्कि उपभोक्ताओं के बीच भी असंतोष पैदा किया है। नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और राजस्व नुकसान को कम करने के लिए दीर्घकालिक रणनीति और त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। ट्रांसमिशन खंड द्वारा लाइन लॉस के एकत्र किए गए डाटे में ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक 40 प्रतिशत लाइन लास दर्ज किया गया है।

> लाइन लॉस अधिक होने का सबसे बड़ा कारण बिजली की चोरी और अत्याधिक उपयोग है। बीच-बीच में तकनीकी खराबियों से भी वृद्धि हुई है। जुलाई में इस पर कड़ाई से रोक लगाई जा रही है। सभी अवर अभियंताओं को कड़ी निगरानी के लिए निर्देश दिए गए हैं। **- अशोक कुमार चौरसिया, मुख्य अभियंता, मध्याचंल विद्युत वितरण निगम**

आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में हल्की वर्षा होने की संभावना है

36.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान

आज के कार्यक्रम

- स्काउट भवन में एक दिवसीय बुलबुल संगोष्ठी सुबह 09 :00 बजे से।
- उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन सुबह 11 :00 बजे से
- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय एवं प्रबंधन विभाग में कार्यशाला अपराह्न 12 :00 बजे से।

बोलेरो में घूमते रहे बीईओ, शिक्षकों ने पकड़े अमान्य विद्यालय

प्राथमिक शिक्षक संघ के अभियान के पहले दिन 12 खंड शिक्षा क्षेत्रों में मिले 20 से अधिक अमान्य विद्यालय

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : शासन की ओर से बोलेरो जैसी लग्जरी गाड़ी मिलने के बाद भी खंड शिक्षा अधिकारियों को जनपद में एक भी अमान्य विद्यालय नहीं मिल सके। वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर मंगलवार को शिक्षकों ने सभी 12 खंड शिक्षा क्षेत्रों से खोज - खोज कर 20 से अधिक अमान्य विद्यालय पकड़े। कोई टिन शेड में तो कोई पेड़ के नीचे चलता पाया गया है। इतना ही नहीं इन अमान्य विद्यालयों की मान्यता भी कक्षा पांच तक है लेकिन चला इंटरमीडिएट तक रहे हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट भेजी जा रही है। इसे लेकर सोमवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी बीईओ को चेकिंग के निर्देश दिए थे।

प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाहन बाद जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से गैर मान्यता प्राप्त अवैध संचालित विद्यालयों की खोज अध्यापकों ने तेज कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को पूरा बाजार में सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर में टीन शेड के नीचे सभी कक्षाएं संचालित मिलीं। यहां टेंट तक का भी प्रयोग किया जा रहा है। आरोप है कि यहां अनुभवहीन शिक्षकों से शिक्षण कार्य कराया जा रहा है। मया ब्लॉक के दिलासीगंज में शिवाजी पब्लिक स्कूल की कक्षा पांच तक मान्यता है जबकि इस विद्यालय की रामपुर बैहारी तक में कक्षा 8 तक की कक्षाएं संचालित हो रही है। मया ब्लॉक के ही आलापुर में जूनियर हाईस्कूल जर्जर भवन में संचालित है। यही हाल ब्लॉक तारुन के ऊं शिव क्लासेज का है जो अवैध रूप से संचालित है।

श्री लक्ष्मी निवास मिश्रा मेमोरियल इंटर कॉलेज सिहोरिया रौहारी एलकेजी से लेकर इंटर तक संचालित है। लेकिन मान्यता का अता-पता नहीं है। खण्ड शिक्षा अधिकारी पूरा रिजायुदीन ने बताया कि संचालित सरस्वती शिशु मंदिर कि अभी तक जानकारी नहीं थी। अभी जनपद मुख्यालय पर हैं। मानक के विपरीत होने पर कार्रवाई की जाएगी। रुदौली, सोहावल, मवई और अन्य क्षेत्रों में अमान्य विद्यालय पाए गए हैं। रुदौली में 32 अमान्य विद्यालयों को खंड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी की है। नगर क्षेत्र में भी आठ ऐसे कोचिंग सेंटर और स्कूल मिले जो एक भी मानक नहीं पूरा करते हैं। आरोप है कि अमान्य विद्यालयों का संचालन मिलीभगत से हो रहा है। गत वर्ष मया और पूराबाजार के 12 अमान्य विद्यालयों की पूरी रिपोर्ट सौंपी थी, लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पूराबाजार में बेधड़क टीन शेड के नीचे चल रहा है सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर।

कक्षा पांच तक की मान्यता पर चला रहे इंटरमीडिएट तक के कॉलेज

मया के रामपुर बैहारी में अमान्य पाया गया शिवाजी पब्लिक स्कूल।

तारुन के सराय शेख में इस तरह से चल रहा कोंचिग सेंटर।

> प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा अमान्य विद्यालयों की सूचना मिली है। रिपोर्ट देते हैं तो संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देश दिया जाएगा। विभाग भी अमान्य विद्यालयों की जांच कर रहा है।
> **- अश्वनी कुमार पाण्डेय, प्रभारी बीएसए**

> मानक विहीन विद्यालयों को मान्यता दे दी गई। जहां न तो योग्य शिक्षक है और न पढ़ाने लायक बिल्डिंग है। प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा बार-बार ज्ञापन और सूचना देने के बाद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके फलस्वरूप अमान्य विद्यालय संचालित हो रहे है। संघ अब यह जिम्मेदारी निभा रहा है। **-डॉ. संजय सिंह, अध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ**

पार्षदों ने मेयर, नगर आयुक्त को घेरा हूटिंग कर एसएनए को कराया बाहर

नगर निगम में दो घंटे तक महापौर के बंद कक्ष में हुई तीखी नोकझोंक व नारेबाजी

विकास कार्य न कराए जाने से थे खफा इस्तीफा या फिर धरने की चेतावनी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : नगर निगम में मंगलवार को एकजुट हुए पार्षदों ने लगातार अनदेखी और विकास कार्यों को लेकर उदासीनता का आरोप लगा महापौर गिरीश पति त्रिपाठी और नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार का घेराव किया। नारेबाजी के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। इतना ही नहीं पार्षदों ने हूटिंग कर सहायक नगर आयुक्त(एसएनए) को महापौर कक्ष से बाहर कर दिया। दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक महापौर कक्ष में पार्षद अपने अधिकारों को लेकर आग बबूला रहे। पार्षदों का आरोप था कि नगर आयुक्त और महापौर उनके विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्तावों की अनदेखी कर रहे हैं। जिससे उन्हें जनता की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। बाद में महापौर की ओर से आश्वासन के बाद पार्षदों का जत्था बाहर आया।

नगर निगम के अधीन सभी 60 वार्डों के पार्षदों की ओर से बीते कई माह से नाली, खड़ंजा, स्ट्रीट लाइट आदि विकास कार्यों के प्रस्ताव दिए जा रहे हैं। आरोप है कि इसे लेकर नगर निगम प्रशासन की ओर से न कोई सुनवाई न कोई आश्वासन अथवा कार्रवाई की जा रही है। इसी को लेकर सोमवार से ही पार्षद मंगलवार को महापौर और नगर आयुक्त के घेराव की रणनीति बना रहे थे। मंगलवार दोपहर 60 में से विभिन्न वार्डों के करीब 45 पार्षद एकजुट होकर नगर निगम पहुंच गए। उस समय महापौर और नगर आयुक्त मौजूद थे। गुस्साए पार्षद सीधे महापौर के कक्ष में प्रवेश कर गए और नारेबाजी शुरू कर दी। पार्षदों ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार पर अनदेखी और लापरवाही का आरोप लगाते हुए महापौर को भी इंगित किया। महापौर से स्पष्ट कहा कि उनके विकास कार्यों के प्रस्ताव और बातों को नियमित रूप से सुना जाए। बताया जाता है कि पार्षदों ने सीधा आरोप लगाया कि यदि यही स्तिथि यही रही तो जनता नगर निगम कार्यालय तक पहुंच जाएगी। लोगों की बातें और उलाहना उन्हें सुनना पड़ रहा है। हालांकि इस दौरान कक्ष में सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद को देख कर पार्षद और भड़क गए और उन्हें हूटिंग कर कक्ष से बाहर जाने के लिए मजबूर कर दिया। भड़के पार्षदों का पहली बार ऐसा तेवर देख नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी सकते में रहे। कर्मियों ने बताया कि निगम बोर्ड की बैठक तक तो ऐसा हंगामा देखा था, लेकिन आज तो सभी तीखे तेवर में दिखाई दिए।

हंगामे के दौरान महापौर गिरीशपति त्रिपाठी से वार्ता करते पार्षद। अमृत विचार

पार्षद बोले- ऐसे अधिकारी को नहीं सहना

महापौर कक्ष में हंगामे के बाद जुटे पार्षदों ने एक स्वर में नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त की कार्यशैली को लेकर आक्रोश जताया। संत कबीर नगर वार्ड के पार्षद चंदन सिंह ने बताया कि लगातार अनदेखा किए जाने के कारण पार्षद एकजुट हुए। उन्होंने कहा सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद नजूल के पुराने मामलों में वरासत प्रक्रिया नहीं कर रहे हैं। शासन से मार्गदर्शन की बात कह कर टाला जा रहा है। इस दायरे में आए लोग कहां जायेंगे। वह वर्षों से नगर निगम नजूल की जमीन पर घर बना कर रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि काफी तीखी नोंक झोंक हुई और एक सप्ताह का समय दिया गया है। यदि अधिकारी सुन लें तो पार्षद हंगामा काहे करें। वीर अब्दुल हमीद वार्ड के पार्षद सलमान हैदर ने बताया कि महापौर और नगर आयुक्त द्वारा हम लोगों की कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। नाली समेत विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव को कूड़ेदान में डाल दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इन्हीं सबको लेकर मंगलवार को करीब 45 पार्षद नगर निगम गए और महापौर के समक्ष अपनी बात रखी। एक सप्ताह का आश्वासन महापौर की ओर से मिला है। अशफाक उल्ला खां वार्ड के पार्षद रत्नेश पांडेय ने बताया कि विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव लंबित हैं, जनता हम लोगों से सवाल करती है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में पार्षद होने का क्या अर्थ है जब वार्ड की समस्याएं न दूर करा सकें। अशफाक उल्ला खां वार्ड के पार्षद अखिलेश पांडेय ने कहा कि जनता के कार्य नहीं किये जा रहे। फाइलें दबा दी जाती हैं। पैसों की मांग की जाती है। पार्षदों ने स्पष्ट कहा कि यदि एक सप्ताह में व्यवस्था पटरी पर नहीं आती तो इस्तीफा या धरना मजबूरी होगा। ऐसे अधिकारियों को नहीं सहना। पार्षदों का कहना था कि नगर आयुक्त ने आज तक मुलाकात नहीं की।

नगर निगम परिसर में रही खलबली

पार्षदों के हंगामे के दौरान नगर निगम परिसर में खलबली मची रही। पार्षदों का शोरगुल सुन कर टैक्स, प्रकाश, कर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सकते में रहे। इस दौरान किसी ने निगम प्रशासन द्वारा पुलिस को फोन किए जाने तक की अफवाह उड़ा दी, जिसे लेकर खासा तनावपूर्ण माहौल बना रहा। हालांकि नगर निगम प्रशासन द्वारा पुलिस आदि को सूचना देने की बात से इन्कार किया गया है। इस संबंध में शाम साढ़े छह बजे नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार से बात करने का प्रयास किया गया तो उनके पीए ने फोन उठाकर बताया कि वह मीटिंग में हैं। थोड़ी देर बाद आपकी बता करा दूंगा। वहीं बैठक में मौजूद रहे अपर नगर आयुक्त को फोन किया गया तो उन्होंने काट दिया।

जब चार लोग बैठते हैं तो टीका-टिप्पणी करते ही हैं: महापौर

महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि हंगामे जैसी कोई बात नहीं थी। एक इनहाउस डिस्कसन था। 60 पार्षद हमारे निर्वाचित हैं। उनसे बात की जा रही थी। सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद को लेकर फूटे पार्षदों के गुस्से के बारे में उन्होंने कहा कि जब कमरे में चार लोग बैठते हैं तो किसी के काम को लेकर टीका-टिप्पणी करते हैं। पार्षद हमारी व्यवस्था का अंग हैं। वही व्यवस्था संचालित कर रहे हैं। नगर आयुक्त आए थे। उनको पार्षदों से मिलना था। बैठकर बातचीत करेंगे तो कुछ बात नरम-गरम अनियमितता आती रहती हैं। वह स्वभाविक प्रक्रिया है। हम लोग बंद कमरे में डिस्कशन कर रहे थे।

दंगल में शामिल होंगे देश के नामी पहलवान

अयोध्या, अमृत विचार : स्व. पहलवान राम नरेश की पुण्यतिथि पर अयोध्या धाम स्थित राजघाट बंधा के निकट बाटी वाले बाबा के स्थान पर मंगलवार से विराट दंगल का आयोजन किया गया है। दंगल में देश के प्रसिद्ध पहलवान जम्मू कश्मीर के जावेद गनी पहलवान, उत्तर प्रदेश केशरी कानपुर देहात से अभिनायक पहलवान, हरिद्वार के पागल बाबा लाडी पहलवान, भारत केशरी पंजाब के सागर पहलवान, हाथरस के रामेश्वर पहलवान, दिल्ली के शोभित पहलवान आदि शामिल हो रहे हैं। दंगल कमेटी के प्रबंधक व अयोध्या केशरी ओमवीर पहलवान ने बताया कि पिछले तीन वर्षों आयोजित दंगल का उद्देश्य युवाओं में कुश्ती के प्रति जागरूकता लाना है, जिससे युवा पीढ़ी नशा मुक्त हो और उनका शरीर स्वस्थ रहे। इस मौके पर आयोजक कमेटी में अध्यक्ष मोहम्मद इरफान उर्फ़ नन्हे मियां, प्रबंधक अयोध्या केशरी ओम वीर पहलवान, उपाध्यक्ष पार्षद अनुज दास, पार्षद सुल्तान अंसारी, चौधरी इंद्र बहादुर, तिलकराम सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।



स्कूली वाहन और बाइक की टक्कर में महिला की मौत, बाइक सवार घायल

मसौधा, अयोध्या

अमृत विचार: पूराकलंदर थाना क्षेत्र में अयोध्या -प्रयागराज हाईवे पर बाइक सवार और एक स्कूल वाहन की टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार पति पत्नी घाल हो गए। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

मंगलवार सुबह बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के बनकट गांव निवासी राम जियावन गोस्वामी (42) अपनी पत्नी मीना (38) का इलाज कराने अयोध्या शहर की ओर जा रहे थे। भरत कुंड के पास एम जे एस एकादमी के सामने विपरीत दिशा से आ रहे स्कूली वाहन से टकरा गए। घटना में दोनों घायल हो गए। पुलिस सहित एमजेएस स्कूल प्रबंधन ने दोनों को सीएचसी बीकापुर पहुंचाया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने पत्नी मीना को मृत घोषित कर दिया, जबकि बाइक चालक का इलाज शुरू कर दिया। प्रभारी निरीक्षक पूरा कलंदर देवेंद्र सिंह का कहना है कि स्कूली वाहन और बाइक की टक्कर में राम जियावन की पत्नी मीना को मौत हो गई। बाइक चालक का इलाज चल रहा है। घटना के बाबत अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

प्रयागराज हाईवे पर भरतकुंड के पास हुआ हादसा

90 करोड़ रुपये से बनेगी राम मंदिर परिसर की बाउंड्रीवॉल

अयोध्या कार्यालय

बनेंगे रामानंदी, माधवाचार्य, शंकराचार्य व रामानुज द्वार

अमृत विचार : राम मंदिर परिसर की लगभग चार किलोमीटर लंबी व 16 फीट ऊंची बाउंड्री वॉल का निर्माण 90 करोड रुपए की लागत से होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निर्माण की जिम्मेदारी इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड को दी है। जल्द ही यह कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इस बाउड्रीवॉल पर चार भव्य प्रवेश द्वार रामानंदी, माधवाचार्य, शंकराचार्य व रामानुज द्वार बनाए जाएंगे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि परिसर की 3400 मीटर लंबी बाउंड्रीवॉल का निर्माण शीघ्र आरंभ होगा। 1800 मीटर लंबे हिस्से में निर्माण कार्य निर्विघ्न चलाया जाएगा। शेष 1600 मी. के दायरे में कई मठ, मंदिर और आवासीय भवन आ रहे हैं। इस संबंध में ट्रस्ट द्वारा स्थानीय लोगों से संवाद किया जा रहा है। यह क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील है। इसलिए बाउंड्रीवॉल और मंदिर परिसर के बीच 20 फीट का अंतर निर्धारित किया गया है, ताकि सुरक्षा बलों की पेट्रोलिंग गाड़ियों की आवाजाही सुगमता से हो। बताया कि निर्माण कार्य की शुरूआत परिसर की उत्तरी दिशा से की जाएगी।

पंखे के करंट से युवक की मौत

रुदौली, अमृत विचार: मां कामाख्या धाम नगर पंचायत के वार्ड मेधा ऋषि पांडे पुरवा में मंगलवार रात पंखे के करंट की चपेट में आने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। थाना बाबाबाजार के ग्राम पांडे पुरवा निवासी राजकमल पांडे पुत्र रामकृपाल पांडे सोमवार की रात लगभग 10 बजे पानी पीने के लिए बिस्तर से उठा। पास में लगे बिजली के पंखे से उलझ कर गिर गए और पंखा राम कृपाल के ऊपर गिर गया। परिजनों के मुताबिक पंखे में उतरे करंट की चपेट में आकर अचेत हो गए। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

कुबेर टीला से जुड़ने वाले प्राचीन मार्ग को खोलने की तैयारी शुरू

अयोध्या कार्यालय

आतंकी हमले के बाद इस मार्ग को पूर्ण रूप से कर दिया गया था बंद

अमृत विचार : राम मंदिर परिसर स्थित कुबेर टीला के पुराने संपर्क मार्ग को दोबारा खोलने की योजना बनाई गई है। यह मार्ग युसूफ आरा मशीन से जुड़ते हुए पश्चिम दिशा की ओर मार्ग को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग है। इसके साथ ही कुबेर टीला के आसपास के क्षेत्र को हरियाली से विकसित करने का कार्य भी प्रगति पर है। टीले के पूर्वी दिशा में रखी मिट्टियों को हटाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

6 दिसंबर 1992 में विवादित ढांचा विध्वंस के बाद 7 जनवरी 1993 को केंद्र सरकार ने अयोध्या एक्ट के तहत श्रीराम जन्मभूमि के आसपास लगभग 70 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर लिया था। इस अधिग्रहण के कारण कुबेर टीला को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग बंद कर दिया गया था, लेकिन इस दौरान नियमित दर्शनार्थियों के लिए बैरिकेडिंग के बीच एक गेट दिया गया था, जिसके रास्ते से कुबेर टीले पर दर्शन के लिए जाते रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस स्थान पर प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन किया जाता था। साथ ही भगवान भोलेनाथ की बारात भी निकाली जाती रही है, लेकिन 5 जुलाई 2005 में आतंकी हमले के बाद मार्ग को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। अब लंबे अरसे के बाद एक बार फिर इन रास्ते को पुनः खोलने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने आसपास के बाहरी जमीनों को भी क्रय कर लिया है।

> कुबेर टीला के आसपास के भूमि को सौंदर्यीकरण के तहत हरियाली विकसित करने के साथ कुबेर टीला जाने वाले मार्ग को भी तैयार किया जा रहा है। परिसर में आने वाले व्यक्ति को इस स्थान पर पहुंचने के बाद एक आनंद महसूस होगा। **-डॉ. अनिल मिश्रा, सदस्य, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट**

सार-संक्षेप

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु की दीर्घायु की कामना के लिए अनुष्ठान

मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान के बाद हवन करते हुए संत। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार : अंतरिक्ष में 20 दिन बीतने के बाद भारतीय कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सकुशल वापसी को लेकर साधु संतों ने मंगलवार को धार्मिक अनुष्ठान कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। अयोध्या के लक्ष्मण घाट क्षेत्र स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में साधु संतों ने सावन माह को लेकर भगवान भोलेनाथ की आराधना की व हनुमान चालीसा, दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। इसके बाद हवन कुंड में वैदिक मंत्रों के द्वारा आहुति भी डाली गई। इस आयोजन में मुख्य रूप से महंत सत्येंद्र दास वेदांती, महंत सीताराम दास, महंत देवेशाचार्य समेत अन्य लोग भी शामिल हुए। महंत सचिन दास वेदांती ने कहा कि भारत के लिए आज गौरव का दिन है। अंतरिक्ष यात्री सुधांशु शुक्ला पृथ्वी पर सुरक्षित वापस पहुंच गए हैं। उनके मंगल कामना के लिए यज्ञ अनुष्ठान किया गया था।

सीबीएसई कंपार्टमेंट परीक्षा के पहले दिन 18 रहे अनुपस्थित

अयोध्या, अमृत विचार : सीबीएसई की कंपार्टमेंट परीक्षा मंगलवार को शुरू हुई। सीबीएसई के जिला कोआर्डिनेटर व महाराजा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि पहले दिन 12 वीं की परीक्षा हुई। जिले के दो परीक्षा केन्द्रों महाराजा पब्लिक स्कूल व जेबी अकादमी में हुई। 12 वीं की सभी विषयों की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हुई। इसमें महाराजा पब्लिक स्कूल परीक्षा केन्द्र पर लगभग 500 व जेबी अकादमी परीक्षा केन्द्र पर लगभग 300 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें जिले के 18 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। बुधवार को महाराजा पब्लिक स्कूल व जेबी अकादमी परीक्षा केन्द्र पर 10 वीं की मैथ्स विषय की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा होगी।

रात में शौच को गई किशोरी से छेड़छाड़, रिपोर्ट

मिल्कीपुर, अमृत विचार : पुलिस चौकी हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी ने अपने गांव के ही एक युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। घटना सोमवार रात करीब आठ बजे की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण को भेजा है। पुलिस के मुताबिक शौच के लिए बाहर गई किशोरी को गांव के युवक दबोच लिया और छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी ने विरोध किया तो युवक ने उसे मारने-पीटने की धमकी दी। युवक के चंगुल से बचकर घर पहुंची किशोरी ने परिजनों को पूरी घटना बताई। परिजनों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। पीड़ित किशोरी के माता-पिता दोनों गूंगे हैं। किशोरी के बाबा की शिकायत पर इनायत नगर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष रतन शर्मा ने बताया कि किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

स्वास्थ्य मानसून के आते ही सर्प दंश के मामलों में वृद्धि, रोजाना 15 से 18 मरीज पहुंच रहे अस्पताल

हर डेढ़ घंटे में अस्पताल पहुंच रहे सर्प दंश के मरीज

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : मानसून के आगमन के साथ ही जिला अस्पताल में सर्प दंश के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। पिछले छह दिनों में अस्पताल में सर्प दंश के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। रोजाना 15 से 18 मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। औसतन देखा जाए तो हर डेढ़ घंटे में एक मरीज पहुंच रहा है।

चिकित्सकों के अनुसार बारिश के मौसम में सांप अपने बिलों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की तलाश में आते हैं, जिससे सर्प दंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से मरीजों की संख्या अधिक देखी जा रही है। इमरजेंसी मेडिकल अफसर डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि सर्प दंश के मरीजों को तत्काल उपचार के लिए एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) इंजेक्शन दिया जा रहा है, जो जहर के प्रभाव को कम करने में प्रभावी है। भर्ती होने वाले मरीजों को 24 घंटे चिकित्सकों की कड़ी निगरानी में रखा जाता है ताकि उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सके। कम लक्षण दिखने पर ओपीडी में भी मरीज पहुंचते हैं, जबकि स्थिति गंभीर रहती है तो मेडिकल वार्ड में भर्ती किया जाता है। फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने बताया कि रोजाना 15 से 18 के बीच मरीज अस्पताल आते हैं। उन्होंने मंगलवार की रात दस बजे से सुबह आठ बजे तक में सुनील गुप्ता सोहावल, थाना रौनाही, लवरी प्रसाद पुत्र शिवलाल थाना पूराकलंदर, आदर्श पुत्र राममूरत, प्रदीप लखौरी, थाना रौनाही, रेनू पत्नी दीपक, थाना रौनाही को भर्ती कराया गया है।

जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीज। अमृत विचार

सांप से बचाव के उपाय

- घर के आसपास कचरा, लकड़ी के ढेर या घास न जमा होने दें। चूहों के बिल बंद करें, क्योंकि सांप इन्हें आश्रय बनाते हैं।
- रात में बाहर निकलते समय जूते और मोटे कपड़े पहनें। खेतों में काम करते समय सावधानी बरतें।
- रात में बाहर जाते समय टॉर्च का इस्तेमाल करें और तेज आवाज करें ताकि सांप दूर भागें।
- सर्प दंश होने पर घबराएं नहीं, मरीज को स्थिर रखें और तुरंत अस्पताल ले जाएं।

> हमारे यहां एएसवी के पर्याप्त इंजेक्शन हैं। जून माह भर में सिर्फ 15 मरीज ही आए थे। माह के अंत में 400 वायल उपलब्ध होने का डाटा आया था। इधर सर्पदंश के मामले बढ़े हैं। कुछ भर्ती हो रहे हैं, जबकि कई ओपीडी में भी पहुंचते हैं। **- डॉ. एके सिन्हा, प्रभारी सीएमएस**

विद्यार्थियों को समय पर टीसी न देने पर होगी कार्रवाई

अयोध्या कार्यालय। विद्यार्थियों को आगे कक्षा में पंजीकरण के लिए स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) के साथ-साथ अंक पत्र न देने वाले स्कूल कॉलेजों के विरुद्ध जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जारी पत्र में कहा है कि सभी स्कूल कॉलेज के प्रधानाचार्य तथा अन्य कर्मी संबंधित छात्र-छात्राओं को शीघ्र से शीघ्र टीसी व अंक पत्र दें। बताया कि प्राय: यह संज्ञान में आ रहा है कि जिले के कई विद्यालयों में टीसी तथा अंक पत्र देने में शिथिलता बरती जा रही है। सुविधा शुल्क भी लिया जा रहा है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों से अपील किया है कि यदि कोई भी किसी भी तरह का सुविधा शुल्क या स्थिरता बढ़ाता है तो इसकी शिकायत सीधे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर आकर कर सकते हैं और जांच में सही पाए जाने पर उक्त विद्यालय के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

एग्री बिजनेस में विद्यार्थियों के लिए अपार संभावनाएं

कुमारगंज अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट के छात्र-छात्राओं के उन्मुखी विकास एवं कैरियर को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. डीके सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस प्रो. डीके सिंह ने कहा कि प्रबंधन विभाग के एमबीए (एग्रीबिजनेस) के छात्रों ने अपने कैरियर की शानदार शुरुआत की है। विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह ने इस सफलता का श्रेय विवि के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन व सहयोग, विभाग के शिक्षकों एवं प्लेसमेंट सेल के सतत प्रयासों को दिया।

महिला शिक्षक संघ की तीन सदस्यीय समिति नामित

अयोध्या कार्यालय। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ द्वारा जिले में तीन सदस्यीय महिला समिति नामित की गई है। इसमें मनोरमा साहू जिला अध्यक्ष, नीलम मध्यान जिला मंत्री एवं अर्चना गोस्वामी जिला कोषाध्यक्ष को नामित किया गया है। जिला मीडिया प्रभारी मांडवी सिंह ने बताया कि महिला शिक्षक संघ शिक्षिकाओं की समस्याओं एवं अधिकारों के प्रति सदैव जागरूक होने के लिए सदैव तत्पर व प्रतिबद्ध है।

दादा कुतुब अलीशाह की दरगाह पर सालाना उर्स का आयोजन

रुदौली। दादा कुतुब अलीशाह दरगाह सीवन वाजिदपुर में सालाना उर्स का आयोजन संपन्न हो गया। उर्स की शुरुआत सपा के प्रदेश सचिव व जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अली ने किया। सूफियाना कलामों के सवाल जवाब से दरगाह परिसर तालियों और वाह वाह से गूंजता रहा। सपा नेता मोहम्मद अली ने कहा कि दादा कुतुब अली शाह जैसी हस्तियां इंसानियत और मोहब्बत की ज़िंदा मिसाल हैं। कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान वाजिदपुर उस्मान अंसारी ने कहा कि दादा कुतुब अली शाह का उर्स एक बार फिर यह सिद्ध कर गया कि आध्यात्मिकता और संस्कृति का मेल, जब संगीत और विचारों से जुड़ता है, तो वह न केवल आस्था को प्रकट करता है बल्कि समाज को जोड़ता भी है।

पुत्री के बाद पिता की भी मौत

अयोध्या। अयोध्या कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के पुराने सरयू पुल पर दुर्घटना के दौरान पुत्री की मौत के बाद पिता की भी मौत हो गई। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के रघुपुर निवासी लक्ष्मीकांत मिश्रा (37) अपनी तीन बेटियों के साथ गोंडा गए थे। सोमवार शाम बाइक से लौट रहे थे। इस बीच सरयू पुल पर वह दुर्घटना के शिकार हो गए। उनकी सात वर्षीय बेटी प्राची की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक अन्य बेटी और लक्ष्मीकांत गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर में भर्ती कराया गया था, जहां से लक्ष्मीकांत को लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई है।

पत्रावली कां संचालन ई-आफिस पर कराएं: सीडीओ

अयोध्या कार्यालय। मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग के आधार पर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अफसरों से बैठक में तैयारी से आने और माह के अंतिम सप्ताह में पोर्टल पर डाटा फीड करने के साथ उसकी मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया कि ई-आफिस पर जिन-जिन कार्मिकों से अब तक पत्रावली का संचालन नही किया गया है, उन फाइल का मूवमेंट शीघ्र करवाएं। खंड शिक्षा अधिकारियों को प्रतिदिन दो स्कूलों में जाकर मॉनीटरिंग करने का निर्देश दिया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को सभी गौशालयों में पानी की निकासी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। सीएमओ से कहा कि जिले के मोबाइल मेडिकल यूनिट का आकस्मिक निरीक्षण किया जाए। बैठक में बिन्दुवार विवरण जिला अर्थ संख्याधिकारी अशोक कुमार ने प्रस्तुत किया।

अवध विवि और डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के मध्य एमओयू

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के मध्य शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों के लिए व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग की ओर से एक एमओयू (अनुबंध पत्र) पर हस्ताक्षर किया गया।

व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि दोनों विश्वविद्यालय के मध्य इस प्रकार का अनुबंध होने से छात्र-छात्राओं को एक दूसरे विश्वविद्यालय एवं उनकी शैक्षिक संस्कृति से भली-भांति परिचित कराया जा सकेगा। इस अनुबंध के पश्चात दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से

अवध विवि में ओएमयू के दौरान कुलसचिव विनय कुमार सिंह व डॉ भीमराव अम्बेडकर विवि आगरा के प्रतिनिधि प्रो. लवकुश मिश्र।

▸▸ शोध एवं सेमिनार सहित अन्य शैक्षिक गतिविधियों में मिलेगी सहायता : प्रो. हिमांशु शेखर

सेमिनार एवं संगोष्ठी का आयोजन भी कर सकेंगे। कहा कि शोध के कार्यों में संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा। इस अनुबंध में स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के साथ-साथ फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम का भी प्रावधान किया गया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के प्रतिनिधि के रूप में प्रो. लवकुश मिश्र उपस्थित रहे। एमओयू पर डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलसचिव विनय सिंह एवं डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के कुलसचिव अजय मिश्र ने हस्ताक्षर किया। वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल भी उपस्थित रहे।

निर्माणाधीन परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करें

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि नवीन परिसर में विकास परियोजनाओं का प्रभारी कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह ने औचक निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को धीमी गति से चल रहे कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कुलपति ने कार्यदायी संस्था से जल निकासी, जल प्रबंधन, खेल मैदान एवं आवागमन के मार्गों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। फार्मेसी भवन, मल्टीपरपज हॉल के भवनों में चल रहे फिनिशिंग कार्यों की प्रगति के लिए निर्माणदायी संस्था को निर्देशित किया। निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया। परिसर को हरा भरा बनाने के लिए शीघ्र ही पौधरोपण कराए जाने के लिए अधिकारियों के साथ वार्ता की। कुलसचिव विनय कुमार सिंह, मुख्य नियंता प्रो. एसएस मिश्र, सहायक अभियंता आरके सिंह मौजूद रहे।

अवध विवि के नवीन परिसर में विकास कार्यों का निरीक्षण करते प्रभारी कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारी।

पट्टे में मिली जमीन पर जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : सोहावल ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिरखौली में अनुसूचित जाति के 22 परिवारों को मिली आवासीय पट्टे कि भूमि गाटा संख्या-343 पर जबरदस्ती छप्पर आदि उजाड़ कर जल जीवन मिशन के जेई आदित्य कुमार एवं ठेकेदार अवैध बोरिंग कर निर्माण करा रहे हैं। इससे ग्रामीणों में असंतोष है। ग्राम प्रधान ने बताया कि उक्त भूमि कि गाटा संख्या 343 का प्रस्ताव भूमि प्रबंधन समिति से नहीं किया गया है। जो ग्राम प्रधान के अधिकार का हनन है। ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना को लेकर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और न्यायालय की शरण में जाएंगे। ग्रामीणों ने दूरभाष, व्हाट्सएप के माध्यम से इस घटना को जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को अवगत करा दिया है। विभाग के जेई आदित्य कुमार ने बताया कि इस भूमि को लेखपाल राहुल यादव ने लिखकर दिया है। टंकी का निर्माण बोरिंग जिन अनुसूचित जाति के लोगों के आवासीय पट्टे में हो रही है। उनमें मलहू कोरी, सीता राम कोरी, राम पदारथ कोरी, पंचम लाल कोरी, राम तीरथ कोरी, मंगरु कोरी, राम सुमेर कोरी, राम अभिलेख कोरी, राम तिलक कोरी, राम किशोर कोरी, साधूराम राम रैदास, राम जियावन रैदास, काशीराम रैदास, कन्धई रैदास, अनंत राम रावत, बाबू लाल रावत, पन्ना लाल रावत आदि का पट्टा सरकारी अभिलेखों में दर्ज है। बताते हैं कि इसकी शिकायत की गई है। एसडीएम अभिषेक सिंह ने बताया कि इसकी जानकारी नहीं है। पीड़ित आएंगे तो पूरी जानकारी करके कार्रवाई की जाएगी।

▸▸ 22 अनुसूचित जाति के परिवारों को मिली थी आवासीय पट्टे की जमीन

100 केंद्रों पर शुरू हुआ नन्हे-मुन्नों की नाप-तौल

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : संभव अभियान के तहत जिले के 100 आंगनबाड़ी केंद्रों पर मंगलवार को नन्हे-मुन्नों की नापतोल शुरू की गई। इसके तहत वजन के साथ ही उनकी लंबाई नापी जा रही है। नाप तौल की यह कार्रवाई नोडल अफसरों की मौजूदगी में की जा रही है। इसके लिए जिलाधिकारी ने नोडल अफसरों की तैनाती की है। जिले में कुल लगभग 2300 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इनमें से संभव अभियान के लिए 100 केंद्रों को चयनित किया गया। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने इन केंद्रों के लिए एक-एक नोडल अफसर की तैनाती की। इनमें अमानीगंज-08, अयोध्या शहर-05, बीकापुर-01, हैरिंग्टनगंज-03, मसौधा-03, मवई-22, मयाबाजार-06, मिल्कीपुर-02, तारून-02, सोहावल-05, रुदौली 35 और पूराबाजार-08 हैं। इसी प्रकार इन केन्द्रों पर निगरानी के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी-07, प्रभारी चिकित्साधिकारी-09, आरबीएस के. टीम-14, मुख्य सेविका-05, सहायक पंचायत अधिकारी स्तर के 07, अवर अभियन्ता-01, खंड शिक्षा अधिकारी-01, बीएमएम-01 और एएनएम-55 तैनात की गई। मंगलवार को नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में 06 माह से छह साल तक के सभी बच्चों का उम्र के सापेक्ष वजन एवं लम्बाई/ ऊंचाई लेने का अभियान शुरू हुआ। जिन केंद्रों पर बच्चों की संख्या ज्यादा होगी। उन पर नापतौल का यह कार्य आगे भी चलता रहेगा। कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने पर्यवेक्षण भी किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी एके त्रिपाठी ने बताया कि सभी सौ आंगनबाड़ी केंद्रों पर नोडल अफसर की मौजूदगी में नापतौल की कार्रवाई शुरू करवाई गई। 31 जुलाई तक पूरी कार्रवाई पूर्ण की जाएगी।

विद्युत सप्लाई बाधित होने से लोग प्रभावित

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : विद्युत उपकेंद्र सोहावल से जुड़े दर्जन भर फीडरों में आरएल व रेलवे दोनों फीडर की हालत खस्ता है। थोड़ी सी हवा चलने या बूंदा बांदी होने पर भी फीडर के कुछ गांव में आए दिन केबिल का जलना आम हो गया है। यही नहीं इस फीडर की 11 हजार लाइन टूटने की घटनाएं भी आम हो गई है, जिससे लगभग 50 हजार की आबादी प्रभावित होकर अंधेरे में रहने को मजबूर हो रही है। शेखपुर जाफर, अर्थर, कुंदुर्खा खुर्द, लखौरी, टोल प्लाजा, तहसीनपुर, रौनाही जैसे दर्जन भर गांव की आपूर्ति इन दोनों फीडर के भरोसे है। जहां बरसात शुरू होने के बाद से शायद ही कोई रात हो जब लाइन फाल्ट होने से आपूर्ति ठप न रही हो। उपकेन्द्र में शिकायत के बाद भी कोई पुरसाहाल नहीं है। इसको लेकर प्रभावित क्षेत्र की जनता में भारी रोष है।

छाती में दर्द को न करें नजरअंदाज: डॉ.शोमिल

अयोध्या, अमृत विचार : अब हृदय रोगियों को इलाज के लिए लखनऊ भागने की जरूरत नहीं होगी। मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. शोमिल वर्मा ने अयोध्या की जनता के लिए एक राहत भरी पहल की है। उन्होंने बताया कि अब हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को वह अयोध्या के देवकाली स्थित यशलोक हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी ओपीडी सेवाएं देंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान डॉ. शोमिल वर्मा ने कहा कि इस सेवा का उद्देश्य अयोध्या के मरीजों को समय पर हृदय रोगों से संबंधित जांच और परामर्श मुहैया कराना है। उन्होंने बताया कि ओपीडी परामर्श के साथ-साथ ईसीजी, टूडी ईको, और बेसिक ब्लड जांच की सुविधा भी हॉस्पिटल में उपलब्ध कराई गई है। डॉ. वर्मा ने हृदय रोगों को लेकर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि जब भी छाती में दर्द, सांस फूलना, पसीना आना या थकावट जैसी शिकायत हो, तो इसे गैस या सामान्य परेशानी समझकर नजरअंदाज न करें। ऐसे लक्षण दिखें तो तत्काल चिकित्सक से संपर्क कर जांच कराएं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी और मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आने वाले मरीज भी यहां की सेवाओं का लाभ ले सकते हैं।

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद।

पत्रांक:-एस0एस0ए0/के0जी0बी0वि0स्टाफचयन/4083-88 /2025-26 दिनांक:- 15.07.2025

प्रेस विज्ञप्ति

शासनादेश संख्याः 1553/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 11.12.2020 एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक-के0जी0बी0वी0/11308/2022-23 दिनांक 14.02.2023, पत्रांकः के0जी0बी0वी0/1121/2023-24 दिनांक 25.04.2023 एवं पत्रांकः के0जी0बी0वी0/1790/2023-24 दिनांक 12.05.2023 के अनुपालन में जिलाधिकारी महोदय की अनुमति उपरान्त जनपद मुरादाबाद में संचालित 09 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अस्थायी रूप से सृजित संविदा आधारित शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मियों के चयन हेतु इच्छुक, अर्ह, योग्य महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद में निर्धारित प्रारूप पर निर्धारित शर्तो के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र स्वीकार करने की अन्तिम तिथि दिनांक 02.08.2025 की सांय 05:00 बजे होगी। निर्धारित तिथि के बाद अथवा साधारण डाक से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों स्वीकार नही होगे। एक से अधिक पदों के लिये पृथक-पृथक आवेदन प्रेषित किया जाये। रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है-

क्र सं	पदनाम	विषय	कुल पद	आरक्षण श्रेणी			मानदेय	अनिवार्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अर्हता
				अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनु0 जाति		
1	पूर्णकालिक शिक्षिका	विज्ञान	03	01	01	01	24200.00 प्रतिमाह	जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्रा0 स्तर की टी0ई0टी0
		गणित	02	01	00	01	24200.00 प्रतिमाह	पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्रा0 स्तर की टी0ई0टी0
		भाषा (हिन्दी एवं संस्कृत)	03	02	01	0	24200.00 प्रतिमाह	हिन्दी एवं संस्कृत से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्रा0 स्तर की टी0ई0टी0
		अंग्रेजी	03	02	00	01	24200.00 प्रतिमाह	अंग्रेजी विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्रा0 स्तर की टी0ई0टी0
2	अंशकालिक शिक्षिका	स्काउट गाईड एवं शारीरिक शिक्षा	01	00	01	0	10780.00 प्रतिमाह	बी0पी0एड0/सी0पी0एड0/डी0पी0एड0 आदि उपाधि
		कम्प्यूटर	03	02	01	00	10780.00 प्रतिमाह	प्रशिक्षित स्नातक के साथ PGDCA/BCA/B.SC, कम्प्यूटर सांइस अथवा स्नातक सहित DOEACC या समकक्ष संस्था से ओ0 लेबल या ए लेबल डिप्लोमा आदि
		कला,क्राफट एवे संगीत	01	01	00	00	10780.00 प्रतिमाह	सम्बन्धित विषय में स्नातक उपाधि सहित प्रशिक्षण उपाधि होगी तथा गृह शिल्प की शिक्षिका का पद कला,क्राफट एवं संगीत के पद के अर्न्तगत ही माना जायेगा।
3	उर्दू शिक्षिका	उर्दू	02	01	01	00	14520.00 प्रतिमाह	बी0ए0 उर्दू विषय से तथा एल0टी0 या बी0टी0 या बी0एड0 या अन्य समकक्ष शिक्षा अथवा शिक्षण में डिग्री या डिप्लोमा।
4	लेखाकार		01	01	00	00	12100.00 प्रतिमाह	वाणिज्य विषय में स्नातक तथा एम0एस0आफिस पर कार्य का ज्ञान अनिवार्य होगा। डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा में ओ0 लेवल डिप्लोमा अथवा समकक्ष अन्य योग्यत की दशा में अभ्यर्थी को चयन में वरियता दी जायेगी।
5	रसोईया		02	01	01	00	7590.00 प्रतिमाह	कक्षा 08 उत्तीर्ण
6	सहायक रसोईया		08	05	00	03	5693.00 प्रतिमाह	कक्षा 08 उत्तीर्ण
7	चपरासी		01	01	00	00	6325.00 प्रतिमाह	कक्षा 08 उत्तीर्ण
8	चौकीदार		03	03	00	00	6325.00 प्रतिमाह	कक्षा 08 उत्तीर्ण
योग			33	21	06	06		

चयन हेतु आवश्यक निर्देश/अर्हता।

⇒ शैक्षिक पदो के लिए, प्रशिक्षित उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा (मान्यता सम्बन्धी पत्र आवश्य संलग्न करें।)

⇒ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक वर्ष 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे है, उन शिक्षकों द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में प्रदेश के किसी भी जनपद में आवेदन करने पर, उन्हें चयन हेतु शैक्षिक अर्हता में शासनादेश संख्या के0जी0बी0वी0/3-2/1916/2013-14 दिनांक 29.07.2013 के पूर्व कार्यरत शिक्षिकों के लिए टी0ई0टी0 की अर्हता अनिवार्य नही होगी।

⇒ पूर्णकालिक शिक्षिका, मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोइया का पद पूर्णकालिक होगा। इन्हें विद्यालय परिसर में रहना अनिवार्य होगा।

⇒ कस्तूरबा गाधी बालिका विद्यालयों में सभी पदों पर संविदा के आधार पर नवीन नियुक्ति हेतु अनिवार्य रूप से महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा।

आयु-

⇒ समस्त स्टाफ की न्यूनतम आयु 01 अप्रैल 2025 को 25 वर्ष होगी।

⇒ समस्त स्टाफ की अधिकतम आयु 01 अप्रैल 2025 को 45 वर्ष से अधिक न हों।

⇒ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो निर्धरित अर्हता रखते हों किन्तु शैक्षिक वर्ष 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हो जा रहे हों, उन शिक्षकों द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में आवेदन करने पर, उन्हे चयन हेतु आयु सीमा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सम्बन्धित शिक्षक/शिक्षिका की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।

⇒ कस्तूरबा गांधी बलिका विद्यालयों में सेवा हेतु समस्त स्टाफ की अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

आरक्षण-

⇒ राज्य सरकार के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा।

चरित्र-

⇒ किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नही होगे। चयन समिति अभ्यर्थी के चरित्र के सम्बन्ध में यथोचित समाधान करेगी।

चयन प्रक्रिया-

⇒ कस्तूरबा गांधी बलिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे है, उनके द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयें में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में प्रदेश के किसी भी जनपद में आवेदन करने पर उन्हे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयें में की गयी सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिए 02 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक दिया जायेगा, किन्तु अधिकतम भारांक 30 प्रतिशत से अधिक नही होगा।

⇒ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षिका एवं लेखाकार के पद पर चयन सीधे मैरिट के आधार पर किया जायेगा। पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षिका एवं लेखाकार के पद हेतु अभ्यर्थी के चयन के लिये भारांक के अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा।

क्र.सं.	परीक्षा/उपाधि का नाम	गुणवत्ता अंक
1	हाईस्कूल	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x10/100
2	इण्टरमीडिएट	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x10/100
3	स्नातक उपाधि	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x20/100
4	प्रशिक्षण उपाधि	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x30/100
5	भारांक के0गां0बा0वि0 में शिक्षक के रूप में कार्यरत् अनुभव	प्रत्येक पूर्ण अध्यापन वर्ष के लिये 2 अंक, अधिकतम 30 अंक तक जो भी कम हो

⇒ रसोईया एवं सहायक रसोइया का पद पूर्णकालिक होगा तथा इनका साक्षात्कार 50 अंको का होगा, जिसमें शारीरिक क्षमता हेतु 20 अंक पाक विद्या के ज्ञान हेतु 20 अंक तथा अनुभव हेतु 10 अंक निर्धारित होगें।

⇒ चपरासी एवं चौकीदार का साक्षात्कार 50 अंको का होगा, जिसमें शारीरिक स्वास्थ हेतु 25 अंक तथा सामान्य ज्ञान हेतु 25 अंक निर्धारित होगें।

अन्य-

⇒ आवेदन पत्र प्रेषण हेतु पता-कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कोर्ट रोड, मुरादाबाद।

⇒ ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे है द्वारा सम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य है।

⇒ प्रत्येक शैक्षिक सत्र में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के समस्त पद मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार की प्रोजेक्ट अप्रूवल बैठक में दिये निर्देश के अधीन होंगे। तत्क्रम में विद्यालयों में कार्यरत् शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों का कार्य एवं व्यवहार संतोषजनक पाये जाने की दशा में आगामी सत्र हेतु जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त नवीन संविदा की जायेगी एवं संविदा का सेवा अनुबन्ध 11 माह 29 दिन के लिये किया जायेगा

⇒ अभ्यर्थी द्वारा आवदेन पत्र के साथ निर्धारित स्थान पर नवीनतम् पासपोर्ट साइज की स्व प्रमाणित फोटो चस्पा किया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ रू 40/-का डाक टिकट लगे 02 लिफाफे जिस पर अपना नाम, पता स्पष्ट लिखा हो संलग्न करना अनिवार्य है तथा लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जायेगा।

⇒ एक लिफाफे में केवल एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र भेजने पर सभी आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगें।

⇒ विज्ञप्ति के निर्धारित आवेदन पत्र प्रारूप में कोई भी परिवर्तन/परिवर्धन अमान्य होगा। आवेदन पत्र में उल्लिखित सूचनाओं में कोई परिवंर्तन स्वीकार नहीं होगा। सभी सूचनायें निर्धारित स्थान पर स्वच्छता से अंकित की जायेगी। आवेदन पत्र में किसी प्रकार की कटिग/ओवर राइटिंग की दशा में अभ्यर्थी के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा और न ही इसकी सूचना अभ्यर्थी को दी जायेगी।

⇒ सभी आवेदन पत्र पजीकृत डाक के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे तथा पंजीकृत डाक द्वारा विलम्ब से आवेदन पत्र प्राप्त होने की दशा में विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

⇒ रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है तथा किसी भी पद या समस्त पद के लिए विज्ञापन निरस्त करने का सर्वाधिकार अध्यक्ष जिला स्तरीय चयन समिति के पास सुरक्षित होगा। इसमें किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नोट-1-प्रकाशित विज्ञिप्त में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि पायी जाती है तो चयन की सम्पूर्ण कार्यवाही शासनादेश सं0-1553/65-5-2020 दिनांक 11.012.2020 के अधीन रहेगी।

2-के0जी0बी0वी0 चयन में कतिपय रिट याचिकाऐं मा0 न्यायालन में लम्बित होने के कारण उक्त सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया मा0 न्यायलय के आदेशों के अधीन होगी।

(हर्ष वर्धन कपिल)
प्र0 जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा)
समग्र शिक्षा, मुरादाबाद।

(विमलेश कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
मुरादाबाद।

आवेदन पत्र का प्रारूप

1 आवेदित पद का नाम----------
(सम्बन्धित विषय सहित जिस पद पर आवेदन किया गया है।)

स्व प्रमाणित नवीनतम फोटो चस्पा करें

2. अभ्यर्थिनी का नाम----------
3. पिता का नाम----------
4. पति का नाम----------
5. स्थायी पता ग्राम/मोहल्ला/मजरा वार्ड----------पोस्ट----------जनपद----------
पिन कोड्----------
6. पत्र व्यवहार का पता पता ग्राम/मोहल्ला/मजरा वार्ड----------पोस्ट----------जनपद----------
पिन कोड----------
7. दूरभाष/मोबाइल न0----------
8. लिंग----------
9. आरक्षण ----------(अद्यतन जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
10. जन्म तिथि (हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के आधार पर) अंको में----------
जन्म तिथि (हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के आधार पर) शब्दों में ----------
01 अप्रैल 2025 को आयु वर्ष ----------माह ----------दिन----------
11. शैक्षिक योग्यता:-

क्र0. सं0	शैक्षिक योग्यता	संस्था/बोर्ड विश्वविद्यालय का नाम	विषय	उत्तीर्ण वर्ष	प्राप्तांक	पूर्णांक	प्रतिशत
1	हाईस्कूल						
2	इण्टरमीडिएट						
3	स्नातक						
4	प्रशिक्षण						
5	उ0प्र0 स्तर की टी0ई0टी0 विवरण का उल्लेख करें						
6	कम्प्यूटर डिग्री/डिप्लोमा						
7	अनुभव						
8	कक्षा-8						

संविदा नवीनीकण से वंचित रहने पर के0जी0बी0वी0 में कार्यरत रहने का अनुभव

क्र0सं0	के0जी0बी0वी0 का नाम	जनपद का नाम	पद एव विषय	कब से	कब तक

घोषणा

मैं----------पुत्र/पुत्री/पत्नी---------- यह घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में उक्तवत् दिया गया विवरण मेरी जानकारी के अनुसार पूर्णतया सत्य है। इसमें किसी प्रकार का तथ्यगोपन नहीं किया गया है। यदि जॉच में कोई तथ्य/संलग्न प्रमाण पत्र फर्जी अथवा कूट रचित प्रकार का पाया जाता है तो जनपदीय समिति द्वारा लिया गया निर्णय मुझे मान्य होगा। मैं किसी प्रकार का वाद किसी भी न्यायालय में दाखिल नहीं करूंगा/करूंगी

दिनांक-
स्थान-

हस्ताक्षर अभ्यर्थिनी का पूरा नाम

एक नजर

स्कूली वाहनों की जमा कराएं फिटनेस और टैक्स

अंबेडकरनगर : जनपद में परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों का विशेष जांच अभियान एक जुलाई से चलाया जा रहा है। एआरटीओ सतेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जनपद में कुल 875 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं। अभियान के दौरान अब तक 587 स्कूली वाहनों की जांच की गई। जिनमें से 53 वाहन मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। 47 वाहनों की फिटनेस समाप्त मिली। विभाग द्वारा 73 वाहनों का चालान किया है। वहीं दो वाहनों को सीज किया है। इस दौरान 18 हजार रुपए का प्रशमन शुल्क भी वसूला गया है। अभियान शुरू होने से पहले एआरटीओ ने सभी स्कूलों के प्रबंधक और प्रधानाचार्य की बैठक बुलाई थी। उन्होंने मानक पूरा न करने वाले वाहनों को स्कूली वाहन के रूप में प्रयोग न करने का निर्देश दिया था। फिर भी कुछ स्कूल संचालक ऐसे वाहनों का प्रयोग कर रहे हैं। 15 जुलाई को यह चेकिंग अभियान समाप्त हो गया है। एआरटीओ ने स्कूल संचालकों से अपील किया है कि वह अपने वाहनों की फिटनेस और टैक्स जमा करा लें। केवल मानक पूरा करने वाले वाहनों का ही बच्चों की आवाजाही के लिए प्रयोग करें। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का पंजीयन निरस्त करने के साथ कार्रवाई की जाएगी।

खेत तालाब योजना के तहत 52 तालाबों का होगा निर्माण

अंबेडकरनगर : जनपद की भूमि संरक्षण इकाई ने खेत तालाब योजना के तहत 52 तालाबों के निर्माण का लक्ष्य रखा है। इस योजना में दो श्रेणियों के किसान शामिल होंगे। जिला भूमि संरक्षण अधिकारी वृजेश कुमार ने बताया कि पहली श्रेणी में पिछले सात वर्षों में उद्यान या कृषि विभाग से सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने वाले किसान आएंगे। जिनके लिए 40 प्रतिशत यानी 21 तालाबों का लक्ष्य है। इन किसानों को कृषि विभाग के पोर्टल पर उद्यान विभाग का पंजीकरण नंबर और शपथ पत्र जमा करना होगा। दूसरी श्रेणी में वह किसान शामिल होंगे, जिन्होंने अभी तक सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली नहीं लगाई है। इनके लिए 60 प्रतिशत यानी 31 तालाबों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन्हें अनुदान तभी मिलेगा जब वह उद्यान विभाग से त्रिपक्षीय अनुबंध करेंगे। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को 10 दिन के भीतर खतौनी, तालाब स्थल की फोटो और घोषणा पत्र पोर्टल पर अपलोड करना होगा। समय पर दस्तावेज जमा न करने पर बुकिंग रद्द होगी और टोकन मनी जब्त कर ली जाएगी। वहीं भूमि संरक्षण अधिकारी 15 दिन में स्थल निरीक्षण करेंगे। मंजूरी के 30 दिन के भीतर मशीन से तालाब की खोदाई पूरी करनी होगी।

लापरवाही बरतने वालों पर करें कार्रवाई : संजय

सीएमओ ने एएनएम के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों को दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: जनपद के लोहिया भवन सभागार में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में जनपद की समस्त एएनएम के कार्यों की क्षमतावर्धक समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2047 तक हम सभी को प्रयास करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। सभी अधिकारी पूर्ण मनोयोग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करें।

समीक्षा बैठक के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

समीक्षा बैठक में मौजूद सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल व अन्य।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने समस्त कार्यक्रमों का क्रमवार समीक्षा किया। उन्होंने समस्त अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रमों और शासन के निर्देशों का पालन करें। जो भी अधिकारी और कर्मचारी पालन नहीं कर रहा है व कार्यक्रमों में सहभागिता नहीं कर रहा है उसके खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए अवगत कराया जाए। समीक्षा बैठक में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने सभी एएनएम को प्रतिरक्षण कार्यक्रम के लिए बिन्दुवार जानकारी दी और बताया कि बिन्दुओं पर उनको विशेष ध्यान देना है। वहीं जिला कोऑर्डिनेटर सुनील वर्मा द्वारा परिवार नियोजन के बिन्दुओं पर चर्चा और समीक्षा किया गया। एनसीडी कार्यक्रम के अन्तर्गत वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आशुतोष सिंह द्वारा नॉन कम्युनिकेबल डिजीज के बारे में समस्त एएनएम और समस्त चिकित्सा अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम को कार्यक्रम की महत्ता के बारे में अवगत कराया गया।

बैठक में यह भी रहे उपस्थित : बैठक में समस्त अधीक्षक, बीपीएम बीसीपीएम के साथ समस्त जिला कोऑर्डिनेटर, डॉ. एसआर पासवान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएच, डॉ. रामानन्द सिद्वार्थ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. संजय कुमार वर्मा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. मनोज सिंह उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. आशुतोष सिंह जिला कुष्ठ अधिकारी, अनिल मिश्र डीपीएम, डॉ. आशु सिंह एसएमओ डब्लूएचओ, आरती यादव यूनिसेफ, प्रीतम विक्रम डीसीपीएम आदि बैठक में उपस्थित रहें।

जनपद के 37 केंद्रों पर होगी आरओ-एआरओ परीक्षा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

27 को होगा आयोजन

- 16 हजार 968 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा, सुबह 9:30 से 12:30 तक होगी परीक्षा, सीसीटीवी से होगी निगरानी

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 27 जुलाई को आयोजित समीक्षा अधिकारी आरओ और सहायक समीक्षा अधिकारी एआरओ की परीक्षा के लिए जनपद में व्यापक तैयारी की गई है। परीक्षा के लिए जनपद में 36 केंद बनाए गए हैं। जिसमें कुल 16 हजार 968 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता ने बताया कि परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चलेगी। अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे तक परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना अनिवार्य होगा। सभी परीक्षा केंद्रों के गेट 8:45 बजे बंद कर दिए जाएंगे, इसके बाद किसी को भी परीक्षा केंद्रों में प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी, ताकि निष्पक्षता बनी रहे। आयोग की गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक केंद्र पर शौचालय, पेयजल, प्रकाश और फर्नीचर जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिला प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए कमर कस ली है। जिम्मेदार अधिकारियों की टीम परीक्षा केंद्रों की मॉनिटरिंग में लगातार लगी है।

इन केंद्रों पर होगी परीक्षा : जनपद में आरओ और एआरओ की परीक्षा के लिए अकबरपुर नगर में राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बीएन इंटर कॉलेज, बीएन केबी पीजी कॉलेज, रमाबाई राजकीय महिला पीजी कॉलेज, सेंट पीटर्स स्कूल, डॉ. एके पब्लिक स्कूल तमसा मार्ग और ग्रीफिंग पब्लिक स्कूल को केंद्र बनाया गया है। इसके अलावा भी अकबरपुर में छह, जलालपुर सात, कटेहरी एक, टांडा नौ, बसखारी एक, किछौछा एक, भीटी एक, रामनगर में दो केंद्र बनाए गए हैं।

ऐतिहासिक अष्टखंभा के जीर्णोद्धार की मांग

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य के नेतृत्व में अखिल भारतीय राजभर संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से लखनऊ स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान ऐतिहासिक स्थल अष्टखंभा के संरक्षण और सौंदर्गीकरण को लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपा है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को उनके आवास पर मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य व अखिल भारतीय राजभर संगठन के पदाधिकारी।

- संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर पर्यटन मंत्री को सौंपा ज्ञापन

बता दें कि भाजपा नेता व उत्तर प्रदेश की अग्रणी समाजसेवी संस्था नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य के नेतृत्व में अखिल भारतीय राजभर संगठन के जिलाध्यक्ष रामकिशोर राजभर, जिला महासचिव रामनायक राजभर, लोरपुर से सभासद अनिल राजभर और संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने लखनऊ में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से उनके आवास पर मुलाकात किया। पर्यटन मंत्री से इस मुलाकात में विवेक मौर्य और राजभर संगठन के पदाधिकारियों ने मंत्री को अकबरपुर विधानसभा के लोरपुर स्थित ऐतिहासिक अष्टखंभा के संरक्षण व सौंदर्यीकरण का ज्ञापन दिया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को दिए इस ज्ञापन में प्रतिनिधिमण्डल ने राजभरों के स्वर्णिम इतिहास की धरोहर व नागवंश के प्रतीक चिन्ह अष्टखम्बा जोकि राजभरों के आस्था, भावना और गौरव का प्रतीक चिह्न है, उसके जीर्णोद्धार की मांग की है। मंत्री ने इस मांगपत्र को अपनी संस्तुति देते हुए इसे विभाग की अगली कार्ययोजना में सम्मिलित करने का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है।

शाह और योगी भी कर चुके हैं जीर्णोद्वार की घोषणा : पूर्व में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस ऐतिहासिक स्थल के जीर्णोद्धार की घोषणा कर चुके हैं। ऐसे में पर्यटन मंत्री से विवेक मौर्य और अखिल भारतीय राजभर संगठन के प्रतिनिधि मंडल की हुई इस मुलाकात से राजभरों के स्वर्णिम इतिहास की धरोहर अष्टखंभा की वर्षों पुरानी जीर्णोद्धार की आस को बल मिला है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से अखिल भारतीय राजभर संगठन के पदाधिकारियों की इस मुलाकात से अष्टखंभा के जीर्णोद्धार की योजना से हिंदू जनमानस में ख़ुशी की लहर है।

पुलिस ने छापेमारी में नकली गुटखा बनाने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के शहजादपुर-मालीपुर रोड स्थित सिझौली के पास दोस्तपुर पुलिस ने छापेमारी कर नकली गुटखा बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नकली बनारसी आशिक गुटखा और कारतूस ब्रांड सुरती बरामद की है।

पुलिस ने छापेमारी में बरामद किया नकली गुटखा। अमृत विचार

दो लोग गिरफ्तार

- अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के शहजादपुर-मालीपुर रोड पर सिझौली के पास हुई कार्रवाई

बता दें कि कन्नौज निवासी पीयूष दुबे जो कि वाराणसी में बनारसी आशिक नाम से गुटखा तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें हाल ही में कई जिलों से शिकायतें प्राप्त हुई थीं कि उनके ब्रांड के गुटखे की गुणवत्ता में गिरावट आई है। जब उन्होंने जांच कराई तो पता चला कि इसी नाम से नकली गुटखा बाजार में बेचा जा रहा है। जांच के क्रम में यह फर्जीवाड़ा दोस्तपुर जनपद सुलतानपुर में चल रही एक अवैध फैक्ट्री से जुड़ा पाया गया। इसी प्रकार अहिरौली थाना क्षेत्र के खजाये गांव निवासी महेन्द्र कुमार वर्मा जिनका कारतूस ब्रांड नाम से सुरती तम्बाकू का कारोबार है। उन्होंने भी नकली माल की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने छानबीन के बाद दोस्तपुर क्षेत्र से नकली गुटखा तैयार करने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। वहीं जनपद के शहजादपुर से करीब 20 बोरी नकली बनारसी आशिक गुटखा और कारतूस ब्रांड की सुरती बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने मौके से धर्मेंद्र जायसवाल और मिथुन जायसवाल नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है।

पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर युवक की मौत

अंबेडकरनगर: जनपद में अकबरपुर थाना क्षेत्र के बसखारी मार्ग पर एक दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पुरबुढनपुर निवासी मोहम्मद दानिश 22 के रूप में हुई है।

घटना बसखारी मार्ग स्थित टांडा बाईपास के पास शारदा ढाबे के सामने हुई। मोहम्मद दानिश अकबरपुर से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान एक पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही दानिश की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक की मौत से युवक के परिजनों में कोहराम मच रहा।

निजी कालेज के चौकीदार ने मंदबुद्धि किशोरी से किया दुष्कर्म

संवाददाता, आजमगढ़

- पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया, जांच जारी

अमृत विचार: जिले के थाना बरदह क्षेत्र के एक गांव में स्थित एक निजी इंटर कॉलेज में तैनात एक चौकीदार पर एक मंद बुद्धि किशोरी से दुष्कर्म का आरोप लगा है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर, पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुटी है।



जानकारी के अनुसार थाना बरदह क्षेत्र के एक गांव में स्थित एक निजी इंटर कालेज में चपरासी के पद पर कार्य करने वाली महिला की 15 वर्षीय बेटी मंद बुद्ध की बताई जा रही है। वह विद्यालय में अक्सर बकरी चराने जाती थी। करीब चार माह पूर्व इसी कालेज में तैनात बुजुर्ग चौकीदार दशई बिंद (62 वर्ष) ने कालेज में बकरी चराने आई मंदबुद्धि किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। मामले का खुलासा तब हुआ जब किशोरी के पेट मे गर्भ के कारण दर्द हुआ। तब किशोरी की मां डॉक्टर के पास उसे लेकर पहुंची। डॉक्टर सोनोग्राफी कराने की सलाह दी। जब युवती की रिपोर्ट आई तो पता चला कि वह चार माह की गर्भवती है। जिसके बाद किशोरी ने अपनी मां को पूरी बात बताई। जिसके बाद पीड़िता की मां ने सोमवार को बरदह थानां में आरोपी वृद्ध चौकीदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं बरदह थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

आयोजन जनपद स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग, दिखाया दमखम

प्रतियोगिताएं अनुशासन और खेल भावना को देतीं बढ़ावा : शीला

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद के राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडिएम में जिला खेल कार्यालय द्वारा मंगलवार को जनपद स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देती हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडिएम में जनपद स्तरीय आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

जनपद स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 57 किलोग्राम भागर वर्ग में सलीम बेग प्रथम, आदित्य सिंह द्वितीय और विनोद और बिट्टू तृतीय स्थान पर रहे। साथ हीं 61 किलोग्राम भार वर्ग में आदित्य चौहान प्रथम, दिग्विजय द्वितीय, विनोद यादव और अपूर्व तृतीय स्थान पर रहे। वहीं 65 किलोग्राम भार वर्ग में सूरज प्रथम, अखिलेश द्वितीय, अंश और प्रिंस तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार 70 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कर्ष प्रथम, आलोक द्वितीय, सिद्धार्थ और अनुराग तृतीय स्थान पर रहे। 74 किलोग्राम भार वर्ग में रवि यादव प्रथम, संदेश द्वितीय, विवेक और राजशेखर आजाद तृतीय स्थान पर रहे। 79 किलोग्राम भार वर्ग में प्रांजल प्रथम, नीरज द्वितीय और शिवाजी राव और संतोष कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं 86 किलोग्राम भार वर्ग की प्रतियोगिता में विशाल प्रथम कुणाल द्वितीय, एस और सुशांत तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार 92 किलोग्राम में वंश प्रथम, दीपक द्वितीय तथा दिव्यांश और सिद्धांत तृतीय स्थान पर रहे। 97 किलोग्राम भार वर्ग में सलमान प्रथम, हर्षित द्वितीय, शिवांशु और अंशु तृतीय स्थान पर रहे। 125 किलोग्राम में धर्मवीर प्रथम, अर्जुन द्वितीय, अनूप और आलोक यादव तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान समस्त निर्णायक और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

सपा की पीडीए पंचायत का आयोजन

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर : जनपद के विधानसभा क्षेत्र आलापुर में मंगलवार को मकरही गांव में समाजवादी पार्टी की पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव मुलायम सिंह प्रद्युम्न यादव भी शामिल हुए। लोगों को संबोधित करते हुए यूथ ब्रिगेड राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि यह कार्यक्रम 2027 में सपा की सरकार बनाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लक्ष्य के साथ जारी रहेगा। उन्होंने घर-घर पीडीए पर्चा पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रभुत्ववादी और उनके साथी बाबा साहेब के विरोधी रहे हैं। बाबा साहेब ने संविधान बनाकर शोषण वाली सोच पर रोक लगाई थी।

सार-संक्षेप

सपा विधायक ने वृद्धजनों को वितरित किए फल

फल वितरण कार्यक्रम में विधायक राकेश पांडेय व धीरेंद्र पांडेय। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जलालपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक राकेश पांडेय मंगलवार को परम फाउंडेशन द्वारा वृद्धाश्रम दहिरपुर में आयोजित फल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। बता दें कि सपा विधायक हाल ही में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझते हुए जिस साहस, धैर्य और जीवन के प्रति अटूट विश्वास का परिचय दिया, वह वास्तव में अनुकरणीय है। उनका यह संघर्ष उन्हें एक सच्चे योद्धा की पहचान देता है। स्वास्थ्य पूर्णत: सामान्य न होने के बावजूद कार्यक्रम में उपस्थित होकर उन्होंने यह स्पष्ट संदेश दिया कि सेवा का मार्ग कभी रुकता नहीं। उनका यह समर्पण और जनकल्याण के प्रति अडिग संकल्प समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। हम सभी उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि सह जल्द ही पूर्ववत ऊर्जा के साथ पुन: जनसेवा में सक्रिय हों। परम फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय ने सपा विधायक के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर जनसेवा के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की है।

रामकृष्ण परमहंस पी0जी0 कालेज, कैसरगंज जनपद-बहराइच (271903)
माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उत्तर प्रदेश

आवश्यकता है

स्नातक स्तर पर प्रवक्ता कला संकाय के अन्तर्गत पाठ्यक्रम हेतु, 1. राजनीति विज्ञान, 2. अंग्रेजी, 3. समाजशास्त्र, 4. शिक्षाशास्त्र, 5. अर्थशास्त्र, 6. दर्शनशास्त्र
परास्नातक स्तर पर प्रवक्ता 1. हिन्दी, 2. प्राचीन इतिहास
योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के परिनियमावली के अनुसार वेतन / मानदेय देय होगा।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों व दो पासपोर्ट साइज के फोटो के साथ महाविद्यालय के उपर्युक्त पते पर डाक व हाथ द्वारा प्रेषित करें।

राजेंन्द्र सिंह, (प्रबन्धक)
मो0नं0–9628440033, 9415571708, 9415459123

कार्यालय नगर पालिका परिषद उतरौला – बलरामपुर

पत्रांक– 379 /न0पा0परि0उत0 / जन्म–मृत्यु / 2025–26 दिनाँक – 30–06–2025

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नजीबुल्ला पुत्र श्री गुलाम रसूल निवासी मोहल्ला–गाँधीनगर उतरौला जनपद बलरामपुर द्वारा अपने साली के जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है।

क्र0सं0	नाम	पिता/पति का नाम	जन्म तिथि	मृतक का पता
01	शमसुन निशा शेख	मोहम्मद दीन शेख	14–06–1986	मोहल्ला–गाँधीनगर उतरौला – बलरामपुर
02	इशरत जहाँ शेख	मोहम्मद दीन शेख	01–01–1978	मोहल्ला–गाँधीनगर उतरौला–बलरामपुर
3	मेहरून निशा शेख	मोहम्मद दीन शेख	03–04–1980	मोहल्ला – गाँधीनगर उतरौला – बलरामपुर

उपरोक्त जन्म प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति को इनके जन्म से सम्बन्धित आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर अपना आपत्ति पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद किसी भी प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद उतरौला – बलरामपुर

भानमती स्मारक लॉ कालेज, निकट न्यू सर्किट हाउस, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर

में आवश्यकता है:–

स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्राचार्य–01 पद तथा एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता–8 पद
योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

प्रबन्धक–संजय कुमार
मो0नं0–9415404263

भानमती स्मारक महाविद्यालय, निकट न्यू सर्किट हाउस, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर

में आवश्यकता है:–

स्नातक स्तर पर बी0ए0 पाठ्यक्रम (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्राचीन इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, चित्रकला एवं उर्दू) बी0एससी0 पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–01 पद तथा बी0कॉम0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता–5 पद, तथा बी0एससी0 गृहविज्ञान में प्रवक्ता–3 पद,
परास्नातक स्तर पर एम0ए0 पाठ्यक्रम में (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्राचीन इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान) एम0एससी0 पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद तथा एम0कॉम0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता–3 पद
योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

प्रबन्धक–संजय कुमार
मो0नं0–9838370912

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे आधार कार्ड में सतेन्द्र सिंह लिखा है जबकि शैक्षिक अभिलेखों में योगेन्द्र सिंह है। दोनों ही नाम मेरे है, लेकिन योगेन्द्र सिंह सत्य व सही नाम है। मुझे अब योगेन्द्र सिंह के नाम से जाना जाये। **योगेन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह, सदरपुर, बिबिया जलालपुर, कन्नौज।**

सूचना
मैं **श्रीमती मिठाना पत्नी स्व. नन्दराम ग्राम पूरे नवरंग, पोस्ट व थाना व तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली** की मूल निवासिनी हूं। मेरी छह संतानों में सबसे छोटा पुत्र अमित कुमार और छोटी बहू शालिनी के दुर्व्यवहार और अमानवीय कृत्यों से तंग आकर अपने सारे रिश्ते नाते समाप्त करते हुए मैं अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूं। अमित कुमार और शालिनी के किसी भी कृत्य से मैं या मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना
सूचित हो कि मै **सुशील कुमार द्विवेदी पुत्र स्व0 रामआसरे द्विवेदी व श्रीमती सुधा देवी पत्नी सुशील कुमार द्विवेदी निवासीगण ग्राम भड़ावल, थाना डेरापुर, जिला कानपुर देहात।** मेरे चार पुत्र है क्रमशः मनोज कुमार, रोहित कुमार, नितिन कुमार व नितीश कुमार सभी की शादी हो गयी है। मेरा बड़ा पुत्र मनोज कुमार व पुत्रवधू निशा देवी आये दिन कुछ ना कुछ घटनाये कारित करती रहती है और अपराधी किस्म के लोगों को घर बुलाती है जिससे हम पति–पत्नी को उक्त लोग भला बुरा कहते हैं। मेरे पुत्र मनोज कुमार व पुत्रवधू निशा देवी के गलत आचरण से हम लोग संतुष्ट नहीं है इनके द्वारा कोई भी गलत कार्य किया जायेगा तो उसकी जिम्मेदारी मेरे पुत्र मनोज कुमार व पुत्रवधू निशा देवी की होगी। अतः हम दोनों पति–पत्नी पुत्र मनोज कुमार एवं पुत्रवधू निशा देवी को इनके गलत आचरण के कारण अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र इबरार अहमद व उसकी पत्नी जैनब आये दिन मुझे व मेरी पत्नी साफिया बानो को प्रताड़ित करते हैं। जिससे परेशान होकर मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से पुत्र इबरार और उसकी पत्नी जैनब को बेदखल करता हूं। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेनदेन या लिखापढ़ी के ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। – **मो. यूसुफ पुत्र स्व. सुबराती, ग्राम नबीगंज विशुनपुर सारा पोस्ट नेवादा, थाना रौनाही, अयोध्या।**

सूचना
सूचित हो कि मैं **बनवारी लाल पुत्र राजाराम निवासी–म0न0–6 सिठौली खुर्द थाना–गोसाईगंज मोहनलालगंज जनपद–लखनऊ उत्तर प्रदेश** का हूं, मैने अपने पुत्र आलोक यादव बहू पूजा यादव पत्नी आलोक यादव के गलत चाल–चलन एवं लड़ाई–झगड़े से तंग होकर अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज से आलोक यादव व पूजा यादव के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र जयकुमार को उसके गलत चालोचलन व गलत आचरण के चलते अपने चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनके द्वारा भविष्य में कोई गलत कृत्य किया जाता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इससे मेरा या मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **ओमप्रकाश मौर्या पुत्र स्व0 हरिनारायन ग्राम खड़ता थाना मलिहाबाद जिला लखनऊ**

एक नजर

विद्युत बिल संबंधी समस्या समाधान के लिए कैंप कल से

बलरामपुर। विद्युत वितरण खंड बलरामपुर द्वारा सभी 33/11 कब विद्युत उपकेंद्र बलरामपुर टाउन, पूरब टोला, नहर बालागंज, हरिहरगंज, महाराजगंज तराई ,स्टीम पावर हाउस एवं 132/33/11 केवी बलरामपुर से पोषित 11 केवी लिफ्ट कैनाल, इंडस्ट्रियल के उपभोक्ताओं को माहवार निर्गत होने वाले विद्युत बिल से संबंधित समस्या के समाधान के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड बलरामपुर कार्यालय में तीन दिवसीय 17, 18, 19 जुलाई को प्रात: 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा।

बदमाशों ने छीनी नकदी

उतरौला। कोतवाली क्षेत्र में दिनदहाड़े बुलेट सवार बदमाशों ने एक अधेड़ व्यक्ति से 20 हजार रुपये की नकदी छीन ली। वारदात के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। अक्सी बड़हरा निवासी सलीम पुत्र मोहम्मद उमर ने कोतवाली में दर्ज कराई तहरीर में बताया कि वह किसी कार्य से बाहर जा रहा था, तभी बुलेट मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों ने उसके पास पहुंचकर 20,000 की नकदी छीन ली और मौके से फरार हो गए। उतरौला कोतवाली प्रभारी अवधेश राज ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

वैश्विक स्तर पर खड़ा करना चाहता था आर्थिक व धार्मिक नेटवर्क

राजदार नसरीन ने छांगुर बाबा के नेटवर्क का किया खुलासा, छांगुर बाबा के बेटे की गिरफ्तारी के बाद भूमिगत हो गये थे दोनों

लखनऊ/बलरामपुर

अमृत विचार : धर्मांतरण गिरोह के सरगना जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की करीबी राजदार ने नेटवर्क के बारे में कई अहम खुलासे किये। उसने एटीएस के अधिकारियों को बताया कि बाबा का टारगेट धर्मांतरण ही नहीं था। बल्कि वैश्विक स्तर पर एक बड़ा आर्थिक व धार्मिक साम्राज्य खड़ा करना था। इसी योजना के तहत वह पूरे देश में ही नहीं विदेशों में भी हजारों लोगों के संपर्क में थे।

नसरीन, जो छांगुर बाबा गिरोह में दूसरे नंबर की भूमिका में है। उसने बताया कि 2016 से 2020 के बीच बाबा के साथ 19 बार नेपाल, दुबई, तुर्कीए समेत कई देशों की यात्रा पर गई थी। नसरीन ने यह भी बताया कि बेटे की गिरफ्तारी फरवरी में हुई थी। इसके बाद से बाबा विदेश भागने की योजना बना रहा था। उसे संदेह हुआ कि बाबा उसे भी धोखा देकर अकेले भाग निकलेगा। इसी योजना के तहत वह भूमिगत हुआ। दबाव बनाने के बाद बाबा उसे साथ लेकर लखनऊ पहुंचा। जहां 71 दिन तक एक होटल में ठहरा था। इसी दौरान एटीएस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

हाथ से निकला खजाना तो खोला राज

एटीएस के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि बाबा के आर्थिक साम्राज्य की पूरी जिम्मेदारी नसरीन पर थी। पर, बाबा ने इस जिम्मेदारी को अपने बेटे महबूब को सौंप दिया। इसकी भनक लगते ही नसरीन को खतरा मंडराने लगा। नाराज नसरीन ने एटीएस के सामने बाबा के कई अहम राज खोल दिये। नसरीन के कबूलनामे के बाद एटीएस की जांच को बड़ी कामयाबी मिली है।

तामिलनाडु की रहने वाली है नसरीन

एटीएस की जांच में सामने आया कि नीतू उर्फ नसरीन मूलतः तामिलनाडु की रहने वाली है। वह मुंबई निवासी नवीर रोहरा से शादी की थी। इसके बाद छांगुर बाबा की अनुयायी बन गई। इलाज और संतान की लालसा में दोनों ने धर्म परिवर्तन किया। नीतू बनी नसरीन और नवीन बना जलालुद्दीन। धर्मांतरण के बाद बाबा ने उन्हें विदेशों से फंडिंग जुटाने की जिम्मेदारी दी। दोनों ने दुबई के अल फारूक उमर बिन खत्ताब सेंटर से ऑनलाइन धर्मांतरण किया। अब छांगुर बाबा के धर्मांतरण जाल की और भी कई परतें खुलने की उम्मीद जताई जा रही है।

धर्मांतरण की आड़ में काला-सफेद का खेल

एटीएस की जांच में सामने आया कि छांगुर बाबा अपने बेटे को सबसे अमीर बनाना चाहता था। इसके लिए वह धर्मांतरण का गिरोह चला ही रहा था। साथ में देश व विदेशों के कारोबारियों से संपर्क कर हवाला के जरिये काला धन मंगाकर सफेद करने का खेल भी शुरू कर दिया। इसके लिए उसने बलरामपुर, गोंडा, लखनऊ, श्रावस्ती, बहराइच, आजमगढ़, महाराष्ट्र के पुणे में जमीनों का सौदा भी करना शुरू किया। इसमें उसका करीबी मो. अहमद सहयोग करता था। छांगुर बाबा ने ज्यादातर जमीनों की रजिस्ट्री नसरीन के नाम से ही कराई थी। बाबा ने अपने सिंडिकेट में मुस्लिम युवकों की विशेष फौज बना ली थी। जो हिंदु युवतियों से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दोस्ती कर धर्मांतरण करा रहे थे। एटीएस की रिपोर्ट के अनुसार छांगुर बाबा ने देश के 579 हिंदु बहुल जिलों को अपने निशाने पर लिया था। इन जिलों में दो हजार से कारिंदे सक्रिय कर दिये थे।

आठ विदेशी बैंक खातों का हुआ खुलासा

करीब दस दिन की जांच में सामने आया कि छांगुर बाबा के गिरोह के 50 से अधिक बैंक खाते हैं। इसमें नीतू उर्फ नसरीन और उसके पति नवीन उर्फ जलालुद्दीन के नाम से खाड़ी देशों और भारत के संचालित होने आठ विदेशी बैंक खाते खोले गये हैं। जिन बैंकों में खाते खोले गये हैं। उनमें एमिरेट्स एनबीडी, अल नाहदा, मशरक बैंक, फेडरल बैंक, अल अंसारी एक्सचेंज, आईसीआईसीआई वोस्ट्रो, एसबीआई एनआरओ शामिल हैं। इन खातों में 66 करोड़ रुपये से अधिक की लेन-देन की पुष्टि हुई है।

नाती के निकाह में दहेज में मांगा था 5 करोड़ का शोरूम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जलालुद्दीन उर्फ छांगुर के खिलाफ जांच जैसे तेज होती जा रही है। कई राज खुलते जा रहे हैं। छांगुर बाबा ने करीबी नीतू उर्फ नसरीन की बेटी की शादी अपने नाती (बेटी के बेटे) से तय कर रखी थी। दोनों मंगनी की रस्म भी पूरी हो गई थी। निकाह के लिए अगस्त माह भी तय कर लिया था। यहां तक की दहेज में पांच करोड़ की लागत से उतरौला में बने शोरूम की मांग की थी। जिसे देने के लिए नसरीन ने हामी भर दी थी।

छांगुर बाबा ने अपनी करीबी नीतू उर्फ नसरीन और उसके पति नवीन रोहरा के साथ-साथ उनकी बेटी का भी धर्मांतरण करवा दिया था। धर्मांतरण के बाद नीतू की बेटी का नाम सबीहा रखा था। इतना ही नहीं छांगुर ने सबीहा की शादी भी अपने नाती के साथ फिक्स कर दी थी, लेकिन सगाई के कुछ समय बाद वो पुलिस के हत्थे चढ़ गया। ऐसे में निकाह की योजना धरी रह गई।

▸▸ छांगुर बाबा ने नसरीन की बेटी से कराई थी मंगनी, गिरफ्तारी के बाद टल गया निकाह

दुबई से जारी कराया था धर्मांतरण का प्रमाण पत्र

छांगुर बाबा ने नवंबर 2015 में दुबई के इस्लामिक अफेयर्स एंड चैरिटेबल एक्टिविटीज डिपार्टमेंट की ओर से नीतू की बेटी का धर्मांतरण प्रमाणपत्र जारी कराया था। सबीहा की उम्र 18 साल होते ही छांगुर ने उसकी मंगनी अपनी ही बेटी के बेटे यानी कि अपने नाती से करा दी थी। यह राज छांगुर के करीबी बब्बू खान ने खोले। उसने बताया कि दहेज में नीतू उर्फ नसरीन ने बलरामपुर के उतरौला में जमीन लेकर करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से एक शोरूम बनवाया था। इसी साल अगस्त में निकाह की तैयारी थी, लेकिन गिरफ्तार होने के कारण पूरी योजना फेल हो गई। सबीहा लखनऊ स्थित आवास पर रह रही है, जिसमें छांगुर के अन्य परिजन भी रह रहे हैं। जांच एजेंसियां सबीहा से भी पूछताछ कर सकती हैं। नीतू और नवीन की जांच के लिए एक टीम मुंबई भेजने की तैयारी चल रही है।

विदेशी मौलाना से दिलाता था प्रशिक्षण

छांगुर बाबा दुबई और अन्य मुस्लिम देशों से मौलानाओं को बुलवाकर खुद भी प्रशिक्षण देता था। प्रशिक्षण के लिए दो आलीशान कोठियों का निर्माण कराया था। इन कोठियों में तहखाने की तरह कमरे बनाए गए थे। शिजर-ए-तैयबा किताब भी इसी उद्देश्य से लिखी गई थी जिससे लोग आसानी से इस्लाम को समझ सकें। बताया जा रहा है कि छांगुर बाबा का जाल महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, बिहार और पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ है। इस पूरे नेटवर्क को वो विदेशी फंडिंग के जरिए मजबूत करता रहा।

सार-संक्षेप

प्रथम स्थान पाने वाले आईटीआई प्रशिक्षु सम्मानित

प्रथम स्थान पाने वाले मेधावी को सम्मानित करते सदर विधायक। अमृत विचार

बलरामपुर। युवा कौशल दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक पलटू राम व मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता मौजूद रहे। कौशल विकास मिशन के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिन्होंने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में कोपा ट्रेड में शिवम मिश्रा ने 91.83%, फिटर ट्रेड में कुमारी मुस्कान ने 86.66%, आरएसी ट्रेड में शेखर भारती ने 86.25%, बेल्डर ट्रेड में रजनीश साहू ने 86%, प्लंबर ट्रेड में दीपक चौरसिया ने 85.66% और टर्नर ट्रेड में भीमराज विश्वकर्मा ने 85.41% अंक प्राप्त किए। इन सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में आईटीआई उतरौला और बिशनपुर विश्राम के प्रधानाचार्य मैथिली शरण, फोरमैन वीरेंद्र सिंह, आशीष भूषण, अनुदेशक कृष्ण देव यादव, अमित कुमार भारती, मुकेश सिंह, लालजी गुप्ता, बलबीर सिंह, अविनाश यादव, सुग्रीव प्रजापति, चंदन यादव सहित अन्य अनुदेशक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण व रोजगार से जोड़ने के लिए जागरूक किया गया।

आजीविका मिशन की धीमी प्रगति पर कड़ा रुख

गोंडा : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के समुचित उपयोग में हो रही देरी पर गंभीर चिंता जताते हुए जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाने और शेष धनराशि के तत्काल उपयोग का निर्देश दिया है। गोंडा को आजीविका मिशन के अंतर्गत 37.87 करोड़ की सीसीएल एलोकेशन प्राप्त हुई थी, जिसमें से अब तक 29.69 करोड़ ही व्यय किए गए हैं। अभी भी 8.18 करोड़ की राशि अप्रयुक्त पड़ी है, जिससे शासन स्तर पर भारत सरकार को उपयोगिता प्रमाणपत्र भेजने में बाधा उत्पन्न हो रही है। जिलाधिकारी ने मिशन निदेशक के निर्देशों का हवाला देते हुए उपायुक्त, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को आदेशित किया है कि कार्य में युद्धस्तर पर तेजी लाते हुए एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने निर्देशित किया है कि दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक दिन शाम 5 बजे उनके समक्ष व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत की जाए।

एमएसएमई फेसिलिटेशन काउंसिल के सदस्य बने अनिल

गोंडा : लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष अनिल जिज्ञासु को उत्तर प्रदेश शासन ने सूचना लघु एवं मध्यम उद्योग इंटरप्राइजेज देवीपाटन मंडल का मेंबर जज मनोनीत किया है। उद्यमियों के हित में उनके उत्पादों के खरीदार से भुगतान में विलंब होने पर अथवा भुगतान संबंधित कोई समस्या होने पर उसके समाधान सुनिश्चित करने के लिए माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज डेवलपमेंट एक्ट के तहत माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज फेसिलिटेशन काउंसिल का गठन किया गया है।

40 किसानों को 55 लाख का कृषि ऋण वितरित

रुपईडीह, अमृत विचार : पिछले दो सप्ताह किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा बनगाँई ने 40 किसानों के खातों का नवीनीकरण कर 55 लाख 50 हजार रुपए का ऋण वितरित किया। शाखा प्रबंधक राजेश कुमार राव ने बताया उसकी योजना के तहत प्राप्त किसानों की अन्य पत्रावलियों की वसूली अधिकारी सुनील कुमार द्वारा जांच की जा रही है। जांच के बाद उन किसानों के भी खातों का नवीनीकरण कर ऋण वितरित कर दिया जाएगा।

जिले में 16-22 जुलाई तक चलेगा जल संरक्षण अभियान

गोंडा, अमृत विचार : हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भूजल सप्ताह का आयोजन भूगर्भ जल विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस अभियान में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम जिले, तहसील, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर 16 से 22 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। इस अभियान में विद्यालयों में जल संरक्षण विषय पर गोष्ठी, चित्रलेखा और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। भूजल सप्ताह का मुख्य बिंदु "जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित" रखा गया है।

चोरी की ऑटो समेत दो चोर गिरफ्तार

मनकापुर(गोंडा)। कस्बा के आजाद नगर मोहल्ला निवासी इरफान पुत्र मुनव्वर ने तहरीर देकर बताया था कि उन्होंने राजेन्द्र दूबे की पत्नी आशा दूबे से एक ऑटो खरीदी थी। बीते रविवार रात करीब 8 बजे उन्होंने उक्त ऑटो को कटी तिराहे के पास खड़ा किया था, जो कुछ देर बाद वहां से गायब हो गई। अगले दिन सुबह जब उन्होंने ऑटो की तलाश शुरू की तो सूचना मिली कि मछली गांव स्थित शराब ठेके के पास वही ऑटो खड़ी है, जिसमें दो लोग बैठे हैं। कोतवाल मनोज कुमार पाठक के निर्देश पर उपनिरीक्षक बालमुकुंद चौहान ने पुलिस टीम के साथ मौके पर छापा मारकर दोनों चोरों को रंगेहाथ पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने ऑटो चोरी की बात कबूल कर ली। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रिंकू कुशवाहा पुत्र ओम प्रकाश निवासी खिरीहाहीर, थाना शेरामऊ शाहजहांपुर और धर्मेन्द्र पुत्र सहबू निवासी मद्दो भट्ठा, थाना सादुल्लाह नगर बलरामपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

स्काउट गाइड के मिले बेहतर प्रशिक्षण

गोंडा : जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के सभागार में मंगलवार को भारत स्काउट और गाइड के नई कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गयी। मुख्य आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने प्रतिभाग किया। मंडलीय सहायक कमिश्नर राकेश सैनी ने कहा कि जनपद में स्काउट भवन का होना जरूरी है जिसके लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। मुख्य आयुक्त जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ रामचंद्र ने स्काउट गाइड के गतिविधियों को बढ़ाने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए अच्छे प्रशिक्षण पर जोर दिया।

स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम ने जीती महिला हॉकी प्रतियोगिता

बलरामपुर। जिला खेल कार्यालय की ओर से सोमवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें ताइक्वांडो बालक वर्ग, हॉकी बालिका वर्ग एवं हैंडबॉल बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ताइक्वांडो के 60 खिलाड़ी, हॉकी में जनपद की आठ एवं हैंडबॉल में छह टीम ने प्रतिभाग किया। क्रीड़ाधिकारी दिनेश कुमार व उपये क्रीड़ाधिकारी कमाल अहमद ने बताया कि नागेंद्र कुमार गिरी व हिना खातून की देखरेख में आयोजित कराई गई। हैंडबॉल प्रतियोगिता में स्पोर्ट स्टेडियम बलरामपुर ने 10-7 से डीएवी इंटर कॉलेज को हराकर खिताब अपने नाम किया। हॉकी प्रतियोगिता ट्रेनीज स्टेडियम व कस्तूरबा गांधी विद्यालय के मध्य खेला गया। जिसमें ट्रेनीज स्टेडियम ने 3-1 से कस्तूरबा गांधी विद्यालय को हराकर जीत दर्ज कराई।

25 मोहर्रम को होगी पारंपरिक कदीमी शब्बेदारी

बलरामपुर, अमृत विचार। शिया समुदाय की ओर से मोहर्रम की याद में आयोजित होने वाली पारंपरिक कदीमी शब्बेदारी एवं शबीहे ताबूत बीमार-ए-कर्बला 25 मोहर्रम 1447 हिजरी, दिनांक 21 जुलाई 2025 सोमवार की रात 8:30 बजे से आयोजित की जाएगी। यह शब्बेदारी दुनिया भर में मशहूर नौहेख़ां अमीर हसन आमिर की ओर से मरहूम सैय्यद आफताब हुसैन रिज़वी की स्मृति में की जाती है, जिसकी परंपरा पिछले 35 से 40 वर्षों से चली आ रही है।

शब्बेदारी में मजलिस को खिताब करेंगे मौलाना मिर्ज़ा यासूब अब्बास (लखनऊ) और मंच संचालन की जिम्मेदारी अनीस जायसी निभाएंगे। कार्यक्रम में अंजुमन अब्बासिया, अंजुमन हैदरी हल्लौर, अंजुमन मासूमिया जलालपुर, अंजुमन पयाम-ए-हुसैनी अहले सुन्नत मऊ, अंजुमन हुसैनिया सहित कई अंजुमनों की शिरकत रहेगी। नौहा और मर्सिया पेश करने के लिए फरहान बनारसी, मुनव्वर, मशहद, रेहान जलालपुरी, जहीर अब्बास, राजू पाण्डे और ऋषि पाण्डे भी मौजूद रहेंगे। इस शब्बेदारी में उस मुक़द्दस स्थान की मिट्टी की ज़ियारत कराई जाएगी, जहां कर्बला के चौथे इमाम ने चालीस वर्षों तक ग़म-ए-हुसैन में गिरिया किया था।

नाबालिग से दुष्कर्म मामले में 20 साल की सजा

बलरामपुर। ऑपरेशन कनविक्शन के तहत जनपद के टॉप टेन अपराधियों में शामिल सुनील कुमार को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 13,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला वर्ष 2019 का है, जब उतरौला थाना क्षेत्र के ग्राम चीती निवासी सुनील कुमार ने एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर थाना कोतवाली उतरौला में संबंधित धाराओं व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना तत्कालीन विवेचक शंभू सिंह तोमर द्वारा की गई थी और आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। उल्लेखनीय है कि सुनील कुमार के खिलाफ बलरामपुर जिले में चोरी, दुष्कर्म, आर्म्स एक्ट और जानलेवा हमलों से जुड़े आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

परिषदीय स्कूलों की बाल वाटिका में रखे जाएंगे 100 एजुकेटर

बलरामपुर, अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों में प्री प्राइमरी शिक्षा को प्रभावी बनाने की कार्रवाई तेज हुई है। कम नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों के विलय (पेयरिंग) के बीच खाली हो रहे विद्यालयों में बालवाटिका विकसित की जानी है। जिले में इसके लिए 100 एजूकेटर नियुक्त किया जाना है। परिषदीय व कंपोजिट विद्यालयों में बालवाटिका के लिए अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन (ईसीसीई) एजुकेटर रखने की प्रक्रिया शुरू की गई है। विद्यालयों में इनकी तैनाती बीएसए द्वारा की जाएगी।

शिक्षा मंत्रालय ने वार्षिक परियोजना में जिले के परिषदीय प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में बालवाटिका के लिए 100 ईसीसीई एजुकेटर रखने के लिए बजट स्वीकृत किया है। इसके तहत बीएसए को जेम पोर्टल के माध्यम से ईसीसीई एजुकेटर रखने की प्रक्रिया को 30 सितंबर तक पूरा किया जाना है। एजूकेटर का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली आठ सदस्यीय समिति करेगी। एजूकेटर की नियुक्ति 11 महीने के लिए 10313 रुपए मासिक मानदेय पर होगी। समिति में डायट प्राचार्य, बीएसए, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी आदि शामिल होंगे।

असलहा लेकर आधी रात घर में घुसे, दी धमकी

करनैलगंज, अमृत विचार : परसा गोड़री बट पुरवा गांव में गुरुवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब दो अज्ञात युवक एक घर में घुसकर परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

पीड़ित सूरज तिवारी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, वह घर के बरामदे में सो रहा था तभी करीब आधी रात को दो युवक वहां पहुंचे। एक ने पिस्टल सीने पर सटा दी और धमकाते हुए कहा कि गोंडा तहसील में खेत से संबंधित जो मुकदमा चल रहा है, उससे अपने परिवार को अलग कर लो, वरना सभी को गोलियों से भून दिया जाएगा। हंगामा सुनकर अंदर सो रहीं सूरज की मां और दादी भी बाहर आ गईं।

महिलाओं के शोर मचाने पर दोनों युवक मौके से भाग निकले और नहर की सड़क किनारे खड़ी कार में सवार होकर फरार हो गए। सूरज ने बताया कि घटना के तुरंत बाद पुलिस आपातकालीन नंबर 112 पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कॉल नहीं लग पाई। बाद में कोतवाली पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दी गई। इस संबंध में कोतवाल तेजप्रताप सिंह का कहना है कि मामला अभी संज्ञान में नहीं आया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

आठ बार फेल हुई आपूर्ति, सात घंटे गुल रही बिजली

खरगुपुर, गोंडा : उपकेंद्र के बिजली उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। 33 के वी ए से उपकेंद्र को मिलने वाली बिजली कटौती भरपूर हो रही है। पिछले 36 घंटे में बेंदुली से मिलने वाली 33 के वी ए बिजली सप्लाई आठ बार फेल होकर करीब सात घंटे आपूर्ति बाधित रही। वहीं बीते एक महीने में गौर करें तो देवतहा फीडर की ट्राली तीन बार जल चुकी है। जिससे करीब छः हजार उपभोक्ताओं के घरों की घंटों विद्युत सप्लाई बाधित रही है। मुख्यालय से कर्मियों के आने के बाद रिपेयरिंग कर सप्लाई बहाल हो सकी। उमस भरी गर्मी में बिजली की दुश्वारियां से लोगों को मुक्ति नहीं मिल पा रही है। उपकेंद्र पर कई नए फीडर बन जाने के बाद उनका ओवरलोड भी काफी कम हो चुका है। लेकिन उपभोक्ताओं को अभी तक ओवरलोड दे निजात नहीं मिल सका। उपभोक्ताओं की मानें तो विगत तीन रातों में देवतहा फीडर की सप्लाई सबसे खराब रही है।रात में करीब दो से तीन घंटे ही बिजली मिल पाई है। इस सम्बन्ध में जानकारी के लिए अवर अभियंता रवि वर्मा से संपर्क किया गया तो उनका मोबाइल नहीं उठा।

नाबालिग को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार : शादी का झांसा देकर एक 17 वर्षीय नाबालिग के साथ संबंध बनाया और उसके गर्भवती होने पर शादी से इनकार कर दिया। मामले में बालिका की मां ने थाना कटरा बाजार में तहरीर दिया है।

घटना थाना कटरा बाजार क्षेत्र के एक गांव की है, जहां एक व्यक्ति ने 17 वर्षीय किशोरी के साथ निकाह करने का झांसा दिया और एक वर्ष से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब किशोरी गर्भवती हो गई तो उसने अपनी मां को सारी बात बताई, पीड़िता की मां जब युवक के घर पहुंची तथा निकाह की बात से इनकार का कारण पूछा तो उसके परिवार वालों ने उसे गाली गलौज करते हुए मारने का प्रयास किया और धमकी देते हुए भगा दिया। इस मामले में पीड़िता की मां ने युवक और उसके परिजनों समेत चार लोगों के विरुद्ध थाना कटरा बाजार में तहरीर दिया है। हालांकि पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया है। प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार राजेश कुमार सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं आया है। यदि इस तरह की तहरीर प्राप्त होती है तो मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

अभियान चलाकर बंद कराए गए पांच मदरसे

गौरा चौकी : शिक्षा क्षेत्र बभनजोत में खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश पर मंगलवार को बिना रजिस्टर्ड मदरसों पर छापेमारी की। जांच में कई मदरसों को बंद कराकर संबंधित को नोटिस निर्गत किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी बभनजोत महेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को बभनजोत में संचालित अमान्य मदरसों मदरसा अरबिया अहले सुन्नत गुलशन अहमद रजा बंदुवरिया, मदरसा अरबिया अहले सुन्नत मिनहाज उल कुरान रजा नगर डफल डीहवा, मदरसा अरबिया अहले सुन्नत तालीमुल कुरान बंदुवरिया दौलतपुर ग्रांट, दारुल उलूम अहले सुन्नत फैजाने रजा रजानगर दौलतपुर ग्रांट व मदरसा सुभानिया गरीब नवाज जंगाडीह दौलतपुर ग्रांट को बंद कराया गया। विद्यालयो के समस्त बच्चों को नजदीकी परिषदीय विद्यालय में नामांकन कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

48 घंटे से दो गांवों में बिजली ठप

बालपुर। ग्राम पंचायत परसा गोण्डरी के रोसी पुरवा और मालिक पुरवा में इस गर्मी के मौसम विद्युत आपूर्ति बाधित है। गांव के लोगों का कहना है कि बीते 48 घंटे पहले दोनों गाँवों को बिजली आपूर्ति करने वाला ट्रांसफार्मर जल गया था। ट्रांसफार्मर को बदलवाने के लिए विभाग के अधिकारियों से कहा गया और जनसुनवाई के तहत शिकायत भी की गयी, लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया। जिससे करीब दो हजार से अधिक लोगों का उमस भरी गर्मी से उठना बैठना मुहाल ही गया है। अवर अभियंता राम जी से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका नंबर बंद था।

मारपीट में आठ नामजद

रुपईडीह, अमृत विचार : जमीन विवाद को लेकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दोनों पक्षों को मिलाकर आठ लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया है। कौड़िया के विरवा हड़हा गांव निवासी अतीउल्ला व मिथुन के बीच भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि अतीउल्ला की तहरीर पर मिथुन, सलमान, हमजा व सुहेल के विरुद्ध तथा मिथुन की तहरीर पर अतीउल्ला, अरशद, फुरसत व ननकू के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की विवेचना दारोगा खुश मोहम्मद को सौंपी गई है।

नाबालिग को अगवा करने का आरोप

रुपईडीह, अमृत विचार : कौड़िया के एक गांव की अवस्यक बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया हैं। बालिका के पिता ने छोटकाई पुरवा बेलवा बाजार गांव निवासी गणेश तिवारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि अभियोग दर्ज कर बालिका की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना की विवेचना दारोगा अमरजीत सोनकर को सौंपी गई है।

थाना कोतवाली में लगा एकमात्र हैंडपंप खराब

इटियाथोक, गोंडा। इटियाथोक थाना कोतवाली गेट के सामने लगा सरकारी हैंड पंप गंदा पानी दे रहा है। थाना कोतवाली पर आने वाले फरियादियों को गर्मी के मौसम में गंदा पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस समस्या पर न तो पुलिस कर्मियों का ध्यान जा रहा है और न ही ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारियों का। इस सरकारी हैंडपंप का पानी पीने से लोग बीमार हो सकते हैं। इस पर ध्यान किसी का नहीं जा रहा है। थाना कोतवाली पर सैकड़ों फरियादी आते हैं। उनके पानी पीने का एकमात्र साधन भी सरकारी हैंड पंप है। वहीं पुलिस कर्मियों के द्वारा आने वाले फरियादियों से दुकान से ठंडा पानी मंगवा कर पी लेते हैं। इसलिए उन्हें इस समस्या पर उनका ध्यान नहीं जा रहा है।

चकमार्ग से कब्जा हटवाने की लगाई गुहार

करनैलगंज : ग्राम पूरे अंगद निवासी लल्लू पुत्र तिलई ने उपजिलाधिकारी करनैलगंज को प्रार्थना पत्र देकर अपने खेत तक पहुंचने के लिए चकमार्ग से कब्जा हटवाने की मांग की है। पत्र में लल्लू ने आरोप लगाया है कि गाटा संख्या 683 पर दर्ज चकमार्ग पर विपक्षी ननके, कुंवर बहादुर व लल्ला द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, जबकि उक्त चकमार्ग की पैमाइश पूर्व में राजस्व अधिकारियों द्वारा की जा चुकी है। बावजूद इसके, कब्जा नहीं हटाया गया है। जब रास्ता खाली करने को कहा जाता है तो विपक्षी जानमाल की धमकी देते हैं। इस संबंध में उपजिलाधिकारी यशवंत राव ने बताया कि राजस्व निरीक्षक को सीमांकन कराकर पुलिस टीम के साथ कब्जा हटवाने के निर्देश दिए गए हैं।

जलभराव से संक्रामक बीमारी का खतरा

एक जुलाई से चल रहा है संचारी रोग नियंत्रण अभियान, अलर्ट जारी

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : बरसात से हुए जलभराव ने मलेरिया और डेंगू के साथ ही अन्य संक्रामक बीमारियों के लिए खतरा बढ़ा दिया है। जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छर पनपने की आशंका बढ़ गई है। समय पर उपचार न मिलने पर ये बीमारी जानलेवा साबित हो सकती हैं। पिछले वर्ष भी जिले में डेंगू ने कहर बरपाया था। 325 लोगों में डेंगू की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की थी। नौ मलेरिया के मरीज मिले थे। इस वर्ष अब तक दस डेंगू व मलेरिया के चार मरीज मिल चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों का दावा है कि मलेरिया विभाग को सतर्क किया गया है। टीमों ने लार्वा ढूंढने का कार्य शुरू करा दिया गया है।

मेडिकल कॉलेज परिसर में क्षेत्रीय निदान केंद्र के सामने जमा बरसात का पानी। अमृत विचार

सावधानी बरतने से होगा संक्रमण से बचाव

मलेरिया विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों को सावधानी बरतने की अपील की है। यदि इस मौसम में मच्छर पनपते हैं तो आने वाले दिनों में डेंग फैलने की संभावना अधिक हो जाएगी। चिकित्सकों के अनुसार मौसम बदलते ही लोगों को आदतों में भी बदलाव करने की आवश्यकता होती है। वर्षा होने के बाद डेंगू का लार्वा फैलना शुरू हो सकता है। वर्षा के मौसम में गंदगी के कारण मच्छरों का प्रजनन बढ़ जाता है, ऐसे में उनसे होने वाली बीमारियों का प्रकोप बढ़ने की भी संभावना बढ़नी शुरू हो जाती हैं। इससे बचाव करने के लिए आवश्यक है कि घरों के अंदर और आस-पास बेहतर सफाई व्यवस्था रखें। अधिकारियों ने बेहतर उपचार के लिए दवाइयां और जांच किट पहले से ही अस्पतालों में भिजवा दी हैं। जिले के संभावित डेंगू के मरीजों की जिला अस्पताल में ही एलाइजा जांच कराई जाएगी। बरसात के मौसम में पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े पहने, सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, घर के आसपास जलभराव नहीं होने दें, यदि हो तो मिट्टी से पाट दें। नालियों की समय-समय पर सफाई करते रहें। चारों तरफ साफ-सफाई बरतने से और बारिश के बाद पानी को किसी स्थान पर एकत्रित न होने देने से बीमारी से बचाव हो सकेगा।

> डेंगू व मलेरिया को लेकर सभी चिकित्सकों को अलर्ट किया गया है। अति संवेदनशील व संवेदनशील मुहल्लों और गांवों की सूची तैयार हो गई है। मलेरिया विभाग सक्रिय किया गया है। जिले में डेंगू न फैले इसके लिए एक जुलाई माह में अभियान शुरू कर दिया गया है। सफाई व दवा छिड़काव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।
>
> **-डॉ. सीके वर्मा**, एसीएमओ

डेंगू के ये हैं लक्षण

यह किसी को बुखार आए तो उसकी जांच करानी चाहिए। मरीज को यदि ठंड लगने के बाद अचानक तेज बुखार चढ़ना। सिर, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द होना। आंखों के पिछले हिस्से में दर्द होना, जो आंखों को दबाने या हिलाने से और बढ़ जाता है। बहुत ज्यादा कमजोरी लगना, भूख न लगना और जी मिचलाना और मुंह का स्वाद खराब होना। गले में हल्का-सा दर्द होना। शरीर खासकर चेहरे, गर्दन और छाती पर लाल-गुलाबी रंग के रेशेज होना। नाक और मसूड़ों से खून आना। शौच या उल्टी में खून आना। स्किन पर गहरे नीले-काले रंग के छोटे या बड़े चकत्ते पड़ जाना आदि बीमारी के लक्षण है ऐसा दिखे तो तत्काल चिकित्सकों से संपर्क करना चाहिए।

बिना मान्यता के चल रहे 4 विद्यालय कराये बंद

करनैलगंज, अमृत विचार : विकासखंड करनैलगंज क्षेत्र में शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना मान्यता के संचालित चार निजी विद्यालयों को बंद करा दिया। खंड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के तहत रिशाला में संचालित एपीएस पब्लिक स्कूल और आरके मेमोरियल स्कूल को पहले ही बंद कराया जा चुका था।

बिना मान्यता के चल रहे विद्यालय को बंद करातीं बीईओ व पुलिस कर्मी। अमृत विचार

मंगलवार को नकहरा स्थित एसएल पब्लिक स्कूल तथा मोहम्मदपुर कमियार में संचालित मदरसा अहले सुन्नत एज ए मुस्तफा को पुलिस, राजस्व और शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने बंद कराया। बीईओ नूतन जायसवाल ने बताया कि इन विद्यालयों के संचालकों को पहले कई बार नोटिस देकर चेतावनी दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अंततः विभाग को सख्त कार्रवाई करनी पड़ी। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करना है, क्योंकि बिना मान्यता के स्कूलों में न तो शिक्षा की गुणवत्ता होती है और न ही सुरक्षा के मानक। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक मानिक चंद्र पटेल, नायब तहसीलदार सुभद्र कुमार व शिक्षा विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

बिना मान्यता के चल रहे दो स्कूलों को बंद करने की नोटिस

उमरी बेगमगंज। बेलसर शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरी बेगमगंज में संचालित मां बाराही ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल एवं एकलव्य शिक्षण संस्थान डिक्सिर को खंड शिक्षा अधिकारी राम खेलावन सिंह ने नोटिस जारी कर तत्काल स्कूल बंद करने का निर्देश दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि ये विद्यालय विभागीय मान्यता प्राप्त नहीं हैं और नियमों का उल्लंघन करते हुए बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं, जो कि न केवल शिक्षा व्यवस्था के विरुद्ध है, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है। उक्त दोनों विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को तत्काल प्रभाव से नजदीकी परिषदीय/ मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नामांकन कराने का आदेश दिया गया है, ताकि उनकी शिक्षा सुचारू रूप से चलती रहे। वहीं, चेतावनी दी गई है कि यदि विद्यालय प्रबंधन ने विभागीय निर्देशों का अनुपालन नहीं किया, तो उनके खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केवल वही स्कूल संचालित हों जो शासन द्वारा निर्धारित मानकों पर खरे उतरते हो और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण व सुरक्षित शिक्षा प्रदान कर सकें।

बदमाशों ने युवक को अगवा कर मांगी फिरौती

मनकापुर, गोंडा

पीड़ित ने दो लाख दिए फिर भी बदमाशों ने नहीं छोड़ा, अब किडनी निकालने की दे रहे धमकी

अमृत विचार: मनकापुर क्षेत्र के कस्बा पटेल नगर निवासी एक युवक को अज्ञात बदमाशों ने जनपद बस्ती से अगवा कर लिया। खुद को राजस्थान साइबर पुलिस बताकर बदमाशों ने युवक के पिता से फोन पर पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी। परिजनों ने जैसे-तैसे दो लाख रुपये अयोध्या भेजे, जहां विक्रमजोत के पास बदमाशों ने पैसे छीन लिए और अब युवक की किडनी निकालने और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

बस्ती पुलिस को दिए गए तहरीर में गोमती वर्मा ने बताया कि उसका छोटा लड़का श्रीकांत वर्मा शुक्रवार सुबह बाइक से बस्ती के लिए निकला था। जिसे पक्के रोड बस्ती से एक बोलेरो में सवार चार-पांच अज्ञात लोगों ने जबरन गाड़ी में बैठा लिया और अगवा कर लिया। उसी दिन कुछ देर बाद पीड़ित परिवार को एक फोन आया, जिसमें कॉल करने वालों ने खुद को राजस्थान साइबर पुलिस का अधिकारी बताया और कहा कि श्रीकांत उनके कब्जे में है। उन्होंने युवक को छोड़ने के लिए पांच लाख रुपये की मांग की। फोन पर बदमाशों ने श्रीकांत के परिजनों को कहा कि पैसे लेकर अयोध्या पहुंचो। डर और घबराहट में परिजनों ने घर में रखे दो लाख रुपये अपने दूसरे पुत्र रोहित के हाथ भेजे। जब रोहित अयोध्या-बस्ती मार्ग पर विक्रमजोत के पास पहुंचा, तो पहले से घात लगाए बदमाशों ने उसे घेर लिया और बैग में रखा सारा पैसा छीन लिया। रुपया छीनने के बाद बदमाशों ने कहा कि अगर शेष रकम नहीं दी गई तो श्रीकांत की किडनी निकाल ली जाएगी और उसे जान से मार दिया जाएगा। इस धमकी के बाद से परिवार में दहशत का माहौल है।

इस घटना के बाद पीड़ित गोमती वर्मा ने बस्ती नगर कोतवाली में तहरीर दी है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी है और पुत्र की सुरक्षित बरामदगी की मांग की है।

बिना वेतन ड्यूटी कर रहे 10 हजार अध्यापक

गोंडा, अमृत विचार: जिले के 2500 से अधिक परिषदीय स्कूलों में 10 हजार से अधिक शिक्षकों की तैनाती है। नियमों के मुताबिक इन सभी को महीने की एक तारीख को वेतन भुगतान हो जाना चाहिए लेकिन विगत कुछ वर्षों से शिक्षकों को अपने वेतन के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। कभी ब्लाक संसाधन केंद्र से उनकी उपस्थिति की रिपोर्ट समय से नहीं आती तो कभी जिले स्तर पर देरी हो जाती है। ऐसे में हर महीने शिक्षक अपने वेतन भुगतान की मांग को लेकर ज्ञापन देते नजर आते हैं।

बीएसए अतुल तिवारी को ज्ञापन देते पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

जिले के वित्त लेखाधिकारी रहे सिद्धार्थ दीक्षित का जून महीने में तबादला हो गया था। उनके स्थान पर प्रदीप कुमार की तैनाती हुई लेकिन वह कार्यभार ग्रहण करने नहीं आए। ऐसे में विभाग लेखाधिकारी विहीन हो गया और शिक्षकों का जून महीने का वेतन फंस गया। वेतन की मांग को लेकर जब शिक्षक संघर्ष समिति ने जिलाधिकारी से मुलाकात की तब जाकर डीएम ने जिला पंचायत कार्यालय में तैनात लेखाधिकारी को बेसिक शिक्षा का अतिरिक्त चार्ज देने का निर्देश दिया। डीएम के निर्देश पर उन्हें चार्ज भी मिल गया लेकिन अभी तक शिक्षकों को उनके वेतन का भुगतान नहीं हो सका है। पिछले 15 दिन से वेतन भुगतान की कवायद चल रही है लेकिन अभी वेतन की उम्मीद पूरी नहीं हो सकी है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदयभान वर्मा का कहना है कि वेतन न मिलने से शिक्षक आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। वित्त लेखाधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि उन्होंने अभी जल्द ही यहां का अतिरिक्त चार्ज लिया है। औपचारिकता पूरी करने तथा अभिलेखों की जांच पड़ताल के बाद वेतन भुगतान किया जायेगा। एलपीसी स्वीकार करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद ही वेतन बिल जनरेट हो सकेगी।

लेखाधिकारी के न होने से नहीं मिला जून महीने का वेतन

वेतन भुगतान की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मण्डलीय शिक्षक नेता पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने नवागत वित्त लेखाधिकारी बेसिक गिरीश कुमार से मुलाकात की। पिछले 6 माह से लंबित चयन वेतनमान के लिए मंगलवार को पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

शिव मंदिरों में गंदगी पर डीएम नाराज, दी चेतावनी

गोंडा, अमृत विचार: श्रावण मास के दौरान जिले में शिव मंदिरों पर उमड़ने वाली भारी भीड़ के मद्देनजर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर रुख अपनाया है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे को एक कड़ा पत्र जारी कर लापरवाही पर गहरी नाराज़गी जताई है। जिलाधिकारी ने कहा है कि जनपद के प्राचीन शिव मंदिरों पृथ्वीनाथ, दुखहरन नाथ, करोहानाथ, बलेश्वरनाथ, बरखण्डीनाथ आदि पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है, विशेषकर श्रावण के सोमवारों को। इसके बावजूद, मंदिर परिसर और मार्गों की सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि प्रतिदिन सुबह और शाम 'वार रूम' के माध्यम से सफाई अभियान की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष बल दिया कि शिव मंदिरों के प्रांगण और उनके रास्तों पर किसी भी प्रकार की गंदगी न रहनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान यदि निर्देशों का अनुपालन संतोषजनक नहीं पाया गया, तो प्रतिकूल कार्रवाई की जाएगी।

आयोजन | ऑल इंडिया मुशायरे में कवियों ने बांधा समा

चलो अब सर पे अपने हम तिरंगा बांध कर निकलें...

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार: जिले के फुलवारी पब्लिक स्कूल में सोमवार की शाम ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे में कवियों एवं कवित्रियों ने एक के बाद एक कलाम पेश किया। वसीम मजहर गोरखपुरी ने आह्वान किया कि चलो अब सर पे अपने हम तिरंगा बांध कर निकलें, हमें हिन्दोस्तां की सरहदें आवाज़ देती हैं। याकूब 'अज्म' गोण्डवी ने समर्पित किया कि खूब हम ने सजाई आज की शाम, आबरूये ग़ज़ल खुमार के नाम। किरन भारद्वाज ने ज़ोर देकर कहा- कमजोर नहीं हूं कि बिखर जाऊंगी, वो हौसला हूं बन के संवर जाऊंगी।

काव्य पाठ करते कवि। अमृत विचार

अली बाराबंकवी ने नसीब पर पढ़ा कि कितना नसीब वाला हूं मैं भी जहान में, मौला तेरे करम से मेरे घर हैं बेटियां।विराज मंज़र काकोरवी ने महबूबा से कहा अब तेरे लौटने का कोई फायदा नहीं, दिल अब तेरे रडार से बाहर निकल गया। अभिश्रेष्ठ तिवारी लखनवी ने कहा जिस तस्वीर में आप के आशिक सारे थे, गौर से देखो हम भी वहीं किनारे थे। साहब नरायन शर्मा ने बताया मेरे सर पर सदा हाथ माँ-बाप का, गुरु के चरणों में हूँ मैं अभागा नहीं। युवा शायर अलहाज गोण्डवी ने परिभाषा दी चंद सिक्कों की एवज जो बंद करते है जुबां, कुछ भी हो सकते हैं, फनकार नहीं हो सकते। साथ ही डॉ नीता सिंह 'नवल' सत्यम् रौशन लखनवी, अभिषेक श्रीवास्तव व शिवम् मिश्रा ने कलाम पेश किये। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या मालती सिंह, मंडल अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह, डॉ महमूद आलम, मसूद आलम, पी पी यादव, प्रोफेसर आर बी सिंह बघेल, इंकलाब फाउंडेशन से अविनाश सिंह, जसपाल समेत काफी तादाद में श्रोता मौजूद रहे।

पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट अधिवक्ताओं में आक्रोश

गोंडा, अमृत विचार : बार एसोसिएशन के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी व सिविल बार अध्यक्ष सुरेश कुमार मिश्रा ने की। संचालन बार एसोसिएशन के महामंत्री संजय कुमार सिंह तथा सिविल बार महामंत्री मनोज कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी मुअ सं-256/2025, थाना कोतवाली नगर के संदर्भ में की गई। इस दौरान गोकरन नाथ पाण्डेय, महाराज श्रीवास्तव, जगदंबा प्रसाद पांडे, माधव राज मिश्रा, अजीत श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, विनोद मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी ने अधिवक्ता नूर मोहम्मद की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया। जो सांसद गोंडा से मिलकर मुख्यमंत्री को से मिलने का समय तय करेगी।

सार-संक्षेप

कांग्रेस की मनकापुर ब्लॉक इकाई का गठन

मनकापुर में बैठक करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम प्रताप सिंह। अमृत विचार

मनकापुर, गोंडा : कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत मनकापुर ब्लॉक में बैठक ब्लॉक अध्यक्ष पंचम राम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में नई ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें 24 लोगों को शामिल किया गया। बैठक में कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं जिलाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और नई टीम को शपथ दिलाई। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार सिर्फ पूंजीपतियों की हितैषी है और आम जनता की उपेक्षा कर रही है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि मंदिर-मस्जिद के मुद्दों पर जनता को गुमराह किया जा रहा है, जबकि महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है।पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं, किसानों, मजदूरों और व्यापारियों की सच्ची हितैषी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्र, प्रवक्ता प्रवीण कुमार पांडेय, नगर अध्यक्ष नीरज प्रसाद, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार वर्मा, रामसनेही वर्मा, योगेश यादव, रमेश चंद्र यादव, दीपक मिश्रा, हिदायतुल्ला सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीआईओएस ने जारी किया नोडल अधिकारियों की सूची

बेलसर (गोंडा) : जिला विद्यालय निरीक्षक गोंडा डॉक्टर रामचंद्र ने जनपद के पांच सौ चौदह माध्यमिक विद्यालयों से सूचनाओं को आदान प्रदान करने के लिए 36 नोडल अधिकारियों की सूची जारी की है। गोविंद यादव प्रधानाचार्य गंगा प्रसाद मिश्री लाल इंटर कौड़िया, रंजना सोनी, प्रभारी प्रधानाध्यापिका राजकीय हाई स्कूल अचल नगर, सुभाष जायसवाल, सहायक अध्यापक जिगर मेमोरियल इंटर कॉलेज गोंडा, ममता चौधरी प्रधानाध्यापिका राजकीय हाई स्कूल जमदरा झंझरी, अजय मिश्र प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज इटियाथोक, सुभाष मौर्य प्रधानाध्यापक राजकीय हाई स्कूल बस्ती इटियाथोक, आनंद पांडेय, प्रधानाचार्य एम डी बी सिंह इंटर कालेज बेलसर, सुनीता श्रीवास्तव प्रधानाध्यापिका राजकीय हाई स्कूल लव्वा टपरा, राम चंद्र यादव प्रभारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज तालगंज छपिया, अशोक कुमार पांडेय प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज हथियागढ़, मेजर राजाराम प्रधानाचार्य कन्हैया लाल इंटर कॉलेज कर्नलगंज, अरविंद श्रीवास्तव प्रधानाध्यापक राजकीय हाई स्कूल रामापुर टपरा, रमेश कुमार वर्मा प्रधानाचार्य भारतीय इंटर कालेज कटरा, मनोरमा देवी प्रभारी प्रधानाध्यापिका राजकीय हाई स्कूल सेहरिया कला, अशोक कुमार सिंह प्रधानाचार्य भैया हरिभान दत्त इंटर कॉलेज धानेपुर गिरीश त्रिपाठी प्रधानाध्यापक राजकीय हाई स्कूल कोल्हुआ, राधा मोहन पांडे प्रधानाचार्य विद्यानगर किसान इंटर कॉलेज मोतीगंज, सुधीर कुमार प्रभारी ध्यानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल मछली गांव मनकापुर, अजय कुमार श्रीवास्तव प्रधानाचार्य शिक्षक बंधु इंटर कॉलेज बालपुर, आशा सिंह प्रधानाध्यापिका राजकीय हाईस्कूल पहाडापुर हलधरमऊ, नीतू खत्री प्रधानाध्यापिका राजकीय हाईस्कूल गिलौली पंडरी कृपाल, अंकित कुमार मिश्रा सहायक अध्यापक राजकीय हाईस्कूल मुंडेरवा मांफी, नरेंद्र कुमार मिश्रा प्रवक्ता तुलसी स्मारक इंटर कॉलेज परसपुर, राजेंद्र प्रताप सिंह प्रधानाचार्य कृषक समाज इंटर कॉलेज छतौनी, अनूप कुमार शुक्ला प्रधानाचार्य स्वामी नारायण इंटर कॉलेज छपिया, प्रज्ञा प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मसकनवा, कृष्ण कुमार सिंह प्रधानाचार्य महाराजा देवी बक्स सिंह इंटर कॉलेज तरबगंज, राम लली प्रभारी प्रधानाध्यापिका राजकीय हाईस्कूल रांगी तरबगंज, मनमोहन प्रधानाचार्य डीएवी इंटर कॉलेज नवाबगंज, कविता दुबे प्रधानाध्यापिका राजकीय हाई स्कूल माधवापुर टिकरी, अमिता पांडे प्रधानाध्यापिका राजकीय हाईस्कूल सिसई टिकरिया, शिवानंद प्रधानाचार्य स्वामी विवेकानंद इंटर कलेज गोंडा, रामकेश प्रधानाचार्य राजेंद्र नाथ लहरी इंटर कॉलेज डुमरिया डीह, सत्य प्रकाश शुक्ला प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकीय हाई स्कूल सनौली मोहम्मदपुर। डीआईओएस डॉक्टर राम चंद्र ने बताया कि सभी नोडल समस्त सूचनाओं का समय से आदान-प्रदान करेंगे।

वर्तमान युग सिर्फ डिग्री का नहीं, दक्षता का है

प्रमाण पत्र के साथ युवा। अमृत विचार

गोंडा : विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर मंगलवार को विकास खण्ड पंडरी कृपाल के मालती शर्मा मेमोरियल गर्ल्स इण्टर कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता, संगोष्ठी एवं कौशल प्रदर्शनी आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य प्रशिक्षक एवं युवा प्रेरक रजनीकान्त तिवारी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सुशील पाण्डेय उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रजनीकांत तिवारी ने कहा कि आज का युग सिर्फ डिग्री का नहीं, दक्षता का है। युवाओं को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल की ओर भी ध्यान देना चाहिए, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए जरूरी है कि हमारे युवा शिक्षित ही नहीं, कुशल भी हों। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह मंच न केवल प्रतियोगिता का अवसर है,बल्कि आत्मप्रकाशन और आत्मविश्लेषण का भी माध्यम है। विशिष्ट अतिथि सुशील पाण्डेय ने कहा कि समाज तभी सशक्त होगा जब हमारे युवा कौशलयुक्त और स्वावलंबी होंगे। बेटियों द्वारा चित्रकला के माध्यम से सामाजिक संदेश देना एक सकारात्मक पहल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या अवंतिका मिश्रा ने की जबकि संचालन शिक्षक शिव प्रकाश ने किया। विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

अंत्येष्टि स्थल का शिलान्यास हुआ

अंत्येष्टि स्थल का भूमि पूजन करते विधायक प्रेम नरायन पांडेय। अमृत विचार

बेलसर (गोंडा)। ग्राम पंचायत डिडिसिया कला में अंत्येष्टि स्थल शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा विधायक तरबगंज प्रेम नरायन पांडेय व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य विनोद कुमार पांडेय रहे। प्रेम नरायन पांडेय ने कहा कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शुभम उपाध्याय ने ग्राम पंचायत डिडिसिया कला में निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा। कहा कि भाजपा की सरकार में विकास कार्य तेजी के साथ किए जा रहे हैं। सड़क बिजली पानी सहित सभी मूलभूत सुविधाओं के लिए सरकार तेजी के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत रवि प्रकाश, प्रधान प्रतिनिधि शुभम उपाध्याय, अरविंद मिश्र, जय शंकर पांडेय, जिला पंचायत सदस्य रविंद्र नाथ पांडेय, अनुज शुक्ल, नग्गू लाल उपाध्याय, सरोज कुमार उपाध्याय, पूर्व प्रधान राघव राम शुक्ल, रविंद्र पांडेय, राहुल मिश्र, विक्रम तिवारी सहित अन्य लोग रहे।

गांव का भ्रमण कर लिया जायजा

रुपईडीह, अमृत विचार : ब्लॉक के प्रमुख पति पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश सिंह ने ग्राम पंचायत पकड़ी मारूडीह का भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद वह प्रधान पूनम शुक्ल के घर गए। यहां पर दुर्घटना में घायल हुए उनके पति पप्पू शुक्ल के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल की। ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार अवस्थी, अजीत सिंह, भगवती मिश्र, प्रदीप तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

विद्यां ददाति विनयं विनयाद् याति पात्रताम्।
पात्रत्वात् धनमाप्नोति धनात् धर्मं ततः सुखम्।।

ज्ञान विनम्रता प्रदान करता है, विनम्रता से योग्यता आती है और योग्यता से धन प्राप्त होता है, जिससे व्यक्ति धर्म के कार्य करता है और सुखी रहता है।

संपादकीय

नवाचार का केंद्र

दुनिया आज जब आर्थिक अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, भारत मजबूत और स्थिर नेतृत्व के साथ वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह यात्रा आसान नहीं थी, परंतु 140 करोड़ भारतीयों की मेहनत, आकांक्षा और आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति है। भारत एक दशक पहले कई आर्थिक चुनौतियों और नीतिगत जटिलताओं से जूझ रहा था। केवल एक दशक में भारत ने ब्रिटेन को पछाड़कर 2023 में पांचवां स्थान प्राप्त किया और 2025 में जापान को पीछे छोड़कर चौथे स्थान पर आ गया। आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक ने भी इस उपलब्धि की पुष्टि की। 2025 में आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.19 ट्रिलियन डालर तक पहुंच गया है और भारत ने जापान जैसे विकसित देश को पीछे छोड़ दिया है। इस प्रगति की नींव में कई संरचनात्मक सुधार रहे मेक इन इंडिया ने निवेशकों का विश्वास लौटाया और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भारत की रैंकिंग 142 से घटकर 63 पर पहुंची। 2015 में शुरू की गई डिजिटल इंडिया मुहिम ने भारत को डिजिटल नवाचार का केंद्र बना दिया। जनधन, आधार और डीबीटी जैसे मिशनों ने करोड़ों लोगों को वित्तीय प्रणाली से जोड़ा और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई। 2023-24 में भारत का कुल निर्यात 824.9 अरब डॉलर तक पहुंचा-जो आईटी, फार्मा, रत्न-आभूषण, कृषि और इंजीनियरिंग क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन का परिणाम है।

भारत अब 'दुनिया की फार्मेसी' और एक ग्लोबल टेक पावर हाउस के रूप में जाना जाता है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 2024 तक 53.13 करोड़ से अधिक बैंक खाते, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन, और आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से 50 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा दी गई। यह दिखाता है कि भारत का आर्थिक विकास समावेशिता पर आधारित है। आज भारत को पूरी दुनिया स्थिरता, नवाचार और अवसरों के केंद्र के रूप में देख रही है। वैश्विक विश्लेषकों का अनुमान है कि अगर यह रफ्तार बरकरार रही तो भारत 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। भारत की यह उपलब्धि सिर्फ एक आर्थिक सफलता नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के सामूहिक प्रयासों, आकांक्षाओं और आत्मबल की जीत है।

अब नौकरी ही नहीं बिजनेस भी करेगा बिहार

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

यह भी याद रखा जाए कि बिहार में निजी क्षेत्र का निवेश भी होने लगा है। पिछले साल दिसंबर में बिहार की राजधानी पटना में आयोजित इनवेस्ट समिट के दौरान अडानी समूह, सन पेट्रोकेमिकल्स और कई अन्य बड़ी-छोटी कंपनियों ने राज्य में 1.81 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का वादा किया।

अभी कुछ समय पहले मुंबई से पटना की फ्लाइट में साथ की सीट में एक नौजवान लैपटॉप पर काम कर रहा था। फिर हमारी बातचीत होने लगी। उसने बताया कि वो शेयर मार्केट एक्सपर्ट है और पटना से अपना दफ्तर चलाता है। उसके स्टाफ में आठ लोग हैं। उसका काम के सिलसिले में मुंबई आना-जाना लगा रहता है। उसने यह भी कहा कि एक दौर में वो और उसके बहुत सारे दोस्त सरकारी नौकरी करना चाहते थे। पर फिर लगा कि अब कुछ अपना करना चाहिए। कारण था सरकारी नौकरियां घट रही हैं और उन्हें पाना भी आसान नहीं है। दरअसल ये बिहार में बड़े स्तर पर हो रहा है। बिहारी नौजवान अब अपना कारोबार शुरू करने के बारे में सोचने लगे और उस दिशा में बढ़ रहे हैं। वे कारोबारी दुनिया में बेहतर कमा रहे हैं।

यह भी याद रखा जाए कि बिहार में निजी क्षेत्र का निवेश भी होने लगा है। पिछले साल दिसंबर में बिहार की राजधानी पटना में आयोजित इनवेस्ट समिट के दौरान अडानी समूह, सन पेट्रोकेमिकल्स और कई अन्य बड़ी-छोटी कंपनियों ने राज्य में 1.81 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का वादा किया। यह निवेश नवीकरणीय ऊर्जा, सीमेंट, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में होगा। इससे पहले 2023 में आयोजित पहले निवेशक सम्मेलन में बिहार में 50,300 करोड़ रुपये के निवेश का वादा मिला था।

सन पेट्रोकेमिकल्स 36,700 करोड़ रुपये ऊर्जा परियोजनाओं, जैसे पंप हाइड्रो और सौर संयंत्रों में निवेश करेगी। अडानी समूह, जो राज्य में सबसे बड़ा निजी निवेशक है, ने लगभग 28,000 करोड़ रुपये निवेश करने का वादा किया है। यह निवेश एक अत्याधुनिक थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने, सीमेंट उत्पादन क्षमता बढ़ाने, खाद्य प्रसंस्करण और लॉजिस्टिक्स व्यवसायों के विस्तार में किया जाएगा।

बिहार के उद्योग जगत पर नजर रखने वाले जानते हैं कि यहां से ही अनिल अग्रवाल (वेदांता समूह), आर.के. सिन्हा (एसआईएस सिक्योरिटी), संप्रदा सिंह एल्केम लैबोरेटरीज, आनंद कुमार (सुपर 30) जैसे बड़े कारोबारी निकले। इस सूची में कुछ नाम और भी शामिल किए जा सकते हैं और आने वाले समय में यह सूची बहुत लंबी होगी क्योंकि अब बिहारी नौजवान बदलने लगा है। उसे सरकार का साथ भी मिल रहा है।

यकीन मानिए, बिहार अब आर्थिक पुनर्जागरण की मिसाल बनता जा रहा है। हाल ही में पटना में आयोजित एक विशेष औद्योगिक संवाद में देश की 55 आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने हिस्सा लिया। ये कंपनियां राज्य में निवेश की संभावनाएं टटोल रही थीं। ड्रोन, डेटा सेंटर, सोलर उपकरण, लैपटॉप निर्माण और सॉफ्टवेयर सेवाओं से जुड़ी कंपनियों ने जिस उत्साह से बिहार की नई नीतियों की सराहना की, वह बताता है कि राज्य अब 'लालटेन' से 'लैपटॉप' की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा निवेशकों के लिए 70 प्रतिशत तक प्रोत्साहन राशि देने की नीति, सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था और निवेशकों के साथ संवाद की तत्परता ने उद्योग जगत को आकर्षित किया है। इस बार बदलाव केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि ज़मीन पर भी दिखने लगा है। बिहार में आर्थिक चेतना का एक नया अध्याय निवेशकों की भागीदारी से भी खुल रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़े बताते हैं कि बीते पांच वर्षों में बिहार में शेयर बाजार में निवेश करने वाले लोगों की संख्या 0.7 लाख से बढ़कर 52 लाख हो गई है। यह 68 गुना की वृद्धि न केवल देश में सबसे अधिक है, बल्कि यह दर्शाता है कि अब राज्य की जनता आर्थिक निर्णयों को लेकर अधिक जागरूक और आत्मनिर्भर होती जा रही है। यही नहीं, म्यूचुअल फंड में बिहार के निवेशक 89 प्रतिशत हिस्सा इक्विटी योजनाओं में लगा रहे हैं, जो यह संकेत देता है कि उन्हें बाजार की चाल और लाभ-हानि की समझ अब बेहतर हो चुकी है।

बिहार के उद्योग जगत पर नजर रखने वाले जानते हैं कि यहां से ही अनिल अग्रवाल (वेदांता समूह), आर.के. सिन्हा (एसआईएस सिक्योरिटी), संप्रदा सिंह एल्केम लैबोरेटरीज, आनंद कुमार (सुपर 30) जैसे बड़े कारोबारी निकले। इस सूची में कुछ नाम और भी शामिल किए जा सकते हैं और आने वाले समय में यह सूची बहुत लंबी होगी क्योंकि अब बिहारी नौजवान बदलने लगा है। उसे सरकार का साथ भी मिल रहा है। विश्व विख्यात आई सर्जन और दिल्ली एम्स के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के पूर्व डायरेक्टर डॉ. राजवर्धन आजाद कहते हैं कि दरअसल मीडिया में कुछ लोग बिहार को लेकर नकारात्मक खबरें पेश करना अपना धर्म समझते हैं। इससे राज्य की सही तस्वीर सामने ही नहीं आ पाती। इस मानसिकता को बदलने की जरूरत है। बिहार में शिक्षा और सेहत के क्षेत्र में लगातार बेहतर काम हो रहा है। अब उद्योग जगत को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। देखिए इस बदलाव के कई आयाम हैं। एक तो यह कि अब सरकारी नौकरी को ही एकमात्र विकल्प मानने की मानसिकता में कमी आई है। दूसरा, यह कि डिजिटलीकरण और मोबाइल एप आधारित वित्तीय सेवाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच बना ली है। जेरौडा, ग्रो और अपस्टाक्स जैसे प्लेटफॉर्म्स ने न केवल जानकारी को सहज बनाया है, बल्कि निवेश को भी सरल बना दिया है। आज समस्तीपुर का एक छोटा कारोबारी और दरभंगा की एक गृहिणी म्यूचुअल फंड में निवेश कर रही है। यह बदलाव छोटे दिख सकते हैं, लेकिन जब इन्हें करोड़ों लोगों की आदत में शुमार कर लिया जाए, तो इसका प्रभाव देश की पूरी आर्थिक संरचना पर पड़ता है। बिहार के इस बदलाव का संबंध शिक्षा और सूचना तक पहुंच से भी है। बीते एक दशक में राज्य में उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या में वृद्धि हुई है। स्मार्टफोन और इंटरनेट ने ग्रामीण युवाओं को वैश्विक दुनिया से जोड़ा है। सोशल मीडिया और यूट्यूब जैसे माध्यमों ने जानकारी को लोकतांत्रिक बना दिया है। अब वित्तीय निर्णय केवल विशेषज्ञों का क्षेत्र नहीं रहा। आम जनता भी शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, बीमा और टैक्स प्लानिंग जैसी चीजों में रुचि ले रही है। यह समझना भी जरूरी है कि भारत की आर्थिक उन्नति केवल जीडीपी के आंकड़ों या बाजार सूचकांकों से नहीं मापी जा सकती। यह बदलाव तब स्थायी और प्रभावी होगा, जब देश के सभी हिस्से इस विकास में समान भागीदार बनें। बिहार जैसे राज्य, जिनकी दशकों तक विकास दर कम रही, यदि तेजी से ऊपर उठते हैं तो यह भारत के लिए सामाजिक संतुलन और क्षेत्रीय न्याय का संकेत भी होगा।

यह जरूरी है कि नीति निर्धारण में बिहार जैसे राज्यों को केवल लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि साझेदार के रूप में देखा जाए। उनकी समस्याएं, संरचनात्मक बाधाएं, कौशल विकास की जरूरतें, और औद्योगिक आधारभूत ढांचे की कमी को दूर करने के लिए केंद्र और राज्य मिलकर काम करें।

व्यंग्य

अथश्री पौधारोपण कथा

आषाढ़ सावन की रिमझिम फुहारों के बीच प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधारोपण उत्सव मनाया गया। स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक क्षेत्र के पार्क में पौधारोपण की औपचारिकता निभाई गई। धरती की छाती चीरकर करोड़ों की संख्या में पौधे रोपित किए गए। प्रकृति और पर्यावरण के प्रति गंभीर विचार गोष्ठियां हुई। कुछ राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने अपने चहेते मंत्रियों, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को पौधारोपण हेतु आमंत्रित किया। फोटो सेशन भी हुए। एक एक पौधे को अनेक समाजसेवियों ने धरती माता को सौंपा। धरती माता को पौधा समर्पित करते हुए पौधे के संरक्षण एवं संवर्धन का दायित्व निभाने की गुहार लगाई गई। पौधा एक, पौधे को रोपने वाले अनेक की तर्ज पर पौधा रोपने का अभिनय किया। कुछ सामाजिक संस्थाओं के कर्णधारों ने अति उत्साह दिखाया, पुष्पित पल्लवित पुराने पौधे के पास बैठकर हो फोटो खिचवाया। ऐसे में उस माली को फोटो सेशन स्थल से दूर ही रखा गया, जिसने वास्तव में पौधा रोपित किया था। मौलिकता यहां भी कृत्रिम प्रपंचों से सम्मुख हार गई। बहरहाल एक दिन में करोड़ों पौधे रोपने का कीर्तिमान स्थापित किया गया। समाचार पत्रों में ई मीडिया और सोशल मीडिया पर पौधारोपण से जुड़े अनेक फोटो प्रसारित किए गए। वन विभाग को यह दायित्व सौंपा गया था, कि वह डिमांड के अनुरूप सप्लाई करे, पौधों का लेखा जोखा सही से रखे, आंकड़ों में कोई त्रुटि न हो। वन विभाग ने ऐसा ही किया। अपने महाविद्यालय में इसी क्रम में सैकड़ों की संख्या में पौधे मंगाए गए, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उन्हीं के हाथों में पौधारोपण की व्यवस्था सौंपी गई, जिन्हें पौधारोपण का विशेषज्ञ माना जाता है। महाविद्यालय के समूचे स्टाफ ने बढ़ चढ़ कर पौधारोपण समारोह में भाग लिया।

किसी ने एक पेड़ मां के नाम पर रोपित किया, किसी ने बेटे के नाम पर, यानि जाकी रही भावना जैसी, उसने रोपी पौध ही वैसी। विगत बीस बरस से ऐसा ही हो रहा है। सैकड़ों पौधे रोपे जाते हैं, एक दिन माली से उन पर पानी का छिड़काव कराया जाता है। फिर तीसरे दिन पौधे को सींचने की प्रक्रिया की जाती है, तदुपरांत सप्ताह में एक बार पौधे पर पानी का छिड़काव होता है और महीना होते-होते पौधे की तरफ से मुंह मोड़ लिया जाता है। पौधा यदि बेशर्म हुआ तो बिना उचित सिचाई के भी खड़ा रहेगा अन्यथा संरक्षण के अभाव में अवसाद में चला जायेगा, अपनी सुध बुध खोकर आत्महत्या करने हेतु विवश हो जाएगा।

बहरहाल हर बरस यही होता है, यदि ऐसा न होता, तो पौधा रोपण के कीर्तिमान बनने के उपरांत पौधों के अपने पैरों पर खड़ा रहने के कीर्तिमान भी बन जाते, किन्तु लगता है कि पौधारोपण होता ही कीर्तिमान बनाने के लिए है। किसी को न पौधों से सरोकार है, न उनके संरक्षण से।

सुधाकर आशावादी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बहरहाल हर बरस यही होता है, यदि ऐसा न होता, तो पौधा रोपण के कीर्तिमान बनने के उपरांत पौधों के अपने पैरों पर खड़ा रहने के कीर्तिमान भी बन जाते, किन्तु लगता है कि पौधारोपण होता ही कीर्तिमान बनाने के लिए है। किसी को न पौधों से सरोकार है, न उनके संरक्षण से। केवल पौधारोपण में अपने फोटो सेशन से सरोकार होता है। फोटो खिचवाया और सोशल मीडिया पर चस्पा कर दिया। पौधारोपण के लिए आवंटित की गई धनराशि को पौधारोपण में कम और उदरपूर्ति में अधिक खर्च करके समारोह की औचारिकता पूरी कर ली।

बहरहाल सरकारी विभाग इसी कार्यप्रणाली से ही गतिशील रहते हैं। कुछ पौधे धरती पर रोपित करते हैं और कुछ कागजों पर। हर वर्ष यही कथा दोहराई जाती है और कीर्तिमान स्थापित करने के प्रमाणपत्र बांट दिए जाते हैं।

संदिग्ध विश्वविद्यालयों की फर्जी शिक्षा

पिछले दिनों स्पेशल टास्क फोर्स ने हापुड़ की मोनाड यूनिवर्सिटी में चल रहे फर्जी डिग्री घोटाले का भंडाफोड़ कर बड़ी कार्रवाई की। एसटीएफ ने छापेमारी के दौरान 1372 फर्जी डिग्रियां, 262 प्रोविजनल और माइग्रेशन सर्टिफिकेट समेत अन्य कई तरह की सामग्री बरामद हुईं। जांच में पता चला कि यह गिरोह बीए, बीएड, बीए-एलएलबी, फार्मेसी, बीटेक जैसे कोर्स की फर्जी डिग्रियां बनाकर बेचता था। प्रति छात्र 50,000 से चार लाख तक वसूले जाते थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक तरफ फर्जी डिग्रियों के माध्यम से शिक्षा का मजाक बनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ फर्जी विश्वविद्यालय छात्रों को ठग रहे हैं।

कुछ समय पहले यूजीसी ने देश भर में खुले कई फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी। इन विश्वविद्यालयों को किसी भी तरह की डिग्री देने का अधिकार नहीं है। शर्मनाक यह है कि ये विश्वविद्यालय हाल ही में पैदा नहीं हुए हैं बल्कि कई वर्षों से चल रहे हैं। सही जानकारी के अभाव में हजारों छात्र इन फर्जी विश्वविद्यालयों के भंवर में फंस जाते हैं। सवाल यह है कि कई वर्षों से चल रहे इन फर्जी विश्वविद्यालयों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है? अगर ऐसे विश्वविद्यालयों पर पहले ही कार्रवाई हो जाती तो हजारों छात्रों के भविष्य पर मंडराते खतरे को दूर किया जा सकता था। दरअसल ऐसे मामलो में हर कोई अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहता है। यूजीसी समय-समय पर विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराता रहता है। सवाल यह है कि जब यूजीसी और सरकार को फर्जी विश्वविद्यालयों की जानकारी है तो उनके संचालकों की धरपकड़ कर इन अवैध विश्वविद्यालयों को बंद क्यों नहीं कराया जाता? फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची प्रकाशित कर देने मात्र से ही यूजीसी और सरकार अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो जाते। जानकारी होते हुए भी ऐसे विश्वविद्यालयों को कार्य करते देना और उनके संचालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करना तो और भी बड़ा अपराध है।

रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ समय पहले यूजीसी ने देश भर में खुले कई फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी। इन विश्वविद्यालयों को किसी भी तरह की डिग्री देने का अधिकार नहीं है।

यह विडंबना ही है कि आज गली-गली में निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ शिक्षा संस्थानों के क्रियाकलाप संदिग्ध हैं। सवाल यह है कि शिक्षा को व्यापार बनाने के लिए जिम्मेदार कौन है? नब्बे के दशक में शुरू हुई उदारीकरण की आंधी ने अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। हालांकि इससे पहले भी कुछ राज्यों में उच्च शिक्षा निजी हाथों में जा चुकी थी लेकिन नब्बे के दशक में व्यापक रूप से पूरे देश में शिक्षा को निजी हाथों में सौपने का काम किया गया।

इनकी देखा देखी छोटे व्यापारी भी इस क्षेत्र की तरफ भागने लगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक के बाद एक सरकारें इसी नीति पर चलती रहीं। सभी सरकारों द्वारा धड़ल्ले से निजी एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों को मान्यता दी जाती रही। सरकारें बार-बार ये बताती रहीं कि हमारे देश के हालात को देखते हुए अभी और विश्वविद्यालय खोले जाने की जरूरत है। इस हड़बड़ी में शिक्षा की गुणवत्ता की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया।

आजादी के बाद कुछ हद तक शिक्षा नीति की कमजोरी को दूर करने के प्रयास किए गए लेकिन ये प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। एक बार फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की कोशिशें हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे नीति-निर्माता शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की हड़बड़ाहट में अपना विवेक खोकर कुछ ऐसे निर्णय ले रहे हैं जो शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को ठेस पहुंचा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है या फिर इस परिवर्तन के माध्यम से शिक्षा की कमजोरियों को दूर करना है? हमारे नीति-निर्माताओं की नीतियों एवं क्रियाकलापों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा नीति में परिवर्तन करना भर है। इस दौर में उच्च शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कहने को तो शिक्षा नीति में काफी बदलाव हुए हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि हम अभी भी लीक ही पीट रहे हैं। आज अनेक शिक्षक नवाचार को बढ़ावा देकर बेहतरीन काम कर रहे हैं लेकिन यह भी कटु सत्य है कि आज गुरु के रूप में अध्यापक की प्रतिष्ठा लगातार कम हो रही है। शिक्षा जगत में मौजूद इन विसंगतियों के बीच नई शिक्षा नीति में भी एक बार फिर निजी शिक्षण संस्थानों को अनेक तौर-तरीकों से पनपने का मौका दिया गया है। सवाल यह है कि क्या ये संस्थान शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूरा करने की तरफ ध्यान देंगे? अब समय आ गया है कि सरकार निजीकरण की आड़ में पनपे संदिग्ध विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के क्रियाकलापों पर गंभीरता से ध्यान दें ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाए जा सके।

सोशल फोरम

वोटर नहीं, नागरिकता प्रमाणित

क्या बिहार में है वोटबंदी की तैयारी? चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई मतदाता सूची की 'विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया' को लेकर बड़े दावे किए जा रहे हैं-जैसे यह एक सामान्य प्रक्रिया है, सबके लिए समान है, और इससे लोकतंत्र मज़बूत होगा। लेकिन हक़ीक़त कुछ और ही कहती है। इस बार पहली बार ऐसा हो रहा है कि पुरानी मतदाता सूची को पूरी तरह रद्द कर दिया गया है और नागरिकों से नए सिरे से अपना वोटिंग अधिकार साबित करने को कहा जा रहा है-वह भी उन दस्तावेज़ों के आधार पर जो बिहार की लगभग आधी जनता के पास हैं ही नहीं। जनवरी 2025 में ही एक संशोधित सूची प्रकाशित हुई थी। अगर कुछ त्रुटियां थीं तो सामान्य पुनरीक्षण से उन्हें ठीक किया जा सकता था। लेकिन अब सिर्फ एक महीने में सभी से नए फॉर्म, फ़ोटो, हस्ताक्षर और जन्म व नागरिकता प्रमाणपत्र मांगे जा रहे हैं। आयोग ने जिन 11 प्रमाणपत्रों की सूची जारी की है, उनमें से आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर आईडी मान्य नहीं हैं-मतलब, जो आम लोगों के पास हैं, वो इस प्रक्रिया में बेकार हैं। इसका सबसे बड़ा असर पड़ेगा दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, ग़रीबों और प्रवासी मज़दूरों पर-यानी उन पर जिनका वोट पहले भी कमज़ोर माना जाता रहा है। शिक्षित, शहरी और सुविधा संपन्न नागरिक शायद किसी तरह ये काग़ज़ इकट्ठा कर लेंगे, पर क्या एक ग्रामीण महिला, जिसने कभी स्कूल नहीं देखा, या एक मज़दूर जो गांव छोड़कर बाहर कमाने गया है-वो अपनी नागरिकता साबित कर पाएगा? यह तर्क कि यह सब घुसपैठियों को हटाने के लिए है, तथ्य से परे है। अगर बिहार में कोई विदेशी नागरिक हैं भी, तो वे बहुसंख्यक में नहीं हैं। इसके नाम पर ढाई करोड़ भारतीय नागरिकों के वोट कट जाने की आशंका को कैसे नज़रअंदाज़ किया जा सकता है? यह मामला सिर्फ़ वोटर लिस्ट का नहीं है। यह उस एकमात्र अधिकार का सवाल है, जो हर नागरिक को बिना भेदभाव मिला है, वोट देने का अधिकार। क्या हम एक लोकतंत्र में नागरिक हैं या बार-बार अपने ही देश में अपनी नागरिकता साबित करने वाले अनुनयकर्ता? अब सवाल सिर्फ़ यह नहीं है कि आपका नाम सूची में है या नहीं- सवाल यह है कि कहीं यह प्रक्रिया आपके मौलिक अधिकार को ही तो नहीं काट रही?

राजगोपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ लेखक, आगरा

- फेसबुक वॉल से

कभी-कभी अच्छी नीतियों में भी झोल निकल आता है...

मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन को आज तक का सर्वश्रेष्ठ चुनाव आयुक्त माना जाता है। दिसंबर 1990 से दिसंबर 1966 के अपने 6 साल के कार्यकाल के दौरान उन्होंने चुनाव प्रक्रिया के नियमों और संचालन की दिशा में अनेक रचनात्मक सुधार किए थे। आज जैसी स्थिति देखने को मिल रही है, उसे लेकर टी एन शेषन साहब को याद किया जा रहा है। उनके कार्यकाल का एक बड़ा ही मजेदार रोचक वाकया याद आ रहा है, जिसमें इस संदेश को बल मिलता है कि कई बार अच्छी नीतियों में भी कुछ ऐसे झोल निकल आते हैं, जिनका तर्कोचित निराकरण करने की जरूरत महसूस होती है। आजकल तो बिहार चुनाव के मद्देनजर, जिस प्रकार से वोटर लिस्ट के पुनर्निरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है, उससे सुप्रीम कोर्ट भी संतुष्ट नही दिखाई दे रहा। आज कोई भी दावे के साथ नहीं कह सकता कि पुनर्निरीक्षण की सामान्य प्रक्रिया, जिसे संपादित करने हेतु चुनाव आयोग को आठ से बारह महीने से ज्यादा का समय लग जाता है, उसे चुनाव आयोग, क्योंकर और कैसे एक दो माह में ही निपटा देने पर उतारू है।

विजय सिंह
रुद्रपुर, उत्तराखंड

खैर, बात टीएन शेषन की उस नीतिगत आदेश की.. जिसका अक्षरशः अनुपालन के चक्कर में मणिपुर के एक जिलाधिकारी (चुनाव अधिकारी) बेहद परेशान हो गए थे। अंततः उनकी परेशानी का निराकरण, एक पत्रकार की रिपोर्ट के बाद, टी एन शेषन के संज्ञान में आने से ही, संभव हो पाया था। दरअसल शेषन साहब ने चुनाव में धांधली रोकने हेतु जो अनेक सुधार किए थे, उसी क्रम में एक आदेश यह भी था कि जिस बूथ पर 70 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग होगी, वहां फिर से रि-पोलिंग की जाएगी। मणिपुर में एक बूथ पर 100 प्रतिशत वोटिंग देखकर वहां के जिलाधिकारी ने रि-पोलिंग कराई। पुनः 100 प्रतिशत पोलिंग देखने को मिली। जिलाधिकारी ने उक्त रि-पोलिंग को भी अमान्य कर, पुनः रि-पोलिंग कराई। इस बार भी 100 प्रतिशत पोलिंग। जिलाधिकारी ने एकबार और रि-पोलिंग के आदेश दिए। यानि कि तीसरी बार रि-पोलिंग..। इसी दौरान एक जागरूक पत्रकार ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए अखबार में छाप दिया कि, "चाहे जितनी बार रि-पोलिंग करवा लो, वोट 100 प्रतिशत ही पड़ेंगे, क्योंकि उस गांव में कुल 3 वोटर ही हैं, जो वोट डाल आते हैं"। अखबार के माध्यम से जब यह बात शेषन साहब तक पहुंची, तब जाकर रि-पोलिंग की प्रक्रिया को विराम दिया गया। ऐसा भी नहीं था कि 100 प्रतिशत पोलिंग का कारण, जिलाधिकारी को समझ में नहीं आ रहा था, परंतु शेषन साहब की शख्सियत ही कुछ ऐसी थी कि उनका खौफ, अधिकारी तो क्या बड़े बड़े नेताओं के सिर चढ़कर बोलता था। जिलाधिकारी महोदय की हिम्मत ही नहीं हो रही थी कि वो सही कारण की रिपोर्टिंग, शेषन साहब को करके, मसला सुलझा लेते। ऐसा लगता है कि वो बार-बार यह सोचकर रि-पोलिंग करा रहे थे कि शायद तीन वोटरों में से कोई एक भी वोटर किसी कारण वोट न डाले तो उनकी समस्या का स्वतः निराकरण हो जाएगा। पर ऐसा हो नहीं पा रहा था। आज का समय होता तो एक वोटर को बूथ तक जाने से रोकना प्रशासन के लिए कौन सा मुश्किल होता। चुटकी बजाते समस्या हल हो जाती।

सीखने की कई विधाएं

किताबों से, अनुभवों से, संवाद से, और कभी-कभी केवल चुपचाप देख लेने भर से। यह विविधता ही मानव चेतना की सबसे बड़ी खूबी है। लेकिन दुखद विडंबना यह है कि आज का शिक्षा तंत्र या सामाजिक तर्कशास्त्र हर सीखने को एक जैसे फ्रेम में कसना चाहता है। "आपका तरीका भी उनमें से एक है"-यह वाक्य जितना विनम्र प्रतीत होता है, उतना ही गहरा व्यंग्य भी है उन पर जो अपने तरीके को ही 'अंतिम सत्य' मानकर दूसरों पर थोपना चाहते हैं। हर व्यक्ति के सोचने, समझने, सीखने और प्रतिक्रिया देने की प्रक्रिया भिन्न होती है। यह ज़रूरी नहीं कि किसी की कही बात पर सभी एक जैसी प्रतिक्रिया दें। लेकिन आज की दुनिया में, जहां भीड़ की सराहना ही 'सत्य' की कसौटी बन चुकी है, वहां भिन्न दृष्टिकोण को 'असभ्यता' या 'विद्रोह' कहा जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि 'हर क्रिया के लिए एक ही प्रतिक्रिया' केवल मशीनों में होती है, इंसानों में नहीं। इंसानों की सोच परिस्थितियों, परिवेश, पीड़ा, अनुभव और चेतना की परतों से बनती है। यह विविधता किसी भी सजीव समाज की पहचान है, न कि खतरा। जो यह चाहते हैं कि हर विद्यार्थी एक जैसा बोले, हर नागरिक एक जैसा सोचे, हर शिक्षक एक ही भाषा में समझाए-वे दरअसल उस बहुरूपिये मानव मन की हत्या करना चाहते हैं। वे भूल जाते हैं कि जो सवाल सबके भीतर से अलग-अलग तरीके से उठते हैं, उनके उत्तर भी अलग-अलग ही होंगे। इसलिए अगर किसी ने आपके विचार से सहमति नहीं जताई, तो वह नासमझ नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र समझ का प्रतीक हो सकता है। विरोध हमेशा दुश्मनी नहीं होता, यह उस सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसमें हम दूसरों के सत्य के साथ अपने सत्य की तुलना करते हैं। समाज को एक जैसे उत्तर नहीं चाहिए-उसे वैचारिक विविधता की ज़रूरत है। अगर हम हर प्रतिक्रिया को नियंत्रित करने लगेंगे, तो हम अंततः वही बन जाएंगे, जो सोचने की आज़ादी से डरते हैं। क्योंकि सीखना केवल उत्तर रट लेने की प्रक्रिया नहीं है, यह जानने की यात्रा है कि हर उत्तर एक जैसा नहीं होता।

प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

अब सीएचसी पर बनाये जायेंगे दिव्यांगता प्रमाणपत्र

जिलाधिकारी ने सीवीओ को गोसंवर्धन से संबंधित शासनादेश जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

संवाददाता, बहराइच

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करतीं डीएम व मौजूद जनप्रतिनिधि और अफसर। अमृत विचार

अमृत विचार । जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगों के प्रमाण पत्र सीएचसी पर ही बन जायें तथा उन्हें कोई परेशानी ना हो यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। इसके लिए सुविधाओं का विस्तार किया जाय ताकि किसी को कोई समस्या ना हो। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने सीवीओ को गोसंवर्धन से संबंधित शासनादेश जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद डॉ. आनंद गोंड ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूहों के उत्पादों की मार्केटिंग के माकूल बन्दोबस्त कराये जायें। मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में लेबर मद में उपलब्ध बजट 11277.41 लाख के सापेक्ष माह जून तक 10585.11 लाख व्यय कर 4352009 मानव दिवस का सृजन किया गया है। अधि.अभि. ड्रेनेज खण्ड को निर्देश दिया गया कि जनपद में बड़े-बड़े नालों की सफाई के लिए प्रस्ताव तैयार करें।

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता अन्तर्गत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन व पारिवारिक लाभ योजना की समीक्षा के दौरान सुझाव दिया गया कि ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की बुकलेट जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी जाय ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना की समीक्षा के दौरान एमएलसी डॉ. त्रिपाठी ने सुझाव दिया कि कलस्टर के अपूर्ण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराकर कराये गये कार्यों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाय। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आर-सेटी की समीक्षा के दौरान डीएम द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रत्येक सत्र के समापन पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रमाण-पत्र का वितरण कराया जाए। नेशनल मिशन फॉर स्वायल हेल्थ एण्ड फर्टीलिटी योजना अन्तर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सुझाव प्राप्त हुआ कि लैब से संचालित गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय साथ ही क्षेत्र पंचायतों की बैठक में भी व्यापक जानकारी उपलब्ध करायें ताकि अधिकाधिक कृषक लाभान्वित हों।

राष्ट्रीय कृषि बाजार योजना की समीक्षा के दौरान विधायक पयागपुर श्री त्रिपाठी द्वारा पयागपुर मण्डी में सुरक्षा व मरम्मत के सम्बन्ध में दिये गये सुझाव पर डीएम ने सचिव मण्डी को यथाशीघ्र समस्या का समाधान कराये जाने के निर्देश दिये गये। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा के दौरान सुझाव प्राप्त हुआ कि सरकारी समितियों को सक्रिय किया जाय। इस दौरान सद्भावना संस्था के प्रमुख योगेन्द्र मणि त्रिपाठी ने गौ संरक्षण केंद्रों पर टेक्निकल सहायक होने की जानकारी मांगी तथा यह सवाल किया कि क्या विभाग के पास कोई ऐसी योजना है जिससे देशी बछड़ों का बंध्याकरण कर उनकी बढ़ रही संख्या पर रोक लगाई जा सके। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा के दौरान विधायक बलहा श्रीमती सोनकर के सुझाव पर पंचायती राज विभाग को निर्देश दिया गया कि व्यक्तिगत शौचालयों की मरम्मत हेतु ब्लाकवार लाभार्थियों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी जाय एवं सूची की रैण्डम जांच कराये जाने की डीएम से अपेक्षा भी की गई। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना की समीक्षा के दौरान सीएमओ को निर्देश दिये गये कि यथाशीघ्र दुकानों की स्थापना करा दिया जाय तथा दुकानों पर सभी प्रकार की दवाईयों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करायी जा सकें। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, बलहा की श्रीमती सरोज सोनकर, कैसरगंज के आनन्द कुमार यादव, सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि सुनील सिंह व संजीव सिंह, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, नगर निकायों के अध्यक्ष तथा उनके प्रतिनिधि, प्रमुखगण, अन्य जनप्रतिनिधि व समिति के सदस्यगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे। संचालन मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा किया गया।

सार-संक्षेप

स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई, 3 अस्पताल व एक पैथोलॉजी सील

नानपारा, बहराइच, अमृत विचार। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवैध चल रहे पैथोलॉजी और अस्पताल पर सख्त कार्रवाई करते हुए 3 अस्पताल तथा 1 पैथोलॉजी सेंटर को सील कर दिया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुराग वर्मा ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में गठित टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित गायघाट तथा मटिया मोड स्थित असगरी पैथोलॉजी सेंटर तथा चंदन हॉस्पिटल को सील कर दिया गया है तथा तेजस हॉस्पिटल और लखनऊ हॉस्पिटल इन दोनों पर विभागीय ताला लगा दिया गया है क्योंकि दोनों अस्पताल संचालक सूचना मिलने पर अस्पताल बंद करके भाग गए थे ।

अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार : सीमावर्ती थाना क्षेत्र रुपईडीहा अंतर्गत ग्रामपंचायत खैरहनिया में मंगलवार को दोपहर बाद तहसीलदार नानपारा अम्बिका चौधरी व नायाब तहसीलदार अक्षय पाण्डेय व क्षेत्रीय कानूनगो राम नरेश ,लेखपाल पुष्कर तिवारी सहित बुलडोजर लेकर जैसे ही गांव पहुंचे। गांव में भगदड़ व हलचल मच गई। बताते चले कि गांव में स्थित गाटा संख्या 361 जो रास्ते की जमीन है। जिसपर गांव के निवासी जाबिर अली व भूलन अली पुत्र गण हसन अली निवासी खैरहनिया द्वारा रास्ते पर अपना दीवार उठाकर एक के द्वारा गेट लगा लिया था जबकि दूसरे ने टटिया खड़ी कर दी। जिसे जेसीबी से हटाया व गिरा दिया गया। इसी तरह गांव के उत्तर कुला नाला पर अवैध अतिक्रमण किए हुए राम सुहेल व शोभाराम पुत्र गण बुधई के अतिक्रमण को भी हटाया गया। जानकारी देते हुए तहसीलदार नानपारा अम्बिका चौधरी द्वारा बताया गया कि थाना रुपईडीहा के खैरहनिया गांव निवासी कन्हैयालाल पुत्र प्यारे लाल निवासी उपरोक्त के द्वारा कई बार शिकायत की गई व लगातार आई 0 जी0आर0एस डालते रहे। शिकायत पर पैमाइश की गई। जिसमें अवैध अतिक्रमण पाया गया। इन लोगो ने न्यायालय की शरण ली ।जिसमे जमीन के वैध साक्ष्य न दे पाने की स्थित में न्यायालय ने तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। जिसपर कई बार नोटिस देने के बाद भी इन लोगो ने अतिक्रमण नही हटाया। इसी के चलते मंगलवार को न्यायालय के आदेश पर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। इस मौके पर तहसीलदार नानपारा अम्बिका चौधरी ,नायब तहसीलदार अक्षय पाण्डेय , राजस्व निरीक्षक राम नरेश , क्षेत्रीय लेखपाल पुष्कर तिवारी , लेखपाल तौसीफ ,श्याम प्रसाद व रुपईडीहा पुलिस बल व ग्रामीण मौजूद रहे ।

किशोरी ने छत के कुंडे में फंदा डालकर की खुदकुशी

बहराइच। कैसरगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को कोई किशोरी ने घर की मकान की छत में लगे गुंडे में फंदा डालकर खुदकुशी करने की कोशिश की। परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां किशोरी ने दम तोड़ दिया। कोतवाली नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के कोटवा बैराकाजी निवासी आमीन की भतीजी सकीना 12 वर्ष और उसकी छोटी बहन खुशबू के बीच खेल-खेल में विवाद हो गया। दोनों आपस में भिड़ गई। जिस पर परिजनों ने सकीना को फटकार लगाई। इससे परेशान होकर सकीना ने छत के कुंडे में फंदा डालकर खुदकुशी करने की कोशिश की। जब परिजनों को पता चला तो वह उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज गए। जहां पर चिकित्सक ने हालत गंभीर देखकर मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उसकी मौत हो गई है।

कोटेदारों ने प्रदर्शन कर जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बहराइच, अमृत विचार । लाभांश बढ़ाने की मांग को लेकर जिले भर से कोटेदार मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर पहुंचे। धरना देने के बाद अपना मांग पत्र जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपा। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरना स्थल पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों के काफी संख्या में कोटेदार मंगलवार को धरने पर बैठ गए। आल इंडिया फेयर शॉप डीलर एसोशिएशन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष शिव गोविंद गौंड तथा उपाध्यक्ष कमलेश गोस्वामी ने धरना दे रहे कोटेदारों को संबोधित करते हुए कहा कि सिर्फ अपने राज्य में लाभांश के रूप में हम लोगों को सरकार की ओर से 90 प्रति कुंतल लाभांश दिया जा रहा है। जबकि अन्य राज्यों में कोटेदारों को 200 प्रति कुंतल लाभांश दिया जाता है। कोटेदारों से अभी कहा कि जब भी कोई शिकायत होती है तो अलग-अलग विभाग के अधिकारियों से जांच कराई जाती है। अधिकारी जांच के नाम पर कोटेदारों का शोषण करते हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद कोटेदारों ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपा।

स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली का आयोजन

रुपईडीहा, बहराइच। देहात संस्था की अगवाई में स्कूल चलो अभियान जागरूकता नामांकन रैली का किया गया आयोजन आपको बताते चलें मनवरिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों के प्रवेश पंजीकरण प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया ।रैली की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री मती महरे निगार द्वारा किया गया। रैली में सैकड़ों की संख्या में बच्चे उपस्थित हुए, जिनमें छात्र-छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक शामिल हुए ।रैली के दौरान लोगोंको नामांकन के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही यह संदेश भी दिया गया। कि सभी अभिभावको को समय रहते ही अपने बच्चोंका नामांकन सुनिश्चित करें। जिसमे स्कूल के अध्यापक श्री संजय कुमार, सुरेश कुमार, श्री मती रानी देवी आंगनबाड़ी श्री मती अनीता वर्मा वा देहात संस्था के कार्यकर्ता सीपीओ मुजम्मिल , पवन कुमार, नीरज श्रीवास्तव आदि नामांकन जागरुकता रैली कार्यक्रम में शामिल रहे।

एक नजर

बाइक सवार की मार्ग दुर्घटना में मौत, एक घायल

कैसरगंज (बहराइच)। कैसरगंज थाना क्षेत्र के सर्वो ढाबा के निकट नेशनल हाईवे पर एक बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई ।प्राप्त जानकारी के अनुसार राहिल पुत्र नफीस उम्र 20 वर्ष निवासी कुडौनी थाना कैसरगंज बाइक पर सवार होकर कैसरगंज से जरवल कस्बा की ओर जा रहा था कि लखनऊ की ओर से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

पयागपुर ,बहराइच , अमृत विचार : पयागपुर थान्तर्गत ग्राम अमदापुर में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई , ग्राम पंचायत अमदापुर निवासी श्याम मनोहर उर्फ़ तुलसीराम ने गांव के बाहर अपने खेत में छुट्टा जानवरों से सुरक्षा हेतु खंभे लगाकर तार से घेर रखा था , ग्रामीणों का कहना है कि इस में विद्युत करंट भी दौड़ा रखा था, श्याम मनोहर मंगलवार को लगभग सुबह 10बजे अपने खेत में घास काट रहे थे इसी बीच खेत में लगे तार में अचानक करंट उतरने से उसकी चपेट में आने से गिर पड़े, लोगों ने जब गिरते हुए देखा तो उन्हें उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया, परिजनों ने शव वापस लेकर दाह संस्कार कर दिया।

राम जानकी मंदिर में जलभराव की समस्या

भगवानपुर, बहराइच। महसी क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव स्थित ऐतिहासिक राम जानकी मंदिर के नाम से बरसों पूर्व से मंदिर बना है जिसमें पौराणिक शिवलिंग भी स्थापित है सावन का महीना चल रहा है जिससे तमाम श्रद्धालु जल चढ़ाने के लिए मंदिर जाते हैं। जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। बारिश के दिनों में मंदिर प्रांगण और उसके आसपास का क्षेत्र पानी से लबालब भर जाता है, जिससे श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मंदिर के पुजारी पंडित दुर्गेश अवस्थी व स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर परिसर में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे पानी लंबे समय तक जमा रहता है। इससे न सिर्फ मंदिर की पवित्रता प्रभावित होती है।

आवारा कुत्तों के हमले में घायल बालक की मौत

संवाददाता, खैरीघाट, बहराइच

अमृत विचार। खेत में गये एक बारह वर्षीय बालक पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। दौड़कर पहुंचे ग्रामीणों व परिजनों ने इस बालक को कुत्तों से बचाया और जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने इसकी हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान इस बालक की मौत हो गयी। खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कमहरिया गांव निवासी छब्बन का 12 वर्षीय बालक नूरुद्दीन मंगलवार सुबह करीब सात बजे मटेरा नहर के पास खेत से चप्पल लाने गया था। तभी अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। नूरुद्दीन के सिर, कमर, जांघ, पैर आदि कई स्थानों पर कुत्तों ने हमला किया। गंभीर हालत में परिजन सीएचसी शिवपुर लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ नलिन राजा ने बताया कि बालक के सिर, कमर , पैर पर गंभीर जख्म हैं। बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यहां से भी रेफर होने पर बालक को मेडिकल कॉलेज लखनऊ ले जाया गया जहां इलाज के दौरान इसकी मौत हो गयी।

कुत्तों के नोचने की घटनाओं पर डीएम खफा, बीडीओ समेत तीन का वेतन रोका

बहराइच । जनपद की तहसील नानपारा अन्तर्गत विकास खण्ड शिवपुर के थाना खैरीघाट के ग्राम खम्हरिया में 12 वर्षीय बालक को कुत्तों के झुंड द्वारा नोचकर घायल करने की घटना का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी काफी नाराज़ हैं। उन्होंने जिला विकास अधिकारी व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को संयुक्त रूप से मौके की जांच कर आवारा कुत्तों पर प्रभावी रोकथाम कराये जाने तथा अब तक इस सम्बन्ध में कोई प्रभावी कार्यवाही न किये जाने हेतु उत्तरदायी खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी एवं पंचायत सचिव का अग्रेतर आदेशों तक वेतन बाधित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि खण्ड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों को सचिव के माध्यम से आवारा कुत्तों को चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही के सम्बन्ध में पूर्व में अनेको बार निर्देशित करने के बावजूद ऐसे प्रकरण संज्ञान में आने पर डीएम ने कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

सामुदायिक अपर निदेशक पंचायती राज हस्तक्षेप के बाद काम पर लौटे पंचायत कर्मचारी

बहराइच। पंचायती राज विभाग से संबंधित सभी विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की ओर किया जा रहा धरना व अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार मंगलवार को अपर निदेशक पंचायती राज के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया है सभी अधिकारी व कर्मचारी धरना समाप्त कर काम पर लौट आए हैं। जिससे यहां विगत दो दिनों से चल रहा गतिरोध समाप्त हो गया है। देवीपाटन मंडल गिरीशचंद्र रजत मंगलवार को सुबह ही विकास भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से दिए जि रहे धरना स्थल पर पहुंचे। इस दौरान वह कर्मचारी नेताओं और डीपीआरओ समेत अन्य लोगों से बात की। वहां से बातचीत करने के बाद डीडी पंचायत पुन: धरना स्थल पर आये और जिलाधिकारी से हुई बातचीत को काफी सौहार्द पूर्ण बताते हुए आंदोलनरत अधिकारियों व कर्मचारियों से धरना समाप्त कर काम पर लौटने को कहा। जिसके बाद यह धरना समाप्त हो गया। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी पर अभद्रता का आरोप लगाकर पंचायत विभाग के लोगों ने धरना शुरू कर कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया था जिससे काफी समस्यायें पैदा हो गयी थीं। इस दौरान डीपीआरओ, एडीओ पंचायत, सफाई कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष, सचिव संघ जिलाध्यक्ष, रोजगार सेवक संघ जिलाध्यक्ष समेत भारी संख्या में अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

पेंशनर्स एसोसिएशन ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सौंपा अनुस्मारक ज्ञापन

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन बहराइच शाखा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री को संबोधित अनुस्मारक ज्ञापन जिला अधिकारी के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा।

पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष आरसी चौधरी मंत्री इंजीनियर आर पंडित मशरीकी ने सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशन अर्स को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार पेंशनर्स नियमों में बदलाव कर भ्रम पैदा कर रही है पेंशनर्स के वेतन व पेंशन का 1 जनवरी 2026 को पुनरीक्षण करने जा रही है। जिससे देश प्रदेश के कर्मचारियों शिक्षकों एवं पेंशनरों में असंतोष बढ़ता जा रहा रहा है। उन्हें आभाष होने लगा है कि आठवें वेतन आयोग की 16 जनवरी, 2025 को की गयी घोषणा का कियान्वयन किये जाने की सरकार की मंशा नहीं है।

फाइनेन्शियल बिल 2025 के माध्यम से पेंशनरी नियमों में किये गये बदलाव को तत्काल निरस्त कर सेवानिवृत्त होने की तिथि के आधार पर पेंशनर समूह में भेद न पैदा किया जाये। आठवें वेतन आयोग के गठन की कार्यवाही पूर्ण कर उसके नियम एवं शर्तों में पेंशन के पुनरीक्षण का विषय भी संदर्भित किया जाये। कर्मचारियों, शिक्षकों एवं पेंशनरों के वेतन पुनरीक्षण की तिथि एवं वेतन निर्धारण के प्रचलित नियमों के अनुरूप ही पेंशनरों की पेंशन के पुनरीक्षण की तिथि एवं सिद्धान्त में समानता रखी जाये। पेंशनरों की पेंशन राहत का शासनादेश कर्मचारियों, शिक्षकों के मंहगाई भत्ते के शासनादेश की तिथि को ही जारी किया जाये। मंहगाई भत्ते से डी-लिंक न किया जाये। देश में एनपीएस और यूपीएस की व्यवस्था के स्थान पर कर्मचारियों एवं ओपीएस के माध्यम से भुगतान किया जाए। अनिवार्य शिक्षा अधिनियम को दृष्टि में रखते हुए गरीब बच्चों की पढ़ाई हेतु बने प्राथमिक विद्यालयों को न तो किसी अन्य विद्यालय में मर्ज न किया जाए।

नवाचार शिक्षण का प्रयोग करें शिक्षक

शिक्षकों को संबोधित करते एआरपी राजेश कुमार ।

संवाददाता, पयागपुर बहराइच

अमृत विचार । प्राचार्य डायट व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद के समस्त न्याय पंचायतों में शिक्षक संकुल की बैठक आयोजित की गई, इसी क्रम में पयागपुर विकासखंड के शिवदहा न्याय पंचायत के उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा के बैठक हाल में न्याय पंचायत के समस्त शिक्षकों की बैठक संपन्न हुई ।

शिक्षक संकुल बैठक की अध्यक्षता पूर्व एआरपी राजेश कुमार मिश्र ने किया । पूर्व एआरपी राजेश कुमार मिश्र ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी शिक्षक नवाचार के माध्यम से कक्षा शिक्षण नवीन गतिविधि के साथ शिक्षण कार्य करें, शिक्षक संकुल बैठक में सहज -सरल तरीके से पढ़ने- पढ़ाने की गतिविधि, प्रिंटरिच मटेरियल, शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग, शिक्षक डायरी, गणित विज्ञान किट, सहज पुस्तक आदि के कक्षा शिक्षण में प्रयोग करने पर विशेष बल दिया गया 1 शिक्षक संकुल बैठक का पर्यवेक्षण राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ द्वारा नामित जनपद निपुण नोडल सुश्री चैतन्या तथा एसआरजी प्रीति श्रीवास्तव द्वारा किया गया, नवाचार शिक्षण पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक संकुल अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया ।शिक्षक संकुल बैठक में राजेश कुमार मिश्र, अखिलेश यादव,आदित्य विद्यार्थी, हरिओम गौड़, अनिल कुमार सिंह,पेशकर तिवारी, प्रदीप तिवारी, दिनेश कुमार, संजय, मधु, महिमा दुबे , मनोज लता, रतना सिंह, सर्वेश श्रीवास्तव, मोहन, नीलम, मोनिका, चंद्रशेखर तिवारी, अजय, रामनरेश यादव, आदि शिक्षक मौजूद रहे। इसी तरह विकासखंड के न्याय पंचायत,लालपुर,त्रिकोलिया, सोहरियावा, पयागपुर, बभनियावा, हंसुवापरा, खुटेहना, कुशभौना, मे भी शिक्षक संकुल की बैठक संपन्न की गयी।

सीएचसी चरदा में एक दर्जन लोगों ने किया रक्तदान

बहराइच। भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ (भाजपा प्रणित) के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनों युवाओं एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। इन लोगों ने समाजसेवा के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता का परिचय मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ बहराइच के जिलाध्यक्ष शिवपूजन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अरुण राव, उपाध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, राज त्रिपाठी विशेष सिंह, रोजान अली, रिंकू मिश्रा, पवन आदि लोग शामिल रहे।

वर्ग पहेली-33

बाएं से दाएं

1.1. पायल, नूपुर 2. हाथी के पैर में बांधने की ज़ंजीर।

2.1. कटोरे के आकार की कोई वस्तु 2. पत्तों का बना हुआ दोना 3. हथेली की अंजलि 4. डिब्बा, संदूक, पिटारी, (बॉक्स) 5. मृतक का कपाल, खोपड़ी 6. औषधि आदि पकाने के लिए कपड़े और गीली मिट्टी से लपेटकर बनाया गया एक पात्र 7. कोश 8. गीत का टेक, (केविटी)।

5. मस्जिद का वह ऊंचा चबूतरा जिसपर बैठकर इमाम या मुल्ला उपदेश देते हैं अथवा लोगों को नमाज़

7. बरफ़ के कण, हिम के अति सूक्ष्म टुकड़े; जमी हुई बरफ़ के क्रिस्टलों के समूह।

9.1. मुगल संबंधी, मुगलों का-सा, मुगली, मुगलों की तरह का 2. एक विशेष प्रकार का व्यंजन

10.1. मनगढ़ंत किस्सा या कहानी; कल्पित कहानी 2. ब्योरा, विवरण, हाल।

ऊपर से नीचे

2.1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।

3.1. एड़ी के ऊपर और पिंडली के नीचे की उभरी हुई हड्डी 2. उक्त हड्डी के आस-पास का भाग।

4. शोथ, सूजन।

6.1. बाहरी या ऊपरी अंग 2. पूजा के आरंभ में किए जाने वाले औपचारिक और बाह्य कृत्य।

8.1. हिनहिनाना 2. घनघनाना, घंटे का बजाना 3. रक्षा करना 4. किसी काम को करते हुए सोच-विचार करने या बनाने-संवारने के लिए बीच-बीच में ठहरना, धीरे-धीरे धैर्य के साथ करना 5. बनाना, निर्माण करना, संवारना।

1		■	■	2		3
■	■	4	■		■	
5	6		■		■	
■	7				■	■
■		■	■	■	■	8
9				■	■	
■	■	■	■	10		

वर्ग पहेली -32 का हल

■	■	1 कि	■	2 टि	3 पा	रा
4 रँ	ह	च	टा	■	ग	■
■	■	पि	■	5 गि	ल	6 न
■	7 प	च	मे	ल	■	फ़
■	रि	■	■	गि	■	सा
■	षे	■	■	ला	■	नी
8 नि	क	ष	ण	■	■	■

सुडोकू -40

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

							2	
4		3		6	1		8	
5		7	8	2				9
		9			5		1	
	5		3		8		7	
	8		4			5		
8				5	2	1		3
	6		7	3		4		8
	3							

सुडोकू - 39 का हल

5	3	2	4	8	6	1	7	9
7	8	9	1	2	5	3	4	6
6	1	4	9	3	7	8	5	2
8	9	3	6	4	2	5	1	7
4	6	5	7	1	8	9	2	3
1	2	7	3	5	9	4	6	8
9	5	8	2	6	4	7	3	1
2	7	1	5	9	3	6	8	4
3	4	6	8	7	1	2	9	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जुलाई, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी-21.01 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग

2 शु., बु. 4, 3 सू., के. 5 मं., 1, गु., श., चं. 12, 6, 9, 7, 11 रा., 8, 10

दिशाशूल- उत्तर, **ऋतु**- वर्षा।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 05.46 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद 17 जुलाई 4.50 तक।

मेष – आज विदेशी कंपनियों से नौकरी या व्यवसाय के प्रस्ताव मिल सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपको बातचीत अवश्य करनी चाहिए। घरेलू कलह होने की संभावना है। लंबी दूरी की यात्रा पर जानें से बचें। बनते कार्यों में रुकावट आने से चिड़चिड़े हो सकते हैं।

वृष – आज कार्यक्षेत्र में नए मित्र बन सकते हैं। लोग आपके कार्य की प्रशंसा करेंगे। दोस्तों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं। शांति और धैर्य का परिचय दें। व्यापार में बड़े लाभ मिलने की भरपूर संभावना है। रिश्तेदारों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

मिथुन – आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। मार्केटिंग से जुड़े कार्यक्षेत्र में आपको लाभ मिलेगा। घरेलू जीवन में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। बड़े अधिकारियों के साथ अपने संबंध मधुर रखें। संतान की उपलब्धियों से उत्साहित रहेंगे।

कर्क – आज अपनी मनोवृत्ति सदैव सकारात्मक रखें। आपको स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठा की हानि होने की सम्भावना है। सम्पत्ति विवादों को लेकर आपको बचना चाहिये। व्यवसाय में आपको कुछ आवश्यक फेरबदल करने पड़ सकते हैं।

सिंह – आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कार्य का अतिरिक्त दबाव हो सकता है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के रखरखाव में सावधानी रखें। गूढ़ विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। महिलाओं को हार्मोन संबंधी कुछ समस्या हो सकती है। कानूनी विवादों में आपको परेशान होना पड़ सकता है।

कन्या – आज कार्यक्षेत्र का वातावरण ऊर्जावान रहेगा। बच्चे अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। परिस्थितियां पूरी तरह से आपके लिए अनुकूल हैं। लंबे समय से रुका हुआ कार्य आज पुन: प्रारम्भ हो सकता है। जीवनसाथी का पर्याप्त सहयोग आपको मिलेगा।

तुला – आज जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। सहकर्मियों से अत्यधिक सहायता मिलेगी। आत्मविश्वास में कमी होने की सम्भावना है। गर्मी और उमस के कारण सिरदर्द की समस्या हो सकती है। परीक्षा परिणामों में उत्तम सफलता मिलने वाली है।

वृश्चिक – आज नए कार्यों को आरम्भ करना उचित नहीं है। सरकारी कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को उत्तम परिणाम मिलेंगे। अपनी प्रतिभा को और विकसित करने की आवश्यकता है। वाहन धीमी गति से चलायें।

धनु – आज व्यापार में आप नए प्रयोग कर सकते हैं। सरकार की ओर से आपको लाभ प्राप्त होगा। महंगी वस्तुओं की खरीदी करेंगे। धर्म-कर्म के प्रति आप अत्यधिक रुचि लेने वाले हैं। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। मित्र आपसे सहायता की अपेक्षा रखेंगे।

मकर – आज आपकी आर्थिक स्थिति अति उत्तम रहने वाली है। जीवनसाथी के साथ आज एकांत में समय बिताना पसंद करेंगे। महत्वपूर्ण मुद्दों पर परिवार के सदस्यों के साथ चर्चा करेंगे। आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। नई नौकरी आरम्भ करने के अवसर मिलेंगे।

कुंभ – आज कार्यक्षेत्र में परिश्रम का सार्थक परिणाम मिलने में देरी होगी। बैंकिंग से जुड़े मामलों में सावधानी रखने की आवश्यकता है। बच्चों के साथ आप समय व्यतीत करेंगे। प्रेमी जन के साथ मतभेद होने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

मीन – आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ मिलेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने से प्रसन्नता होगी। मूल्यवान वस्तुओं की खरीदी कर सकते हैं। किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होंगे। सभी कार्य सुगमता से पूर्ण हो जायेंगे।

एक नजर

विजय नारायण सिंह हत्याकांड में गवाही दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचार : विजय नारायण सिंह हत्याकांड में मंगलवार को एडीजे प्रथम संतोष कुमार की अदालत में अभियोजन गवाह दिनेश कुमार जिरह के लिए हाजिर हुए। बचाव पक्ष ने गवाह से जिरह पूरी की। अभियोजन के मुताबिक कोतवाली नगर के नारायनपुर निवासी सतीश नारायण सिंह ने सात अप्रैल 2024 को पल्लवी होटल के सामने अपने भाई विजय नारायण सिंह की गोली मारकर की गई हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें अंबेडकर नगर जिले के महरुआ निवासी अजय सिंह सिलावट व अन्य को नामजद किया था। पुलिस अजय सिंह सिलावट के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।

लॉकेट चोरी में दो आरोपियों को मिली जमानत

सुलतानपुर, अमृत विचार : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट) निशा सिंह की अदालत ने सर्राफा दुकान से सोने का लाकेट चोरी करने के आरोप में जेल में बंद ऊषा दूबे उर्फ कमली व सरस कुमार की जमानत याचिका स्वीकार कर ली है। बचाव पक्ष की तरफ से वकील सौरभ तिवारी ने दलीलें देते हुए आरोपियों की जमानत की मांग कोर्ट से की।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दर्ज हुई विवेचक की गवाही

सुलतानपुर, अमृत विचार : धम्मौर थाना क्षेत्र में वर्ष 1998 में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के एक पुराने मामले में मंगलवार को विशेष न्यायालय (गैंगस्टर एक्ट) में तत्कालीन विवेचक अनंत प्रसाद तिवारी की गवाही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दर्ज की गई। यह कार्यवाही विशेष न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत में हुई। एडीजीसी सुशील सिंह ने बताया कि यह मामला आरोपी बृजनाथ सिंह के खिलाफ दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई 30 जुलाई को होगी।

आपत्तिजनक पोस्ट पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

फेसबुक पर सनातन धर्म व मोदी-योगी के विरुद्ध अशोभनीय टिप्पणी को लेकर हिंदूवादी संगठनों का फूटा गुस्सा

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: सोशल मीडिया पर 'अखिलेश चौहान' नामक फेसबुक आईडी से लगातार सनातन धर्म, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध आपत्तिजनक व अशोभनीय टिप्पणियां किए जाने का मामला तूल पकड़ लिया है। इसे लेकर मंगलवार को सनातन समन्वय अभियान के बैनर तले हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उक्त आईडी से रोजाना सनातन मान्यताओं, धार्मिक आस्थाओं और संस्कृति आधारित सरकारी योजनाओं पर अभद्र रील्स और पोस्ट डाली जा रही हैं, जिससे समाज में आक्रोश है।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

आरोपी की पहचान कर हो कड़ी कार्रवाई

विहिप, बजरंग दल, गौरक्षा वाहिनी, संघ और अन्य संगठनों के पदाधिकारियों दिवाकर सिंह, सर्वेश सिंह, जयशंकर दुबे, किरण सोनी आदि के नेतृत्व में कार्यकर्ता ज्ञापन देने पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान सनातन विरोधियों होश में आओ, मोदी-योगी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारे लगे। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को चेताया गया कि यदि ऐसे राष्ट्र व धर्म विरोधी कंटेंट पर रोक न लगी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। साथ ही आरोपी का नेटवर्क चिन्हित कर प्रभावी एक्शन की मांग की गई।

भाकियू की पंचायत को संबोधित करते किसान नेता। अमृत विचार

किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

कादीपुर, सुलतानपुर : भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने मंगलवार को कस्बे के निरीक्षण गृह में पंचायत कर किसानों की समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को संबोधित पांच सूत्री मांग पत्र नायब तहसीलदार प्रदीप मिश्र को सौंपा। मांग पत्र में करौंदी कला क्षेत्र के कई गांवों में आवारा पशुओं से फसलें बर्बाद होने पर गौशाला बनवाने, शारदा सहायक खंड (16) की माइनर में पानी आपूर्ति, चक मार्गों से अतिक्रमण हटाने और मेवानगर-जमालपुर सड़क की मरम्मत की मांग की गई। इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, तहसील अध्यक्ष रामनरेश समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बदहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर : मंगलवार को समाजवादी लोहिया वाहिनी के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट पूजा जैन को सौंपा। लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव के नेतृत्व पदाधिकारी कलक्ट्रेट पहुंचे स्कूल पेयरिंग करने, बदहाल विद्युत व्यवस्था, बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया कि प्राइमरी स्कूल बंद करना बहुत ही निन्दनीय है। जो बच्चे घर के समीप पढ़ते थे उन्हें अब दो से तीन किमी दूर जाना होगा। बदहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर कहा कि जरा सी बूंदाबादी होते ही आपूर्ति घंटों बंद कर देते हैं। गांवों के लोगों को विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है जो आपूर्ति हो भी रही है वह भी लो वोल्टेज होती है। प्रदेश के व्यापारियों के ऊपर हो रहे अत्याचार को बंद किया जाय। चांदा थाना में सरकार के इशारे पर जो सपा कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है उसे वापस लिया जाए। भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। बुनियादी सवालों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से भटकाने के लिए सरकार रोज नए फैसले ले रही है। महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है। इस मौके पर प्रवेश अग्रहरि, मो सुलतान, बसंत अग्रहरि, मो शहजाद, दिलीप वर्मा, शिव कुमार यादव, आदिल खान, राजू चौधरी, योगेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता।

कोटेदारों ने मांगा बढ़ा हुआ कमीशन, सीएम को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर : मंगलवार को आल इंडियन फेयर प्राइस शाप डीलर एसोसिएशन के सुलतानपुर इकाई की बैठक तिकोनिया पार्क में हुई। जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश यादव के नेतृत्व में उचित दर विक्रेताओं ने सीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट पूजा जैन को सौंपा।

कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने जाते कोटेदार। अमृत विचार

कोटेदारों की मांग है कि उन्हें खाद्यान्न पर 90 रुपए क्विंटल तो चीनी पर 70 रुपए प्रति क्विंटल कमीशन दिया जा रहा है। जबकि, अन्य राज्यों में इससे अधिक है। कोटेदारों का आरोप है कि मौजूदा समय में फीड बैक लिया जा रहा है। फोन विरोधियों के पास जा रहा है जो कभी राशन नहीं लेने आते उनके द्वारा उल्टा सीधा जबाव दिया जा रहा है, जिसके आधार पर उनकी जांच हो रही है शोषण के शिकार हो रहे हैं। शासनादेश के मुताबिक डोर स्टेप डिलीवरी उनके दुकान तक गुणवतापूर्ण खाद्यान्न पहुंचाया जाए। पूर्व के सभी बाकी भुगतान कराए जाएं, खाद्यान्न वितरण जब ऑनलाइन हो रहा है तो स्टॉक व वितरण रजिस्टर बंद कर पेपरलेस कार्य को बढ़ावा दिया जाय। एमडीएम व आंगनबाड़ी के खाद्यान्नों पर भी कमीशन दिया जाय। इस मौके पर दर्जनों कोटेदार मौजूद रहे।

एमपी के सीएम के ससुर का 98 वर्ष की अवस्था में निधन

सुलतानपुर, अमृत विचार: शहर के विवेकानंद नगर मोहल्ले के वर्तमान निवासी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के ससुर का मंगलवार की देर शाम निधन हो गया। जानकारी मिलते ही सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है।

बता दें कि अंबेडनगर जिले के भीटी तहसील कोर्रा डड़वा पोस्ट डहेमा गांव के मूल निवासी व जिले के विवेकानंद नगर निवासी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के ससुर ब्रह्मदीन यादव(98)पुत्र नक्कू यादव ने नगर क्षेत्र के आवास पर अंतिम सांस ली। श्री यादव काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। अभी कुछ दिन पहले फेफड़े में इन्फेक्शन के वजह से सुलतानपुर मेडिकल

पिछले काफी दिनों से चल रहे थे बीमार

कॉलेज में एडमिट थे।जिन्हे देखने जिला अस्पताल एमपी सीएम की पत्नी सीमा यादव भी आई थी।जिला अस्पताल से बेहतर इलाज के बाद स्वास्थ्य में सुधार को देखते हुए चिकित्सक ने इन्हें डिस्चार्ज कर दिया। इन्होंने विद्या भारती के संगठन मंत्री सहित अन्य दायित्वों का निर्वाहन बखूबी किया था। एमपी सीएम के ससुर की मौत की सूचना मिलते ही जिले के भाजपाई सहित अन्य लोग सांत्वना देने इनके आवास पहुंच रहे है। इनके कुल चार संताने परमानंद यादव, विवेकानंद यादव, सदानंद यादव व बेटी सीमा यादव पत्नी मोहन यादव है।

सार-संक्षेप

छात्राओं को मिलेगी आत्मरक्षा की ट्रेनिंग

जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत जनपद के 21 चयनित राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को तीन माह तक आत्मरक्षा (मार्शल आर्ट) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह निर्देश राज्य परियोजना निदेशक, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अभियान, लखनऊ द्वारा प्राप्त हुए हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य बालिकाओं को विषम परिस्थितियों से निपटने हेतु मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाना है। इस हेतु मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट धारक प्रशिक्षकों से 18 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीआईओएस सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में प्रतिदिन 40 मिनट के प्रशिक्षण के लिए तीन माह तक सेवाएं ली जाएंगी, जिसके बदले प्रशिक्षकों को 5000 प्रति माह मानदेय दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने को इच्छुक व महिला प्रशिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

नकली गुटखा फैक्ट्री का पुलिस ने किया खुलासा

सुलतानपुर, अमृत विचार : गुटखा कंपनी के अधिकारियों की शिकायत पर दोस्तपुर पुलिस नकली गुटखा बनाने वाले को दबोच लिया है। साथ ही तैयार नकली गुटखा व नगदी भी बरामद कर पूछताछ में जुटी है। अंबेडकर नगर जिले के मालीपुर थाना क्षेत्र के धमुरहा गांव निवासी धर्मेंद्र ने दोस्तपुर थाना क्षेत्र के दुल्हापुर खोदा में रमेश गुप्ता का किराए पर कमरा ले रखा था। अपने भाई मिथुन व गांव के ही विशाल बहराइच के पैगीपुर निवासी अंकित के साथ नकली गुटखा फैक्ट्री बना रखी थी। जहां पर वह कमला पसंद, तम्बाकू व अन्य गुटखा बनाते थे। जानकारी मिलने पर कमला पसंद गुटखा के अधिकारी शिवम दूबे व अन्य अधिकारियों ने दोस्तपुर थाने पर शिकायत की। शिकायत पर दोस्तपुर पुलिस ने नकली गुटखा फैक्ट्री से गुटखा बनाने वाली मशीन, 15 हजार नगद मोबाइल व एक पिक अप माल बरामद कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया। दोस्तपुर थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि कंपनी की अधिकारियों की तहरीर पर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

हर घर दीप जलेगा हर बच्चा स्कूल चलेगा

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : मंगलवार को उच्च प्रथमिक विद्यालय जयसिंहपुर के छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बच्चों ने जयसिंहपुर कस्बे से मोकलपुर तक करीब दो किमी की जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान बच्चे आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे, हर घर दीप जलेगा हर बच्चा स्कूल चलेगा का नारा लगाते रहे। वहीं, प्रभारी प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों को परिषदीय स्कूलों की गुणवत्ता की जानकारी देते हुए नौनिहालों को निशुल्क नामांकन कराने की अपील की। इस मौके पर शशिकांत सिंह, राम पति वर्मा, राम मिलन, अंकिता व विभा सहित अन्य शिक्षक शिक्षकाएं व नौनिहाल मौजूद रहे।

जयसिंहपुर में निकाली गई स्कूल चलो अभियान की रैली

संभव अभियान 5.0 के तहत नौनिहालों की नापी गई लंबाई

सुलतानपुर, अमृत विचार : बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण ट्रैकर द्वारा जिले के सौ आंगनबाड़ी केंद्रों का चयन किया गया था। चयनित केंद्रों पर मंगलवार को पांच वर्ष तक के बच्चों की लंबाई नापी गई। विभागीय जानकारी के मुताबिक महकमे द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा संचालित पोषण ट्रैकर एप से निदेशालय 14 बाल विकास परियोजना से सौ केंद्रों को चिन्हित कर उनकी सूची जिला कार्यक्रम अधिकारी को भेजी गई थी। विभिन्न विभागों से सौ नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में नौनिहालों की लंबाई नापी गई। सरकार द्वारा वर्ष 2030 तक नाटापन में कमी लाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। कुपोषण से बचने व उनके पोषण स्तर में सुधार के लिए कार्य किया जाएगा।

बभनगवां में जल जीवन मिशन के प्रोजेक्ट का निरीक्षण करते डीएम व सीडीओ।

पेयजल परियोजना में लापरवाही पर एक्सईएन को नोटिस

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी कुमार हर्ष एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने विकास खंड भदैया के बभनगवां और बरूई ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत चल रही पेयजल परियोजना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ट्यूबवेल, बोरिंग, पम्प हाउस, अवर जलाशय, पम्पिंग प्लांट, बाउंड्रीवाल तथा सोलर पैनल आदि कार्यों की समीक्षा की गई। करीब 644.80 लाख लागत की इस परियोजना से बभनगवां, मलहटी, उंचवा, बुधू निषाद बस्ती, रामलाल बस्ती व झौवारा पुरवा समेत लगभग 6540 ग्रामीणों को लाभ मिलने की उम्मीद है। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की धीमी गति, अवर जलाशय का अधूरा निर्माण और स्थल पर श्रमिकों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने एक्सईएन जल जीवन मिशन (ग्रामीण) को कारण बताओ नोटिस जारी करने और प्रबंध निदेशक जल जीवन मिशन को भी पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। परियोजना की शुरूआत फरवरी 2023 में हुई थी, लेकिन अब तक केवल एक-तिहाई कार्य ही पूर्ण हो सका है। डीएम ने तकनीकी जानकारी लेते हुए जेई को निर्देशित किया कि अतिरिक्त श्रमिक लगाकर कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान परियोजना के रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। केयरटेकर ने बताया कि सोलर पैनल का कार्य लगभग आठ माह पहले पूर्ण हो चुका है, परंतु जल आपूर्ति कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ है।

भदैया ब्लॉक के बभनगवां-बरूई ग्राम पंचायतों में हुआ औचक निरीक्षण

फरवरी 2023 में शुरू हुई योजना का कार्य अब तक एक-तिहाई ही पूर्ण

राहुल गांधी के खिलाफ निगरानी अर्जी पर 18 अगस्त को होगी सुनवाई

अदालत से

समुदाय विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने से जुड़ा मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: करीब 12 साल पहले मुजफ्फरनगर दंगा पीड़ित मुस्लिम युवकों को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से संपर्क साधने का बयान देने से जुड़े मामले में सांसद राहुल गांधी के खिलाफ पड़ी निगरानी अर्जी पर सुनवाई मंगलवार को सेशन जज लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत में 18 अगस्त तक टल गई। कोतवाली नगर के घरहां खुर्द निवासी मो. अनवर ने 24 अक्तूबर 2013 को मध्य प्रदेश के इंदौर में चुनावी जनसभा के दौरान कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के जरिये समुदाय विशेष पर दिए बयान से नाराज होकर एमपी / एमएलए कोर्ट में उन्हें तलब कर दंडित किए जाने की मांग के लिए परिवाद दाखिल किया था। एमपी / एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने 30 जनवरी को यह कहते हुए परिवाद खारिज कर दिया था कि न्यायिक कार्यवाही को अनावश्यक रूप से उत्पीड़न का हथियार नहीं बनाना चाहिए। परिवादी ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश से नाराज होकर जिला जज की अदालत में निगरानी अर्जी दाखिल की है।

बीमा राशि विवाद में उपभोक्ता आयोग का निर्णय, 3000 रुपये शेष भुगतान का आदेश

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष राम लखन सिंह चन्द्रौल और सदस्य भारत भूषण तिवारी ने बीमा राशि भुगतान विवाद में लता पाण्डेय निवासी ग्राम नेवरा, थाना कुड़वार द्वारा न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के विरुद्ध दाखिल परिवाद में आंशिक रूप से राहत प्रदान की है। प्रकरण के अनुसार, परिवादिनी ने दुग्ध व्यवसाय हेतु 90 हजार रुपए मूल्य की गाय का बीमा कराया था, जो दिनांक 16 जून 2019 को अचानक मृत्यु को प्राप्त हो गई। बीमा कंपनी ने 60 हजार का भुगतान किया, पर शेष 30 हजार के भुगतान से इंकार कर दिया। परिवादिनी ने पूरी बीमित धनराशि पाने के लिए आयोग में परिवाद दाखिल किया। विपक्षी बीमा कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि परिवादिनी ने 63,000 हजार के भुगतान पर सहमति जताते हुए शपथपत्र के साथ सहमति दी थी।

कोर्ट में पेश नहीं हुए सोमनाथ भारती, अगली सुनवाई 28 अगस्त को, यूपी के अस्पतालों पर टिप्पणी का मामला

संवाददाता, सुलतानपुर : अमेठी के रामलीला मैदान में यूपी के अस्पतालों को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती मंगलवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। कोर्ट ने उन्हें आरोप तय करने के लिए तलब किया था। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने अब इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि 28 अगस्त निर्धारित की है। मामला 9 जनवरी 2021 का है, जब जगदीशपुर निवासी सोमनाथ साहू की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई थी। पुलिस ने पूर्व मंत्री को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, बाद में वे जमानत पर रिहा हुए।

महिला से अश्लील हरकत और जातिसूचक गाली देने के आरोपी ने किया सरेंडर, अंतरिम जमानत खारिज

संवाददाता, सुलतानपुर : थाना लम्भुआ क्षेत्र के एक गंभीर प्रकरण में अनुसूचित जाति की युवती के साथ कथित अश्लील हरकत, जातिसूचक गाली और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी रमज़ान अली की अंतरिम जमानत विशेष न्यायालय एससी/एसटी संध्या चौधरी की अदालत द्वारा खारिज कर दी गई। अभियोजन पक्ष से एडजीसी सुशील उपाध्याय के मुताबिक पीड़िता ने आरोप लगाया था कि बीती 4 जुलाई को दोपहर करीब 1.30 बजे जब वह अपनी मां और चाची के साथ खेत में गई थी, उसी समय आरोपी रमज़ान अली ने चकरोड पर आकर उसका हाथ पकड़कर अश्लील हरकत की, गन्दी-गन्दी गालियाँ दीं और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी कि वह उसकी शादी नहीं होने देगा और जबरदस्ती शादी करेगा। घटना के समय गांव वालों ने मौके पर पहुंचकर उसकी जान-माल की रक्षा की। अभियोजन पक्ष द्वारा विरोध किए जाने के बाद विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट संध्या ने कहा कि आरोपी पर महिला के प्रति गंभीर अपराध का आरोप है, अतः उसे अंतरिम जमानत देने का कोई युक्तियुक्त आधार नहीं बनता। अदालत ने अंतरिम जमानत अर्जी को खारिज कर आरोपी को जेल भेजने का आदेश दिया। अब नियमित जमानत पर सुनवाई के लिए 16 जुलाई की तिथि नियत की गई है।

जानलेवा हमले के दो आरोपियों ने किया आत्मसमर्पण

सुलतानपुर, अमृत विचार : चुनावी रंजिश को लेकर दर्ज जानलेवा हमले के मामले में कोतवाली देहात क्षेत्र के नकराही गांव निवासी दो आरोपियों नसीम उर्फ बाबुल और सेबू बत्ता उर्फ मोहम्मद तालिब ने मंगलवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत में हुई सुनवाई में दोनों आरोपितों की ओर से दाखिल अंतरिम जमानत अर्जी को अदालत ने खारिज कर दिया। इसके बाद दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।नकराही गांव निवासी शादाब अहमद ने 19 जून 2021 को आठ नामजद व चार अज्ञात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अदालत में नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई की अगली तिथि 22 जुलाई तय की गई है।

दहेज हत्या के मामले में बहस आज

विवाहिता सुमित्रा की दहेज हत्या से जुड़ा मामला

सुलतानपुर, अमृत विचार : कुड़वार थाना क्षेत्र के पहड़ौली मिठनेपुर गांव में पांच साल पूर्व हुई विवाहिता सुमित्रा की दहेज हत्या के मामले में न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत में बुधवार को बहस होगी। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया ने बुधवार को शेष बहस होगी। अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के उतरपाती कस्थुनी पूरब निवासी सोमराज ने अपनी पुत्री सुमित्रा की शादी कुड़वार क्षेत्र के ज्ञानेंद्र पुत्र रामकेवल से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर सुमित्रा को प्रताड़ित करते थे। 29 जून 2020 को सुमित्रा की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति ज्ञानेंद्र, ससुर रामकेवल, सास फूलमती और देवर वीरेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की थी।

छेड़खानी के विरोध पर भाई को पीटा, मुकदमा दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की इंटरमीडिएट छात्रा से छेड़छाड़ का विरोध करना उसके भाई को भारी पड़ गया। परिजनों के अनुसार, छात्रा से पिछले छह माह से विद्यालय में पढ़ने वाला एक अन्य छात्र लगातार छेड़खानी कर रहा था। जब छात्रा और उसके भाई ने इसका विरोध किया, तो आरोपी युवक ने उन्हें एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देनी शुरू कर दी। मामला तब और गंभीर हो गया जब 10 जुलाई को आरोपी छात्र अनुराग कुमार ने छात्रा को उसके नलकूप पर अकेले देखकर अपशब्द कहे। जब छात्रा का भाई मौके पर पहुंचा और विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और गाली-गलौज करते हुए पूरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। घटना के बाद छात्रा के परिजनों ने उसे विद्यालय भेजना बंद कर दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जांच कर रही है।

कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा 26 जुलाई को

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

611 विद्यार्थी होंगे शामिल, जीआईसी में दो पालियों में होगा परीक्षा का आयोजन

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा 26 जुलाई को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा शहर के राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) में दो पालियों में सम्पन्न होगी, जिसमें हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कुल 611 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन कराने के लिए ऑनलाइन मॉनीटरिंग सेल गठित किया गया है।

इस परीक्षा में हाईस्कूल के 167 और इंटरमीडिएट के 444 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। पूर्व में परीक्षा 19 जुलाई को प्रस्तावित थी, जिसे कांवड़ यात्रा के कारण टालकर अब 26 जुलाई कर दिया गया है। पहली पाली सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक हाईस्कूल और दूसरी पाली दोपहर 2 से 5:15 बजे तक इंटर की परीक्षा होगी। परीक्षा केंद्र के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार तिवारी को केंद्र व्यवस्थापक और जीजीआईसी की प्रधानाचार्य पल्लवी सिंह को बाह्य व्यवस्थापक नियुक्त किया गया है।

सीसीटीवी से होगी परीक्षा की निगरानी

डीआईओएस कार्यालय के परीक्षा प्रभारी जितेंद्र दुबे ने बताया कि केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे, वॉयस रिकॉर्डिंग, स्ट्रांग रूम में प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और मॉनिटरिंग सेल के जरिए परीक्षा की कड़ी निगरानी की जाएगी। राजकीय अभिनव विद्यालय टिकरी पन्ना के प्रधानाचार्य संतोष कुमार मिश्र को ऑनलाइन मॉनिटरिंग सेल प्रभारी बनाया गया है, जिनके सहयोग में राजकीय हाईस्कूल इस्माइलपुर के कनिष्ठ सहायक विवेक दुबे कार्यरत रहेंगे।

> परीक्षा की तारीख का निर्धारण बोर्ड द्वारा कर दिया गया है। केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम रहेंगे और अनावश्यक भीड़ पर रोक के निर्देश भी दिए गए हैं। -सूर्य प्रकाश सिंह, डीआईओएस

मौसम शहर में स्थित मोहल्लों की नालियां हुईं चोक, लोग हुए परेशान

झमाझम बारिश से खेती-किसानी में आई तेजी

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

अमृत विचार: मंगलवार को जिले में हुई झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए तो शहर के मोहल्लों में बारिश से नालिया चोक हो गई जिससे गलियों में पानी भर गया और लोगों को काफी परेशानी हुई। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के कई गांवों धनपतगंज, कुट्टा, हारौरा, पीरो सरैया सहित आसपास के इलाकों में मौसम ने अचानक करवट ली। तेज धूलभरी आंधी और गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। यह बारिश क्षेत्रवासियों के लिए मौसम को सुहाना बनाने के साथ-साथ किसानों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं रही।जुलाई के मध्य में इस प्रकार की वर्षा खासतौर पर धान की खेती करने वाले किसानों के लिए बेहद फायदेमंद मानी जाती है। पिछले कुछ दिनों से खेतों की पपड़ी जैसी सूखी मिट्टी और बढ़ती गर्मी से किसान काफी चिंतित थे।

बल्दीराय क्षेत्र में होती हुई झमाझम बारिश। अमृत विचार

ऐसे में इस जोरदार बारिश ने खेतों को नमी से भर दिया है, जिससे धान की रोपाई को गति मिलेगी।

खासकर उन किसानों के लिए यह बारिश वरदान साबित हुई है जिन्होंने पहले से ही रोपाई कर दी थी। इस पानी से खेतों में नमी लंबे समय तक बनी रहेगी और फसल को प्राकृतिक पोषण मिलेगा। वहीं जिन किसानों की रोपाई अभी बाकी थी, वे अब तेजी से खेतों की तैयारी में जुट गए हैं। पीरो सरैया निवासी किसान राजकुमार विश्वकर्मा ने बताया, "इस समय हुई बारिश ने हमारे खेतों को फिर से जिंदा कर दिया है। नमी की कमी से जहां फसल कमजोर हो रही थी, वहीं अब उम्मीद है कि पौधे मजबूती से बढ़ेंगे। यह पानी हमारे लिए बेहद कीमती है।"वहीं शुकुलपुर गांव के किसान राजदेव पाल ने कहा, "अगर इसी तरह बारिश का सिलसिला कुछ दिन और बना रहा, तो इस साल धान की अच्छी पैदावार की पूरी उम्मीद है।

पूर्व जिपंस साथी संग 291 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार: थाना क्षेत्र अंतर्गत वलीपुर चौकी पुलिस को नशे के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। मंगलवार को पुलिस ने दो शातिर स्मैक तस्करों को भारी मात्रा में मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया, जिनमें एक आरोपी पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव उर्फ दारोगा यादव भी शामिल है।

गिरफ्तारी बाबा दुलदास कुटी के पास मुखबिर की सूचना पर की गई, जहां पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों दारोगा यादव और रवि यादव निवासी कांपा थाना हलियापुर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से 291 ग्राम स्मैक और एक आपाची बाइक बरामद हुई। दोनों अवैध नशा कारोबारियों को वलीपुर चौकी प्रभारी अनिल सक्सेना, हेड कांस्टेबल अभिषेक सिंह, कांस्टेबल विशाल सोनकर और अशोक कुमार ने पकड़ा। थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि दारोगा यादव बल्दीराय थाने का पुराना हिस्ट्रीशीटर है और उस पर पहले से कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। दारोगा यादव लंबे समय से स्मैक तस्करी जैसे अवैध धंधे में सक्रिय था। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

श्याम बक्श सिंह महाविद्यालय, हलियापुर सुलतानपुर

में स्ववित्त पोषित योजनांतर्गत

आवश्यकता है

परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (एम.एससी.) पाठ्यक्रम के अंतर्गत के अंतर्गत – गणित, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, एवं जंतु विज्ञान प्रत्येक विषय में 02– 02 पद प्रवक्ताओं की तथा परास्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय (एम.काम.) पाठ्यक्रम हेतु 08 पद प्रवक्ताओं की।

योग्यता एव वेतनमानः– **यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।**

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसों के अन्दर अपने शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के महाविद्यालय के पते पर सम्पर्क स्थापित करें।

प्रबंधक

फागू बाबा की मजार पर चला प्रशासन का बुलडोजर

पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह की शिकायत पर हुई कार्रवाई, सरकारी चरागाह की जमीन पर किया गया था अवैध निर्माण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

सरकारी जमीन पर बनी मजार को ढहाता बुलडोजर। अमृत विचार

अमृत विचार। स्थानीय तहसील इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम चौखड़ा स्थित फागू बाबा के 105 वर्ष पुरानी मजार पर स्थानीय प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त कर दी। मंगलवार सुबह 4 बजे प्रशासन व पुलिस की टीम ने बुलडोजर से इस मजार को ढहाकर मलबे को डंपर में भरवाकर वहां से हटवा दिया। इस दौरान भारी संख्या में यहां पीएसी व पांच थानों की पुलिस फोर्स मौजूद रही।

चौखड़ा स्थित मजार का निर्माण पशुचर भूमि पर अवैध रूप से किया गया था। इसे हटाने की कार्रवाई एडीएम गौरव श्रीवास्तव और एएसपी प्रशांत कुमार की अगुवाई में की गई। यह मजार करीब एक बीघा सरकारी चारागाह भूमि पर स्थित थी, जिस पर अवैध कब्जे की शिकायत भाजपा के पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने की थी। उन्होंने अपनी शिकायत में मजार पर संदिग्ध गतिविधियों और अवैध निर्माण का उल्लेख करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने मौके की जांच कराई, जिसमें यह पुष्टि हुई कि मजार सरकारी ज़मीन पर अवैध रूप से बनी हुई थी। प्रशासनिक जांच में पाया गया कि उक्त भूमि राजस्व अभिलेख में पशुचर भूमि चारागाह के रूप में दर्ज है। अवैध कब्जे की पुष्टि के बाद अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव और अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए उपजिलाधिकारी डुमरियागंज राजेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश वर्मा, तहसीलदार रविकुमार यादव, पीएसी और कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर तैनात रही। पूरे इलाके को सील कर दिया गया। मौके पर शांति व्यवस्था हेतु पूर्व में ही बीते 25 जून को ही बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लगा दी गई थी, जो 24 अगस्त तक प्रभावी हैं। मौके पर मीडिया और आम नागरिकों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। इस मामले की शुरुआत भाजपा के पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह की ओर से की गई शिकायत से हुई थी। उन्होंने प्रशासन को पत्र भेजकर कहा था कि चौखड़ा गांव की चारागाह भूमि पर अवैध समधी (मजार) का निर्माण कर कुछ लोग संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हैं। एडीएम गौरव श्रीवास्तव ने स्पष्ट रूप से कहा, सरकारी ज़मीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे वह किसी भी धर्म या समुदाय से जुड़ा क्यों न हो। शासन के निर्देश पर हर अवैध निर्माण पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम राजेश कुमार व तहसीलदार रविकुमार यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 के तहत ग्राम समाज की सार्वजनिक भूमि पशुचर(चारागाह) से अवैध अतिक्रमण को राजस्व टीम के साथ हटवाया गया हैं। जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. ने बताया कि तहसील प्रशासन द्वारा धारा 67 की कार्रवाई कर सरकारी पशुचर की भूमि से अवैध अतिक्रमण तहसील व पुलिस प्रशासन द्वारा हटवाई गई हैं, मौके पर शांति व्यवस्था कायम हैं।

पूर्व विधायक ने सीएम व प्रशासन को दिया धन्यवाद

सिद्धार्थनगर। स्थानीय प्रशासन द्वारा चौखड़ा स्थित फागू बाबा की ढ़ेरी को ध्वस्त होने के बाद जिला परिषद मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय पर पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रेस वार्ता की। इसमें उन्होंने इस कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि कुछ मौलवियों द्वारा मजार पर हजारों की संख्या में सीधी साधी महिलाओं को गुमराह करके मन्नत मांगने के नाम और मन्नत पूरा होने के नाम पर ठगा जाता था। इसके लिये एक सपा विधायक व सपा सांसद द्वारा सरकारी निधि का दुरुपयोग कर पैसा दिया गया था।

प्राणवायु साबित होंगे सत्यमेव जयते मनरेगा पार्क: विधायक

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

पार्क का लोकार्पण करते विधायक। अमृत विचार

अमृत विचार। मंगलवार को विकास खण्ड लोटन बाजार के ग्राम पंचायत बस्तियां में सत्यमेव जयते मनरेगा माडल पार्क का लोकार्पण मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में हो रहे पार्क के निर्माण से गांव की सुंदरता बढ़ेगी। गांव के लोग सुबह मार्निंग वॉक कर सकेंगे। बच्चे भी झूला आदि का आनंद उठा सकेंगे। प्रत्येक पार्क मनरेगा मद से बनाए जा रहे है, जिससे गांव के बच्चें, युवा व बुजुर्गों को इसका लाभ मिलेगा।

प्रधान संघ जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा ने कहा कि सरकार गांवों में भी लोगों को शहरी सुविधा देने का कार्य कर रही है। गांव के लोगों के लिये कई योजनाओं को चलाया जा रहा है और उसका लाभ भी अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। इससे पूर्व अतिथियों को माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ देकर ग्राम प्रधान चन्द्रबली यादव ने स्वागत किया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी विजय सिंह, एडीओ एजी रामकृष्ण मिश्र, ग्राम प्रधान चन्द्रबली यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी दिलीप पटेल, टीए कृष्ण कुमार चौधरी, प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद मणि त्रिपाठी, शम्भू जयसवाल, पिंगल यादव,पंकज वर्मा, केदारनाथ गुप्ता, डा. संजय शुक्ल, फूलचंद कन्नौजिया, दयाराम यादव, दुधनाथ यादव, सोनू यादव, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

मानव तस्करी रोकने को रेलवे प्रयासरत

गोरखपुर। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। 13 जुलाई को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को प्लेटफार्म सं0-02 पर 17 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त उक्त नाबालिग लड़की को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 13 जुलाई को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लखनऊ जं0 एवं रेलवे चाइल्ड लाइन स्टाफ को निगरानी के दौरान गाड़ी 15033 (पाटलिपुत्र-लखनऊ एक्स) में 08 वर्ष की एक लड़की डरी सहमी हालत में बैठी मिली। उक्त नाबालिग लड़की को चाइल्ड लाइन लखनऊ जं को सुपुर्द किया गया।

आधारभूत संरचना की मजबूती में जुटा रेलवे

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। भारतीय रेल पर बढ़ते यात्री एवं माल यातायात की चुनौतियों से निपटने के लिये आधारभूत संरचना एवं रेल सम्पर्क को मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे पर लखनऊ मण्डल के बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड आमान परिवर्तन परियोजना (56.15 किमी.) के अन्तर्गत बहराइच-नानपारा (35.61 किमी.) के मध्य आमान परिवर्तन का कार्य विद्युतीकरण सहित पूर्ण हो चुका है तथा नानपारा-नेपालगंज रोड (20.54 किमी.) पर कार्य तीव्र गति से कार्य चल रहा है। रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल 16 एवं 17 जुलाई, 2025 को इस नवनिर्मित आमान परिवर्तित (विद्युतीकरण सहित) बहराइच-नानपारा रेलखण्ड का निरीक्षण करेंगे तथा स्पीड ट्रायल किया जायेगा। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

निरस्त की गई ट्रेन: गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा संरक्षा को ध्यान में रखते हुये पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के मैलानी-नानपारा रेल खंड के भीरा खीरी-पलिया कलां स्टेशनों के मध्य भारी वर्षा होने से जल जमाव के कारण 31 जुलाई, 2025 तक चलने वाली 52261/52262 एवं 52263/52264 नानपारा-मैलानी-नानपारा सवारी गाड़ी तथा 19, 20, 26 एवं 27 जुलाई, 2025 को चलने वाली 52259/52260 बिछिया-मैलानी-बिछिया सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

एमजीयूजी संस्कार परक अद्यानुतन शिक्षा का प्रमुख केंद्र

गोरखपुर, अमृत विचार। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर एमजीयूजी के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल में संचालित पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के दीक्षारंभ समारोह का आयोजन मंगलवार को हुआ। इसमें एएनएम, बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक नर्सिंग, डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन ऑप्टोमेट्री, डिप्लोमा इन डायलिसिस, डिप्लोमा इन इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर, डिप्लोमा इन एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर केयर टेक्नीशियन के विद्यार्थियों की दीक्षा प्रारंभ हुई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीन आईक्यूएसी डॉ. रघुराम आचार्य ने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय संस्कारपरक अद्यानुतन और रोजगारपरक शिक्षा का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने ज्ञान के प्रति आग्रही बनने की नसीहत दी। दीक्षारंभ समारोह में नर्सिंग कॉलेज की उप प्राचार्य श्रीमती प्रिंसी जॉर्ज ने चिकित्सा क्षेत्र में नर्सिंग और पैरामेडिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए मरीजों की सेवा को सर्वोपरि बताया।

बैठक में भाग लेते लोग। अमृत विचार

होटलों में हो रहे अनैतिक कार्यों पर जताया विरोध

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। एम्स व खोराबार थाना क्षेत्र फोरलेन पर मगलवार दिन में फोरलेन हाईवे बसडीला गाव के निकट होटलो में हो रहै अनैतिक कार्यों के विरोध में चौपाल लगाया गया। चौपाल कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सरवन निषाद पूर्व ब्लॉक प्रमुख आनंद शाही, क्षेत्राधिकार चौरी चौरा एवं कैंट पुलिस समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि चौरी चौरा की धरती माता तरकुलही देवी का पवित्र स्थान हैं। इस स्थान पर होटलो की आड़ में हो रहे अनैतिक कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारत की संस्कृति को अपमान करने वाले जिस भाषा में समझेंगे उसी भाषा में समझाया जाएगा। कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि आनंद शाही ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग मिला तो जल्द जल्द समस्या का समाधान हो जाएगा।

पहलवानों को हाथ मिलवाते जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर। अमृत विचार

खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

संवाददाता कुशीनगर

अमृत विचार: खेल निदेशालय लखनऊ एवं जिला खेल कार्यालय कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को 2025 को स्पोर्ट्स स्टेडियम, कुशीनगर में जिला स्तरीय जूनियर आयु वर्ग फुटबाल, बालक, कुश्ती बालक व बास्केटबाल बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के फुटबाल बालक 10 टीम व बास्केटबाल बालिका खेल में 06 टीमों ने प्रतिभाग किया एवं कुश्ती बालक खेल में 50-55 भार वर्ग के खिलाड़ी से हाथ मिलाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन रवि कुमार निषाद क्रीड़ाधिकारी, कुशीनगर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के द्वारा विजयी खिलाड़ियों को विजेता, उपविजेता एवं प्रथम, द्वितीय एवं डबल तृतीय एवं निर्णायकों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया गया वह खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर अनिल मिश्र जिला व्यायाम शिक्षक, बजरंगी यादव, खुर्शीद आलम धीरेन्द्र प्रताप सिंह,ममता भारती, दुर्गावती, सूरज सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

शराब तस्करी पर अभियान चला कर होगी कार्रवाई

कुशीनगर, अमृत विचार : जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पत्र के क्रम में बताया कि अवैध मदिरा के निर्माण बिक्री एवं तस्करी तथा अवैध शिफ्ट अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु दिनांक 15 जुलाई से 24 जुलाई तक कुल 10 दिवस का विशेष प्रवर्तन अभियान चला कर अवैध मदिरा के निर्माण बिक्री तथा तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु प्रशासन पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम गठित की गयी है। बताया कि समस्त तहसीलों अंतर्गत संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी, तथा आबकारी निरीक्षक नामित किए गए हैं। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त तस्कारों की जो सूची उपलब्ध करायी गयी है, उनके विरूद्ध स्थानीय पुलिस के सहयोग से गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाय एवं उन पर निगरानी रखी जाय। संदिग्ध वाहनों व राष्ट्रीय व राज्यमार्गो पर स्थित ढाबों, जहाँ अल्कोहल के टैंकर प्राय: रुकते हैं, की भी जाँच करायी जाय। अवैध मदिरा के संदिग्ध स्थानों एवं अड्डों पर छापेमारी कर एफआईआर दर्ज करायी जाय। आबकारी दुकानें जो क्षेत्र में सबसे दूरस्थ, जंगल क्षेत्र अथवा निर्जन स्थान पर हो, उन दुकानों पर अवैध मिलावटी शराब बिकने की सम्भावना अधिक होती है इसकी रोकथाम के लिए ऐसी दुकानों पर दृष्टि रखी जाय।

स्कूल में भरा बारिश का पानी, पठन-पाठन ठप

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

विद्यालय के बाहर हुआ जल जमाव। अमृत विचार

अमृत विचार। नगर पंचायत बिस्कोर में बारिश के चलते परशुराम नगर वार्ड स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय की स्थिति खराब है। भारी जल जमाव के चलते स्कूल में जा जाना नामुमकिन हो गया है। वहां बारिश का पानी भरा है। इससे गंदगी फैल गई है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से स्कूल परिसर नारकीय बन गया है। अभिभावकों ने स्कूल की व्यवस्था ठीक कराये जाने की मांग की है।

बिस्कोहर के नागरिकों का कहना है कि स्कूल परिसर में जलभराव की समस्या है। जब से स्कूल के पास सीसी सड़क का निर्माण हुआ है, तब से यह समस्या बनी है। क्योंकि नगर प्रशासन ने जल निकासी के लिए बिना नाली बनाए सड़क निर्माण करा दिया। जल निकासी का ध्यान नहीं रखा। अब निकासी न होने के कारण बारिश का पानी विद्यालय परिसर में जमा हो जाता है। पानी के सड़ने और उसमें व्याप्त गंदगी के कारण बीमारी का खतरा बढ़ गया है।

इस कारण पठन पाइन का कार्य भी रुक जाता है। इस बारे में प्रधानाध्यापक उमाकांत गुप्ता ने बात करने पर समस्या को भयानक बताया। उन्होंने बताया कि परिसर में पानी जमा होने के कारण बच्चों को खेलने व मध्याह्न भोजन आदि में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए कई बार नगर पंचायत के अधिकारियों से कहा भी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने इस समस्या पर ध्यान देने की वरिष्ठ अफसरों से मांग की है।

नाली मरम्मत और सफाई की मांग

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। उसका बाजार कस्बा के कृष्णा नगर वार्ड में क्षतिग्रस्त नाली और नाली में गंदगी से नागरिक परेशान है। वार्ड के नागरिक तारकेश्वर पाण्डेय ने बताया कि नाली से पैदा हो रही दुर्गंध से लोगो का उठना बैठना मुहाल हुआ है। उन्होंने संबंधित जिम्मेदारों से इसकी शिकायत भी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या को दूर करने की मांग की है। इस संबंध में ईओ अभिनव श्रीवास्तव ने कहा की जांच कर वार्ड की समस्या दूर की जाएगी।

डीएम ने पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनीं

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जिला सैनिक कल्याण एवं पनुर्वास समिति, की बैठक जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी द्वारा पूर्व सैनिको की समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी द्वारा समस्याओं के समाधान हेतु संबधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी कैप्टन नरेश शर्मा को निर्देश दिया कि पूर्व सैनिकों को मिलने वाली सुविधाओ का बोर्ड पर अंकन कराकर लगवाये। सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त भूतपूर्व सैनिक आदि उपस्थित थे।

जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा: गोरखपुर। समाजवादी पार्टी पदाधिकारियों ने सपा कार्यकर्ताओं के साथ डीएम कार्यालय पहुंच कर स्मार्ट मीटर अघोषित विद्युत कटौती बेतहाशा और जीएसटी सहित अन्य आम जनमानस की समस्याओं को लेकर राज्यपाल को संबोधित डीएम के माध्यम से एसीएम प्रशांत वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

सार-संक्षेप

प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये

चित्र परिचय : प्रशस्ति पत्र के साथ प्रतिभागी।

कुशीनगर अमृत विचार : कौशल विकास मिशन योजना के तहत मंगलवार को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर एक प्रदर्शनी एवं प्रशस्ति-पत्र वितरण समारोह का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान पडरौना के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष पडरौना विनय जायसवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी में लगाये गए विभिन्न प्रशिक्षण स्टॉलों का निरीक्षण किया और प्रशिक्षुओं द्वारा प्रदर्शित उत्पादों एवं परियोजनाओं की सराहना की। कौशल विकास योजना द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि ये योजनाएँ आज के युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता और रोजगार के व्यापक अवसर प्रदान कर रही हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ और अपने भविष्य को सशक्त एवं उज्ज्वल बनाएं। कार्यक्रम में विभिन्न प्रशिक्षण क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के प्रति जागरूक एवं उन्हें अवसरों से जोडना है।कार्यक्रम में नोडल प्रधानाचार्य आलोक कुमार मौर्या, एपी राय प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई कसया, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह जिला कौशल प्रबन्धक, अभय श्रीवास्तव जिला कौशल प्रबन्धक, विनय पाण्डेय जिला कार्यक्रम प्रबन्धक,मुकुल कुमार, रंजीत कुमार एवं समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

ट्रेनों का हुआ मार्ग परिवर्तन

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु गौरी बाजार अप लाइन पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं नियंत्रण निम्नवत किया जायेगा। मार्ग परिवर्तन दरभंगा से 16 जुलाई, 2025 को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सीवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई जायेगी। नियंत्रण बरौनी से 09 जुलाई, 2025 को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी मार्ग में 20 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

एसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं शिकायतों को सुना ।पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया । जनसुनवाई मे कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमे 02 मारपीट तथा शेष 08 अन्य विवाद से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र थें। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया ।

श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

कथा सुनाते कथाव्यास।

गोरखपुर, अमृत विचार। पादरीबाजार में 12 जुलाई 2025 से 18 जुलाई 2025 तक भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का दिव्य आयोजन किया जा रहा हैं। कथा व्यास के रूप में पं विद्यापति पाठक भारतद्वाज ने बताया गया कि ऐसा प्रयास किया जाये की भगवान की स्मृति अनवरत बनी रहे तथा मन वचन वाणी से धर्मानुसार कार्य करते हुए भगवान के शरणागत हों जाएं। कथा में आपार जन समूह के मध्य भजन संगीत का कार्यक्रम भी हो रहा है। इस दौरान आयोजक सुनील यादव, छोटेलाल यादव, विजय यादव, प्रवीन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

बेटी-बेटा एक समान, शिक्षा देती सबको मान

रैली निकालते बच्चे।

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। मिठवल ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बघिनी नानकार के बच्चों ने अपने सेवित क्षेत्र में स्कूल चलो अभियान के तहत मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली। रैली में बेटी बेटा एक समान, शिक्षा देती सबको मान, विद्या है अनमोल रतन, पढ़ने का सब करो जतन तथा पढ़ी लिखी लड़की रौशनी है घर की आदि नारे लगाते हुए बच्चे आसपास के टोलों में पहुंचे और लोगों से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने का अनुरोध किया। रैली को खंड शिक्षा अधिकारी मिठवल धर्मेंद्र कुमार पाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेश कुमार गुप्ता, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पवन कुमार शर्मा, सहायक अध्यापक अवधेश चन्द्र मिश्र, अंकुर लाल श्रीवास्तव, अमृता अग्रहरि, गीता मिश्रा,संध्या मिश्रा एवं आंगनवाड़ी सहायिका हनुमंता देवी आदि मौजूद रहे।

चिलुआताल में एक युवक डूबा, तलाश जारी

गोरखपुर, अमृत विचार। गुलहरिया थाना क्षेत्र के बासस्थान मन्दिर के पास चिलुआताल में ग्राम भैरवा टोला पिपरहवा निवासी कैलाश निषाद (45) पुत्र रामनवल निषाद के डूबने की सूचना पर एसडीएम सदर दीपक कुमार गुप्ता ने तत्परता दिखाते हुए डिप्टी कलेक्टर/ तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह व कानूनगो विनय कुमार श्रीवास्तव को एसडीआरएफ टीम के साथ भेज कर डूबे हुए व्यक्ति के तलाश में लगा दिया है। डूबे हुए व्यक्ति के तलाश में एसडीआरएफ की टीम व सदर तहसील के अधिकारी व कर्मचारी प्रयासरत है।

10 बोरी खाद समेत एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। थाना मोहाना पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा 10 बोरी यूरिया खाद व 01 साईकिल के साथ एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कस्टम अधिनियम में कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया। थानाध्यक्ष मोहाना रोहित कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों व रोकथाम तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना मोहाना पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा द्वारा 10 बोरी यूरिया खाद व 01 साईकिल के साथ एक अभियुक्त अनरजीत पुत्र रामराज ग्राम पतीला बगही थाना मोहाना को ग्राम निरंजनपुर में चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया बरामद सामान को अग्रिम कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया ।

बैंक के यूपीएस की बैट्री ब्लास्ट, कार्य प्रभावित

गोरखपुर, अमृत विचार। सहजनवा विकास खण्ड पाली क्षेत्र के डुमरी निवास स्थित सेन्ट्रल बैंक में मंगलवार को दोपहर करीब 12,बजे बैंक के यूपीएस की बैट्री ब्लाट हो गयी जिससे बैंक का कार्य प्रभावित हो गया।बैंक से ग्राहक को मायूस होकर लौटना पड़ा। शाखा प्रबंधक संजय कुमार यादव ने बताया यूपीएस की बैट्री ब्लास्ट होने के कारण बैंक का कार्य प्रभावित हुआ है।बुधवार से सामान्य रूप से बैंक का कार्य चालू होगा।

प्रशासन की सक्रियता से पानी का बहाव हुआ बंद

कुशीनगर, अमृत विचार : नेपाल से निकलकर कुशीनगर होते हुए बिहार को जाने वाली मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की पटरी नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में टूटने की सूचना जिलाधिकारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सर्वप्रथम नहर के पानी को पूरी तरह फाटक से रुकवाया गया।तथा एक्सियन सिंचाई एवं बाढ़ खंड से समन्वय स्थापित कर तत्काल बोल्डर की व्यवस्था कराते हुए टूटे हुए स्थान पर बोल्डर के माध्यम से मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। उप जिलाधिकारी पडरौना द्वारा बताया गया है कि नहर की पानी पूरी तरह से अवरुद्ध करा दिया गया है तथा टूटे हुए स्थान से पानी का बहाव बंद करा दिया गया है।

मां-बेटी की हत्या के मामले में एक आरोपी को उम्रकैद

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। कोर्ट ने नसीराबाद थाना क्षेत्र में करीब चार साल पहले चोरी के दौरान मां,बेटी की हत्या करने के एक मामले में दोषसिद्ध होने पर एक आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 29 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया। वहीं पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में एक महिला आरोपी को बरी कर दिया।यह फैसला कोर्ट संख्या चार के अपर सत्र न्यायाधीश अमित कुमार पांडे ने सुनाया।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले एडीजीसी (क्रिमिनल) देवकांत शुक्ला के मुताबिक मामले की रिपोर्ट नसीराबाद थाना क्षेत्र के हाजीपुर निवासी जमीलअहमद ने दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 30 सितम्बर 2020 की रात जब वादी घर पर नहीं था।तभी चोरी करने के लिए घर में घुसे कुछ लोगों ने पत्नी सफीकुननिशा व बेटी खुशी उर्फ तमन्ना बानो के सिर पर सरिया व राड से वार कर दिया,जिससे पत्नी की मौके पर व बेटी की अस्पताल में मौत हो गई ।पुलिस ने विवेचना के बाद नसीराबाद थाना क्षेत्र के हाजीपुर निवासी सैफ उर्फ इमरान व साबिरा के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की ।कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार आरोपी सैफ उर्फ इमरान को उम्रकैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में साजिश की आरोपी साबिरा को बरी कर दिया।

बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर

सरकार ने जारी किए सीडब्ल्यूएस में एकत्रित नवीनतम आंकड़े, महिलाओं के लिए बेरोजगारी दर घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

इस साल जून के महीने में देश में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत पर स्थिर रही है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने इस साल अप्रैल में पहली बार मासिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया था। इसके जरिये देश में नौकरियों के लिए पात्र लोगों में बेरोजगार लोगों के अनुपात की वास्तविक समय में निगरानी की कोशिश की गई है।

वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्रित नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि मई एवं जून, 2025 के दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 5.6% पर अपरिवर्तित रही, जो इस साल अप्रैल के 5.1% आंकड़े से थोड़ा अधिक है। जून महीने में महिलाओं और पुरुषों के बीच बेरोजगारी दर राष्ट्रीय स्तर पर 5.6% पर अपरिवर्तित रही।

महिलाओं के लिए बेरोजगारी दर पिछले महीने घटकर 5.6% पर गई, जबकि इस साल मई में यह 5.8% थी। वहीं, 15-29 आयु वर्ग के लोगों में बेरोज़गारी दर जून में बढ़कर 15.3% हो गई, जो मई, 2025 में 15% थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर जून में बढ़कर 18.8% हो गई, जो मई में 17.9% थी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आलोच्य महीने में 13.8% थी, जो मई में 13.7% थी।

सीडब्ल्यूएस, सर्वेक्षण की तारीख से पहले के सात दिन में निर्धारित गतिविधियों को दर्शाता है। इस सर्वेक्षण से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए बेरोजगारी दर में कमी का कारण मई, 2025 की तुलना में खुद का काम करने वाले श्रमिकों की हिस्सेदारी में वृद्धि और बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या में कमी है। सर्वेक्षण के मुताबिक, 15-29 आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर भी पिछले महीने बढ़कर 17.4% हो गई, जबकि मई में यह 16.3% थी, जिसमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र शामिल हैं। शहरों में बेरोजगारी दर भी मई के 24.4%से बढ़कर जून में 25.8% हो गई और गांवों में मई के 13 से बढ़कर पिछले महीने 13.7% हो गई।

15-29 वर्ष की आयु के पुरुषों बढ़ी बेरोजगारी दर

15-29 वर्ष की आयु के पुरुषों में बेरोज़गारी दर मई के 14.5 से बढ़कर जून में 14.7% हो गई। शहरों में यह दर पिछले महीने के 15.8% की तुलना में जून में बढ़कर 16.6% हो गई, जबकि गांवों में बेरोजगारी दर जून के 14 से घटकर 13.8% हो गई। आंकड़ों से पता चला है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) जून, 2025 के दौरान 54.2% थी, जबकि मई, 2025 के दौरान यह 54.8% थी। ग्रामीण क्षेत्रों में, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में एलएफपीआर 56.1% थी और शहरी क्षेत्रों में उक्त आयु वर्ग में जून, 2025 के दौरान 50.4% थी। जून, 2025 के दौरान, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों के लिए सीडब्ल्यूएस में एलएफपीआर क्रमशः 78.1 और 75% था, जो मई, 2025 के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमशः 78.3 और 75.1% था। जून, 2025 में एलएफपीआर और श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में मामूली गिरावट मुख्य रूप से मौसमी कृषि रुझान, भीषण गर्मी और कुछ अवैतनिक सहायकों के घरेलू कामों की ओर रुख करने से प्रभावित थी।

4 दिन बाद शेयर बाजार में लौटी तेजी

सेंसेक्स 317, निफ्टी 113 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को पिछले चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 317 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी में 113 अंक की तेजी रही। खुदरा महंगाई दर के छह साल के निचले स्तर पर आने के साथ वाहन और औषधि शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

बीएसई का सेंसेक्स 317.45 अंक की बढ़त के साथ 82,570.91 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी 113.50 अंक की बढ़त के साथ 25,195.80 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, पिछले चार कारोबारी सत्रों में, सेंसेक्स 1,459.05 अंक यानी 1.74% और निफ्टी 440 अंक यानी 1.72% टूटा था। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, आईटी सेवा कंपनी एचसीएल टेक का शेयर 3.31% के नुकसान में रहा।

जून तिमाही में कंपनी के एकीकृत शुद्ध लाभ में 9.7% की गिरावट आई है, जिससे इसका शेयर नीचे आया। वहीं, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 2.82%

अच्छे मानसून के कारण सब्जियों सहित खाने का सामान सस्ता होने खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर आ गई। यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक स्तर (2 से 6%) के करीब है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.82% और जून, 2024 में 5.08% थी। पिछले साल नवंबर से मुद्रास्फीति में गिरावट आ रही है। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.95% चढ़ा जबकि मिडकैप 0.83% के लाभ में रहा। बीएसई के 2,576 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,479 में गिरावट दर्ज की गयी। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुआ।

फर्जी कॉल्स व साइबर खतरों से बचाने के लिए होगा एआई का प्रयोगः बैंकर्स समिति

लखनऊ, एजेंसी



बैंक उपभोक्ताओं खासकर ग्रामीण नागरिकों को साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल ठगी से बचाने को बैंक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की मदद लेंगी। बैंक आफ बड़ौदा के आंचलिक प्रमुख एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उप्र) के संयोजक शैलेन्द्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि केंद्र सरकार 1 जुलाई से 30 सितंबर के बीच वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान चला रही है। सरकारी योजनाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन की जानकारी दी जा रही है।

उन्होने बताया कि लोगों को ओटीपी साझा न करना, फिशिंग ईमेल्स, फर्जी कॉल्स व अन्य डिजिटल खतरों के प्रति जागरूक किया जाएगा। एआई की मदद से ग्रामीण नागरिकों के साथ हो रही धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है। सिंह ने कहा कि इस अभियान के दौरान बैंको द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों की 57 हजार 702 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से शून्य शेष राशि पर प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खाता खोले जा रहे हैं। केवल 436 रुपये प्रति वर्ष के प्रीमियम पर दो लाख के जीवन बीमा के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा में लोगों का नामांकन किया जा रहा है।

औद्योगिक परिदृश्य सर्वेक्षण आरबीआई ने किया शुरू

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसने कारोबारी धारणा का आकलन करने के लिए भारतीय विनिर्माण क्षेत्र का तिमाही औद्योगिक परिदृश्य सर्वेक्षण शुरू किया है। आरबीआई ने तिमाही सेवा एवं बुनियादी ढांचा परिदृश्य सर्वेक्षण (एसआईओएस) का 46वां दौर भी शुरू किया है। भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के तिमाही बुनियादी ढांचा परिदृश्य सर्वे (आईओएस) का 111वां दौर चालू तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए कारोबारी धारणा और आगामी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के लिए उम्मीद का आकलन करेगा। एसआईओएस का 46वां दौर सेवा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के कारोबारी स्थिति और मांग की स्थिति, वित्तीय स्थिति, रोजगार की स्थिति और मूल्य स्थिति से संबंधित संकेतकों से जुड़े सवालों पर आगामी तिमाही के लिए उनकी अपेक्षाओं का आकलन करेगा।

- **सेवा एवं बुनियादी ढांचा परिदृश्य सर्वेक्षण के 46वें दौर की भी शुरुआत**

6.5% की दर से बढ़ेगा भारत : ईएसी-पीएम

नई दिल्ली, एजेंसी

- **भू-राजनीतिक तनाव व अनिश्चितताओं के बाद भी अर्थव्यवस्था के बढ़ने की उम्मीद**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन एस महेंद्र देव ने मंगलवार को कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष (2025-26) में 6.5% की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

देव ने कहा कि अच्छे मानसून और नीतिगत ब्याज दर में तीन कटौतियों से मुद्रास्फीति कम रहने से घरेलू वृद्धि को समर्थन मिलेगा। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितताओं के दोहरे झटके जैसी कई वैश्विक चुनौतियां हैं। हालांकि, भारत की अर्थव्यवस्था जुझारू है और यह बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना हुआ है। 2025-26 के पहले दो महीनों के प्रमुख संकेतक घरेलू अर्थव्यवस्था के जुझारू प्रदर्शन का संकेत देते हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6.5% की दर से बढ़ पाना संभव है। उन्होंने कहा, मजबूत राजकोषीय प्रबंधन के साथ भारत की मध्यम अवधि की वृद्धि संभावनाएं मजबूत प्रतीत होती हैं। बढ़ते सरकारी पूंजीगत व्यय का निजी उपभोग में स्वस्थ वृद्धि के साथ वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) व विश्व बैंक ने अनिश्चित वैश्विक परिवेश और व्यापार तनाव को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में भारत के वृद्धि दर अनुमान को घटाकर क्रमशः 6.2 और 6.3% कर दिया है। देव ने कहा कि घरेलू स्तर पर मौजूद कई अनुकूल परिस्थितियां निवेश, उपभोग और निर्यात को बढ़ावा देकर ग्रामीण और शहरी दोनों मांग को बढ़ा सकती हैं।

राष्ट्रीय

लोग किसी को कुछ भी कह देते हैं : सुप्रीम कोर्ट

मोदी, आरएसएस पर आपत्तिजनक कार्टून पर कार्टूनिस्ट को मिला संरक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री मोदी व आरएसएस के आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोपी कार्टूनिस्ट को मंगलवार को दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया। शीर्ष अदालत ने सोशल मीडिया पर बढ़ती आपत्तिजनक पोस्ट पर भी चिंता व्यक्त की और अंकुश लगाने को न्यायिक आदेश पारित करने पर बल दिया।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया व अरविंद कुमार की पीठ ने कहा, लोग किसी को भी, कुछ भी कह देते हैं। हमें इस बारे में कुछ करना होगा। पीठ ने कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को मध्य प्रदेश में दर्ज प्राथमिकी के मद्देनजर राज्य की दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया। मालवीय की वकील वृंदा ग्रोवर ने आश्वासन दिया कि इस मामले में माफी मांग ली गई है। हालांकि, पीठ ने आगाह किया कि अगर कार्टूनिस्ट सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालते रहे, तो राज्य सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने 'एक्स' पर न्यायपालिका के खिलाफ भी मालवीय के कुछ अन्य पोस्ट का जिक्र किया, जिसके बाद पीठ ने कहा, यदि याचिकाकर्ता सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट डालते हैं, तो प्रतिवादी राज्य (मध्य प्रदेश) को कानून के अनुसार आगे बढ़ने की स्वतंत्रता होगी। ग्रोवर ने विधि अधिकारी की दलील का विरोध करते हुए कहा, इससे तो समस्याओं का पिटारा खुल जाएगा।

ईडी के अधिकार संबंधी फैसले की मांग पर 31 को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2022 के उस फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 31 जुलाई की तारीख तय की, जिसमें पीएमएलए के तहत धन शोधन में शामिल लोगों की गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारों को बरकरार रखा गया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामले को 31 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया, जब केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह उपलब्ध नहीं हैं। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर मामला 31 जुलाई को सूचीबद्ध किया जाता है, तो उन्हें आपत्ति नहीं है। 7 मई को, शीर्ष अदालत ने केंद्र और याचिकाकर्ताओं से उस फैसले को चुनौती देने को लेकर मुद्दे तय करने को कहा, जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने की ईडी की शक्तियों को बरकरार रखा गया था।

उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर आज सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट कन्हैया लाल दर्जी हत्याकांड में आरोपियों की उस याचिका पर बुधवार को सुनवाई करेगा, जिसमें मामले पर आधारित फिल्म की रिलीज का विरोध किया गया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जे. बागची की पीठ ने कहा कि उदयपुर फाइल्स : कन्हैया लाल दर्जी मर्डर की रिलीज पर रोक लगाने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली फिल्म निर्माताओं की याचिका 16 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। यह फिल्म पिछले हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज़ होने वाली थी। शीर्ष अदालत में यह याचिका मोहम्मद जावेद ने दायर की थी, जो आठवें आरोपी के रूप में मुकदमे का सामना कर रहा है।

आप कुत्तों को घर पर खाना क्यों नहीं देतेः कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में आवारा कुत्तों को खाना देने पर परेशान किए जाने का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को याचिकाकर्ता से पूछा, आप उन्हें घर में खाना क्यों नहीं देते हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, क्या हमें इन बड़े दिलवाले लोगों के लिए हर गली, हर सड़क खुली छोड़ देनी चाहिए? जानवरों के लिए तो जगह है, लेकिन इंसानों के लिए जगह नहीं है। आप उन्हें अपने घर में खाना क्यों नहीं देते? आपको कोई नहीं रोक रहा है।यह याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मार्च 2025 के आदेश से संबंधित है।

मोदी शासन में औसत मुद्रास्फीति 5.1, संप्रग में 8.1% थी : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **नरेन्द्र मोदी की सरकार के महंगाई से निपटने के तरीके की सराहना की**

भाजपा ने नरेन्द्र मोदी की सरकार के महंगाई से निपटने के तरीके की मंगलवार को सराहना की। खुदरा मुद्रास्फीति जून में घटकर छह साल के निचले स्तर 2.1% पर आने के बाद पार्टी ने यह बात कही।

पार्टी के अनुसार, भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शासन में औसत मुद्रास्फीति 5.1% रही है, जबकि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में यह औसत 8.1% थी। भाजपा के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि जनवरी 2012 से अप्रैल 2014 के बीच जब संप्रग सत्ता में था तब खुदरा मुद्रास्फीति 28 महीनों में से 22 महीनों में नौ प्रतिशत से अधिक रही।

उन्होंने कहा कि यहां तक कि कई बार यह दोहरे अंकों में भी पहुंच गई थी। मालवीय ने एक्स पर लिखा, इसके विपरीत मोदी सरकार ने खुदरा मुद्रास्फीति को अधिकतर 5% से नीचे बनाए रखा और इसे कभी 8% से ऊपर नहीं जाने दिया।

संप्रग के अंतिम तीन साल के कार्यकाल में भारत औसतन 9.8% की खुदरा मुद्रास्फीति से जूझ रहा था। यह इस लिहाज से और खराब थी कि उस समय वैश्विक मुद्रास्फीति अपेक्षाकृत स्थिर तथा 4-5% के बीच थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने सोमवार को बयान में कहा कि सब्जियों, दालों, मांस और दूध सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी से खुदरा महंगाई दर जून में घटकर छह साल से भी अधिक के निचले स्तर 2.1% पर आ गई है।

एक नजर

इंजीनियर रशीद की याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र को लेकर लोकसभा सांसद इंजीनियर रशीद की अर्जी पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने बारामूला के सांसद रशीद की याचिका पर 21 जुलाई के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया। रशीद ने इस याचिका में सांसद के तौर पर अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए अंतरिम जमानत या अभिरक्षा पैरोल का अनुरोध किया था।

जम्मू कश्मीर में वाहन खाई में गिरा, 5 की मौत

जम्मू। जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने से एक महिला समेत 5 लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि वाहन में क्षमता से अधिक लोग थे। यह दुर्घटना डोडा शहर से 30 किलोमीटर दूर पोंडा के पास डोडा-भर्थ मार्ग पर हुई।

करंट से झुलसे बच्चे के काटने पड़े हाथ, चार पर केस

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले के गांव में करंट लगने से झुलसे 7 वर्षीय बच्चे के दोनों हाथ काटने पड़े जिसके बाद पुलिस ने बिजली विभाग के उपमंडल अधिकारी (एसडीओ), कनिष्ठ अभियंता (जेई) समेत चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दनकौर थाना क्षेत्र के गांव अच्छेजा बुजुर्ग में 22 मई को हुई घटना के संबंध में सोमवार रात शिकायत दर्ज कराई गई।

दिल्ली: सेंट स्टीफंस और द्वारका स्थित स्कूल को बम की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज व सेंट थॉमस स्कूल को मंगलवार को ईमेल से बम की धमकी मिली, जिसके बाद दोनों परिसरों में आपातकालीन सेवाएं पहुंचीं और परिसरों में तलाशी ली।

पुलिस ने बताया कि बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ता व अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बंथिया ने कहा कि सेंट स्टीफन कॉलेज की ओर से कहा गया है कि कॉलेज को सुबह सवा सात बजे बम की धमकी मिली थी।

मुंबई में बीएसई भवन को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। दक्षिण मुंबई में स्थित बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) भवन को ईमेल से बम की धमकी दी गई, लेकिन तलाशी लेने के बाद यह झूठी निकली। पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि बीएसई के कर्मचारी को रविवार को ईमेल पर संदेश मिला, जिसमें दक्षिण भारत के एक नेता का नाम था। ईमेल में दावा किया गया था कि बीएसई भवन में चार आरडीएक्स (विस्फोटक पदार्थ) युक्त परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) लगाए गए हैं।

आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का अनुरोध बोर्ड ने ठुकराया

पुणे। किशोर न्याय बोर्ड ने पुणे पुलिस की उस अर्जी को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें पिछले साल नशे में पोर्श कार चलाने और दो लोगों को कुचलने के आरोपी 17 वर्षीय लड़के पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का अनुरोध किया गया था। यह घटना पिछले साल पुणे के कल्याणी नगर इलाके में घटी थी, जिसमें बाइक सवार आईटी पेशेवर अनीश अवधिया और उसकी दोस्त अश्विनी कोस्टा की मौत हो गई थी। पुलिस ने पिछले साल यह कहते हुए आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने की अनुमति का अनुरोध किया था कि उसने जघन्य कृत्य किया है और उस पर न केवल दो लोगों की हत्या, बल्कि सबूतों से छेड़छाड़ के भी आरोप हैं। बचाव पक्ष के वकील के मुताबिक, किशोर न्याय बोर्ड ने आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का अनुरोध ठुकरा दिया।

पुणे पोर्श कार का मामला

अमरनाथ यात्रा

अमरनाथ यात्रा को लेकर सेना और केंद्र व राज्य सरकार काफी सतर्क है, जिसे लेकर सुरक्षा एजेंसियों और सेना ने चौकसी बढ़ा रखी है। इसी क्रम में श्रीनगर के लाल चौक पर मुस्तैदी से खड़े सुरक्षाकर्मी। एजेंसी

आतंकवाद के आरोपी को जमानत देने से दिल्ली हाईकोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने आतंकवादी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ)' के कार्यकर्ता को जमानत देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया है कि वह अपने 'प्रभाव' के चलते सबूतों से छेड़छाड़ कर सकता है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने आरोपी अर्सलान फिरोज अहेनगर (जिसकी उम्र 20 साल के आसपास बताई गई) के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए। पीठ ने 7 जुलाई को पारित आदेश में कहा कि अर्सलान ने आतंकवादियों की तस्वीरें पोस्ट कीं और लोगों को आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए उकसाया। यह नहीं कहा जा सकता कि अपीलकर्ता (अर्सलान) के खिलाफ यह दिखाने के लिए सबूत नहीं है कि वह मारे गए आतंकवादी मेहरान यासीन शल्ला से जुड़ा था या उसने आतंकवादी गतिविधियों में हिस्सा लिया था।

- **कोर्ट ने कहा- आरोपी सबूतों से कर सकता है छेड़छाड़**

हैदराबाद में भाकपा नेता की हत्या

हैदराबाद। तेलंगाना में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के नेता की मंगलवार सुबह यहां मलकपेट में अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भाकपा की राज्य परिषद सदस्य के. चंदू नाइक (47) सुबह की सैर पर निकले थे, तभी एक पार्क के पास कार सवार हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाईं, जिससे भाकपा नेता की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्व क्षेत्र) एस चैतन्य कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। कुमार ने कहा कि वारदात को तीन-चार लोगों ने अंजाम दिया है।

ओडिशा : छात्रा की मौत, सीएम बोले- दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

भुवनेश्वर, एजेंसी

- **एम्स के दीक्षांत समारोह में पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू ने भी की थी पीड़िता से मुलाकात**

एक शिक्षक द्वारा यौन उत्पीड़न किए जाने के मामले में न्याय न मिलने पर आत्मदाह करने वाली छात्रा ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में दम तोड़ दिया। बालासोर के फकीर मोहन (स्वायत्त) महाविद्यालय की बीएड की द्वितीय वर्ष की छात्रा ने तीन दिन तक मौत से लड़ने के बाद सोमवार रात दम तोड़ दिया। शिक्षक पर कार्रवाई नहीं किए जाने से आहत छात्रा ने शनिवार को यह कदम उठाया।

छात्रा की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि सभी दोषियों को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। छात्रा को पहले बालासोर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था और फिर भुवनेश्वर स्थित एम्स भेज दिया गया। मुख्यमंत्री माझी ने एक्स पर कहा, छात्रा की मृत्यु की खबर से बेहद दुखी हूं। सरकार द्वारा सभी जिम्मेदारियों को निभाने और विशेषज्ञ चिकित्सा दल के अथक प्रयासों के बावजूद, छात्रा को नहीं बचाया जा सका।

भुवनेश्वर स्थित एम्स के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार शाम को बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के 'बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी' विभाग का दौरा किया था और छात्रा का हालचाल जाना था।

विपक्ष ने 17 जुलाई को ओडिशा बंद का किया आह्वान

कांग्रेस नीत आठ विपक्षी दलों ने कॉलेज छात्रा की मौत के विरोध में 17 जुलाई को ओडिशा बंद का आह्वान किया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि बंद को वाम दलों सहित आठ दलों का समर्थन प्राप्त है। महाविद्यालय में हुई यह घटना दर्शाती है कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में नाकाम रही है। दास ने सत्तारूढ़ भाजपा पर हमला करते हुए कहा, छात्रा पेट्रोल लेकर आई और सब देखते रहे। किसी ने कोई कदम नहीं उठाया। छात्रा को न्याय दिलाने के लिए बंद का आह्वान किया गया है।

परिजनों को 20 लाख की अनुग्रह राशि देंगे मुख्यमंत्री माझी

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आत्मदाह करने वाली छात्रा के परिवार के लिए 20 लाख की अनुग्रह राशि देने की मंगलवार को घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, माझी ने घटना की उचित जांच का निर्देश दिया है। राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने भी छात्रा की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर कहा, महाविद्यालय की छात्रा की मृत्यु की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। उसकी मृत्यु सिर्फ घटना नहीं है, यह हमारे परिसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने की सख्त जरूरत का एक साफ संकेत है। कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं।

एक नजर

मुंबई : गोवा एसेस जेए रेसिंग के मालिक जॉन अब्राहम, कोलकाता रॉयल टाइगर्स के मालिक सौरव गांगुली और स्पीड डेमन्स दिल्ली के मालिक अर्जुन कपूर इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2025 के संबंध में जानकारी देते हुए। ● एजेंसी

लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी का तय हुआ खाका

लॉस एंजिल्स : लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद बहुप्रतीक्षित वापसी लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई को होगी, जिसमें पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे। पुरुष और महिला वर्ग में कुल छह-छह टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी20 में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के अनुसार अधिकतर दिन दो मैच खेले जाएंगे जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। ओलंपिक में इससे पहले केवल एक बार 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। उसमें तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने भाग लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने प्रतियोगिता के एकमात्र मैच में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता था। पुरुष और महिला वर्ग में कुल 90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित होने के कारण 12 प्रतिस्पर्धी टीमें 15 सदस्यीय दल की घोषणा कर सकती हैं।

कीबोर्ड योद्धाओं को चुप कराकर खुश हूं : जोफ्रा आर्चर

लंदन : इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अपने आलोचकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने उन 'कीबोर्ड योद्धाओं' को चुप करा दिया जो कई चोटों से उबरने के बाद रिहैबिलिटेशन के दौरान उनके पीछे पड़े थे। 2021 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे आर्चर ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में भारत की हार का कारण बने। उन्होंने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शून्य पर आउट किया और फिर ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर के विकेट लेकर सोमवार को इंग्लैंड को 22 रन से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आर्चर ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा मुझे लगता है कि मैं (इंग्लैंड की जीत के बाद) थोड़ा भावुक हो गया था। यह सफर काफी लंबा रहा। मैं आपको बता नहीं सकता कि पिछले तीन या चार वर्षों में कितने कीबोर्ड योद्धा मेरे पीछे पड़े हुए थे।

पंजाब एफसी ने डिफेंडर बिजॉय वर्गीस के साथ किया करार

मोहाली : पंजाब एफसी ने मंगलवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए इंटर काशी से डिफेंडर बिजॉय वर्गीस को अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। पच्चीस वर्षीय सेंटर बैक बिजॉय ने टीम के साथ 2028 तक अनुबंध किया है। बिजॉय 2021-22 सत्र में केरला ब्लास्टर्स में शामिल हुए और उस वर्ष उपविजेता रही टीम का हिस्सा थे। इसके बाद वह 2023-24 सत्र के लिए उधार पर आईलीग फ्रेंचाइजी इंटर काशी में शामिल हुए और 2024-25 सत्र में 10 मैच खेले।

ऋतुपर्णा-श्वेतापर्णा की जोड़ी जापान ओपन बैडमिंटन से बाहर

टोक्यो : ऋतुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी को मंगलवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में कोकोना इशिकावा और माइको कावाजोई से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी जापान की जोड़ी को कोई टक्कर नहीं दे पायी। इशिकावा और कावाजोई ने मैच की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए महज 32 मिनट में 21-13, 21-7 से एकतरफा जीत हासिल की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी बुधवार को अपने अभियान का आगाज करेंगे।

जडेजा जोखिम उठाकर खेल सकते थे आक्रामक शॉट

रविंद्र जडेजा।

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा को स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ मोहम्मद सिराज को स्ट्राइक देने की जगह खुद जोखिम उठाकर आक्रामक शॉट खेलना चाहिए था।

जडेजा के साथ पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष से भारत मैच में वापसी करने में काफी हद तक सफल रहा लेकिन उसे 22 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। कुंबले को इस मैच ने चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट की याद दिला दी जिसमें सचिन तेंदुलकर ने पीठ दर्द के बावजूद 136 रन की पारी खेली, लेकिन भारतीय टीम को 12 रन से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में ऑफ स्पिनर सकलैन मुश्ताक द्वारा जवागल श्रीनाथ का आउट होना सोमवार को सिराज के स्टंप्स की गिल्लियों को गिराने वाली गेंद के समान था। चेन्नई में जनवरी 1999 में खेले गए उस टेस्ट मैच में टीम का हिस्सा रहे कुंबले ने 'जियोहॉटस्टार' पर कहा मुझे इस मैच को देखकर चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ खेला गया टेस्ट मैच याद आ गया। इसमें हम 12 रन से हार गए थे। (सिराज का आउट होना) कुछ वैसा ही था। टीम लक्ष्य से सिर्फ 22 रन दूर थी।

● अनिल कुंबले ने जीत के करीब पहुंचकर हार पर जताई निराशा

जडेजा एक छोर पर बस खड़े रहे। मेरा मतलब है, वह भारत को जीत के इतने करीब लाने की योजना में सफल रहे, लेकिन इंग्लैंड ने कोई ढिलाई नहीं बरती। जडेजा ज्यादातर ओवर की चौथी या पांचवीं गेंद पर एक रन चुरा रहे थे, लेकिन कुंबले का मानना है कि उन्हें कम गति के गेंदबाजों के खिलाफ जोखिम उठाना चाहिए था। कुंबले ने कहा उन्हें उन गेंदबाजों का चयन करना चाहिए थे जिसके खिलाफ वह आक्रामक रूख अपना सकते थे। क्रिस वोक्स, जो रूट और बशीर ऐसे गेंदबाज थे। बशीर और रूट भले ही ऑफ स्पिनर है लेकिन उनकी गेंद बहुत ज्यादा टर्न नहीं ले रही थी। उन्होंने कहा अगर किसी को जोखिम उठाना था तो वह जडेजा ही थे जिन्हें ऐसा करना चाहिए था। उन्होंने बुमराह और सिराज के साथ बल्लेबाजी के दौरान अपने पास ज्यादा स्ट्राइक रखकर अच्छा काम किया लेकिन सिराज को बशीर का पूरा ओवर खेलने के लिए देना जोखिम भरा था। उन्हें इसकी जगह खुद ही आक्रामक रुख अपनाना चाहिए थे।

कुंबले ने जडेजा की नाबाद 61 रन की जुझारू पारी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 170 रन पहुंचा कर लगभग चमत्कार कर दिया था। कुंबले ने कहा वह पूरे समय बेहतरीन रहे। वह दिन के छठे ओवर में ही बल्लेबाजी के लिए आ गये थे और आखिर तक नाबाद रहे। बुमराह और सिराज के साथ 82 पर 7 विकेट गिरने के बाद स्कोर को दोगुना करना अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा उनकी बल्लेबाजी देखकर टीम के अन्य बल्लेबाज खुद के प्रदर्शन से निराश होंगे। भारत को दोनों पारियों में लगभग 65 अतिरिक्त रन देना भी भारी पड़ा। यह चर्चा का एक बड़ा विषय होगा। कुंबले ने कहा कि जोफ्रा आर्चर की गेंद कंधे पर लगने से सिराज थोड़े असहज हो गये और उनका ध्यान थोड़ा भंग हो गया।

किंग चार्ल्स तृतीय लंदन के क्लेरेंस हाउस में भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों के साथ मुलाकात की। ● एजेंसी

किंग चार्ल्स तृतीय ने गिल से पूछा

आखिरी बल्लेबाज के आउट होने पर आपको कैसा महसूस हुआ था

लंदन : किंग चार्ल्स तृतीय ने मंगलवार को क्लेरेंस हाउस के बगीचे में भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों से मुलाकात के दौरान मोहम्मद सिराज के आउट होने को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार दिया लेकिन इसके बारे में भारतीय कप्तान शुभमन गिल से पूछे बिना नहीं रह सके। ब्रिटेन के 76 वर्षीय महाराजा ने भारतीय क्रिकेटरों के साथ इस खेल को लेकर काफी समय तक चर्चा की। गिल ने उनसे टीम की मुलाकात को अद्भुत करार दिया। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी और उप उच्चायुक्त सुजीत घोष के साथ कांग्रेस राज्यसभा सांसद एवं बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला तथा सचिव देवजीत सैकिया इस दौरान वहां मौजूद थे। गिल ने मुलाकात के बाद कहा यह अद्भुत था। मुझे लगता है कि वह (किंग चार्ल्स) बहुत दयालु और उदार हैं। हमारी उन से बहुत अच्छी बातचीत हुई। भारत को सोमवार को लॉर्ड्स मैदान पर शृंखला के रोमांचक तीसरे टेस्ट मैच में 22 रन से हार का सामना करना पड़ा। भारत के आखिरी बल्लेबाज मोहम्मद सिराज थोड़े दुर्भाग्यशाली रहे कि शोएब बशीर की गेंद उनके बल्ले का किनारा लेने के बाद धीरे से विकेट से टकराई और फिर गिल्लियां गिर गयी। गिल ने कहा उन्होंने (किंग चार्ल्स) हमें बताया कि हमारे आखिरी बल्लेबाज के आउट होने का तरीका काफी दुर्भाग्यपूर्ण था, गेंद लुढ़कती हुई विकेट पर लग गई। वह हमसे बस पूछ रहे थे उसके बाद आपको कैसा महसूस हुआ? और हमने उन्हें बताया कि यह हमारे लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण मैच था। उम्मीद है कि अगले दोनों मैचों में हमें किस्मत का अच्छा साथ मिलेगा। गिल ने कहा कि भारतीय टीम जब भी इंग्लैंड में खेलती है, उसे प्रवासियों भारतीय से जबरदस्त समर्थन मिलता है।

पंत का रन आउट होना निर्णायक पल था : गिल

लंदन : भारत के कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट के रोमांचक आखिरी दिन सोमवार को अपनी टीम की जुझारू कोशिशों पर गर्व जताया। लेकिन साथ ही कहा कि चौथे दिन लंच से ठीक पहले हुए पंत का रनआउट होना मैच का टर्निंग प्वाइंट था। लंच से ठीक पहले जब भारत का स्कोर 82 पर 7 हो गया था, तब लगा कि मैच जल्दी खत्म हो जाएगा। लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डटकर मुकाबला किया और मैच को आखिरी सत्र तक ले गए। अंतत: भारत 170 रन पर ऑल आउट हो गया और 22 रन से हार गया। गिल ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा मैं बेहद गर्व महसूस कर रहा हूं। कोई भी टेस्ट मैच इससे ज्यादा करीबी नहीं हो सकता। पांच दिन तक कड़ा मुकाबला चला, जिसका फैसला आखिरी सत्र और आखिरी विकेट गिरने के बाद आया। हमारी टीम ने इस मैच में जिस तरह का जुझारूपन दिखाया, उससे मैं बहुत खुश हूं।

गिल तकनीकी रूप से उतने मजबूत नहीं दिखे : वॉन

लंदन : इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि भारतीय कप्तान शुभमन गिल तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरे तो वह तकनीकी रूप से मजबूत नहीं दिखे और उन्होंने धैर्य की कमी भी नजर आई। शुभमन गिल ने शृंखला के पहले दो टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हेडिंग्ले में पहले टेस्ट में शतक बनाया और फिर बर्मिंघम में शतक और दोहरा शतक जड़कर कई रिकॉर्ड तोड़े।

स्पिनर डॉसन की आठ साल बाद इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी

लंदन : बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन ने आठ साल के अंतराल के बाद मंगलवार को इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी की। उन्हें भारत के खिलाफ 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए चोटिल शोएब बशीर की जगह टीम में शामिल किया गया है। तीसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी के दौरान अपनी ही गेंद पर क्षेत्ररक्षण करते समय बशीर के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया था। यह मैच इंग्लैंड ने 22 रन से जीता था। चोट के बावजूद बशीर ने भारत की दूसरी पारी में गेंदबाजी की और मोहम्मद सिराज को आउट करके अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाने में मदद की। 35 वर्षीय डॉसन ने अपने तीन टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उन्होंने सात विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने इंग्लैंड की तरफ से छह वनडे और 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। वह कई वर्षों से हैम्पशर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्हें 2023 और 2024 में पीसीए प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था। डॉसन ने अब तक 212 प्रथम श्रेणी मैचों में 371 विकेट लिए हैं। वह निचले मध्यक्रम के उपयोगी बल्लेबाज भी हैं।

टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

आक्रामक बल्लेबाज शेफाली टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंची

दुबई, एजेंसी

भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रही। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला में 158.56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाने वाली शेफाली इस रैंकिंग में 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गई है।

उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे नंबर के साथ इस सूची में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान नीचे 14वें स्थान पर खिसक गयी। भारत की ऐतिहासिक 3-2 से शृंखला जीत में अहम योगदान देने वाली अरुंधति रेड्डी गेंदबाजी रैंकिंग में चार स्थान की सुधार के साथ 39वें स्थान पर और हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में 26 स्थान

की छलांग लगाकर 80वें स्थान पर पहुंच गयी। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा को गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह तीसरे पायदान पर खिसक गयी है। राधा यादव तीन पायदान के सुधार के साथ रैंकिंग में 15वें स्थान पर है। इस रैंकिंग में शृंखला गंवाने वाली इंग्लैंड की टीम के कई खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा हुआ है। शृंखला के आखिरी मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार हासिल करने वाली स्पिनर चार्ली डीन रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रही।

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 27 रनों पर ढेर किया

किंग्स्टन (जमैका), एजेंसी

● सीरीज 3-0 से जीती, मिशेल स्टार्क ने नौ रन देकर झटके छह विकेट

मिशेल स्टार्क ने नौ रन देकर छह विकेट लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक ली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को टेस्ट क्रिकेट के दूसरे न्यूनतम स्कोर 27 रनों पर आउट कर दिया तथा तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 176 रनों से जीत कर शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

वेस्टइंडीज पर एक समय टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन खराब फील्डिंग का फायदा उठाकर वह न्यूजीलैंड के 26 रनों के विश्व रिकॉर्ड से एक रन आगे निकलने में सफल रहा। अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे स्टार्क ने अपनी पहली 15 गेंद पर पांच विकेट लिए जो टेस्ट इतिहास में सबसे तेज पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने

ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क 400वां विकेट हासिल करने के बाद जश्न मनाते हुए।

करियर में 15वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट भी पूरे किए। उन्होंने वेस्टइंडीज़ की दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर एक विकेट और पहले ही ओवर में तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया को सबीना पार्क में पहले दिन-रात्रि टेस्ट में 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्टइंडीज को हराने और श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने में केवल 14.3 ओवर लगे।

यह मैच केवल ढाई दिन में समाप्त हो गया। वेस्टइंडीज के शीर्ष छह बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर केवल छह रन बनाए। उसके सात बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। उसकी तरफ से जस्टिन ग्रीव्स ने सर्वाधिक 11 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 159 रनों और दूसरा टेस्ट मैच 133 रनों से जीता था और इस तरह से फ्रैंक वारेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए स्टार्क ने कहा यह शानदार श्रृंखला रही। पूरे मैच में बल्लेबाजों के लिए हालत बहुत अच्छे नहीं रहे। ऐसी परिस्थितियों में दूधिया रोशनी में सख्त गुलाबी गेंद से खेलना आसान नहीं होता लेकिन हमें विश्वास नहीं था कि मैच इतनी जल्दी खत्म हो जाएगा। स्टार्क ने लगातार गेंदों पर केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट किया लेकिन उन्होंने हैट्रिक का मौका गंवा दिया।

महिला विश्व कप से पहले इंग्लैंड और न्यूजीलैंड से अभ्यास मैच खेलेगा भारत

दुबई, एजेंसी

भारत इस साल सितंबर-अक्टूबर में अपनी और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप से पहले बेंगलुरु में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा। पाकिस्तान अपने अभ्यास मैच और विश्व कप मैच दोनों श्रीलंका में खेलेगा। यह बीसीसीआई और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आपसी सहमति से तय किया है। भारत 25 सितंबर को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान पर पहले अभ्यास मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा और 30 सितंबर को चिन्नास्वामी स्टेडियम में टूर्नामेंट शुरू होने से तीन दिन पहले 27 सितंबर को न्यूजीलैंड से उसी स्थान पर खेलेगा। पाकिस्तान 25 और 28 सितंबर को कोलंबो के कोलंबो क्रिकेट क्लब में क्रमशः श्रीलंका और श्रीलंका 'ए' टीम के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा। आईसीसी ने कहा 25 से 28 सितंबर तक एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान (दोनों बेंगलुरु), आर प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब (दोनों कोलंबो) में कुल नौ दिन-रात्रि मैच खेले जाएंगे।

अभ्यास मैचों का कार्यक्रम

25 सितंबर : भारत बनाम इंग्लैंड, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान। दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम। श्रीलंका बनाम पाकिस्तान, कोलंबो क्रिकेट क्लब। बांग्लादेश बनाम श्रीलंका 'ए', आर प्रेमदासा स्टेडियम।

27 सितंबर : ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान। भारत बनाम न्यूजीलैंड, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम। श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, कोलंबो क्रिकेट क्लब।

28 सितंबर : दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत 'ए', बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पाकिस्तान बनाम श्रीलंका 'ए', कोलंबो क्रिकेट क्लब।

यहां होगा विश्व कप

एकदिवसीय विश्व कप की 12 साल बाद उपमहाद्वीप में वापसी हो रही है। यह टूर्नामेंट 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों - एम चिन्नास्वामी स्टेडियम (बेंगलुरु), एसीए स्टेडियम (गुवाहाटी), होल्कर स्टेडियम (इंदौर), एसीए-वीडीसीए स्टेडियम (विशाखापत्तनम) और आर प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो) में खेला जाएगा।

प्रतिबद्धता और जज्बे की अद्भुत मिसाल थे फौजा सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

● 114 वर्ष की उम्र में वाहन की टक्कर से हो गया है निधन

● 89 वर्ष की उम्र में मैराथन दौड़ना किया था शुरू

वर्ष 2016 में मुंबई में जॉगिंग करते हुए फौजा सिंह। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

पुरानी कहावत है कि दोबारा शुरुआत करने में कभी देर नहीं होती और अगर कभी इस बात के प्रमाण की जरूरत पड़े तो एक बार फौजा सिंह के जीवन पर गौर कर लेना जिन्होंने प्रतिबद्धता और जज्बे की अद्भुत मिसाल पेश की। फौजा सिंह ने 89 वर्ष की उम्र में मैराथन दौड़नी शुरू की और फिर दुनिया भर में अपने जोश और जज्बे का डंका जमाया। उनका सोमवार को 114 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी उम्र के बावजूद, यह एक दिल दहला देने वाला अचानक अंत था। वह जालंधर स्थित अपने पैतृक गांव ब्यास पिंड में टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

फौजा सिंह ने अपने जीवन में कई मुश्किलों का सामना किया। वह जब मैराथन धावक बने तो उन्होंने अपने करियर का एक बड़ा हिस्सा ब्रिटेन में बिताया, लेकिन संन्यास लेने के बाद तीन साल पहले वह अपने गांव लौट आए थे। उनकी जीवनी 'द टर्बन्ड टॉरनेडो' के लेखक खुशवंत सिंह ने कहा हम हमेशा उनसे कहते थे कि भारत में दौड़ने वाले उनकी उम्र के व्यक्ति को हमेशा टक्कर लगने का खतरा बना रहता है, क्योंकि यहां वाहन चलाने का तरीका बहुत लापरवाही वाला है। दुर्भाग्यवश आखिर में ऐसा ही हुआ। फौजा की असली कहानी तब शुरू हुई जब ज्यादातर लोगों के लिए समय धीमा पड़ जाता है, खासकर उन लोगों के लिए जो जिंदगी की कई त्रासदियों से जूझ चुके हैं। वह भी जीवन के इन थपेड़ों से जूझ रहे थे।

फौजा सिंह 90 के दशक के मध्य में अपने छोटे बेटे की मौत से काफी व्यथित हो गए थे। इसके बाद जब उनकी पत्नी और बेटी का भी निधन हो गया तो उन्हें इंग्लैंड के एसेक्स में एक स्थानीय क्लब में दौड़ने से सांत्वना मिली। खुशवंत ने बताया गांव वालों ने उनके एक बेटे से कहा कि वह उन्हें ब्रिटेन ले जाए, क्योंकि वह श्मशान घाट जाते रहते थे और घंटों वहीं बैठे रहते थे। इसलिए वह इलफोर्ड (पूर्वी लंदन का एक शहर) चले गए। फौजा सिंह ने वहां पहुंचने के बाद ही दौड़ना शुरू किया। इसके बाद वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर के धावक बन गए और उन्होंने अपने दमखम और जज्बे से दुनिया भर के लोगों को हैरान कर दिया। उन्होंने लंदन, न्यूयॉर्क और हांगकांग की प्रसिद्ध मैराथनों सहित अन्य मैराथनों में भाग लिया और कमजोर पैरों के साथ पैदा हुए 90 वर्ष से अधिक उम्र के इस व्यक्ति ने इस दौरान कुछ अच्छा समय भी निकाला जिससे पेशेवर धावक भी हैरान थे।

मैराथन से कमाए हर पैसे को कर देते थे दान

फौजा सिंह ने कहा वह ऐसे व्यक्ति थे जिनमें कोई लालच नहीं था। मैराथन दौड़कर कमाए गए हर एक पैसे को वह दान में देते थे। जब वह प्रसिद्ध हो गए, तो लोग गुरुद्वारों में भी उनके पास पैसे देने आते थे, लेकिन वह तुरंत ही उस धनराशि को वहां के दानपात्रों में डाल देते थे। एक सच्चे, बड़े दिल वाले रूमानी पंजाबी की तरह, फौजा को अपनी पिन्नियां (घी, आटे और गुड़ से बनी मीठी गोलियां जिन पर सूखे मेवे लगे होते हैं) और मैकडॉनल्ड्स से कभी-कभार मिलने वाला स्ट्रॉबेरी शेक बहुत पसंद था। लेकिन वह एक अनुशासित धावक भी थे जो दौड़ से पहले कड़ा अभ्यास करते थे। उनकी सबसे यादगार दौड़ में से एक 2011 की थी जब वह 100 वर्ष के हो गए थे। टोरंटो में आयोजित आमंत्रण प्रतियोगिता का नाम उनके सम्मान में रखा गया था।

ऑर्थोडॉक्स पार्टी गठबंधन से अलग, नेतन्याहू को झटका

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार में प्रमुख सहयोगी दल रहे अति-रूढ़िवादी दल ने मंगलवार को कहा कि वह गठबंधन सरकार छोड़ रही है। अति-रूढ़िवादी दल की इस घोषणा को गाजा में युद्ध के निर्णायक समय में इजराइली नेता के शासन को अस्थिर करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

यूनाइटेड टोरा जूडिज्म नामक पार्टी के दो गुटों ने कहा कि वे एक कानून पर असहमति के कारण सरकार पर निशाना साध रहे हैं। यह कानून अपने सदस्यों के लिए व्यापक सैन्य मसौदा छूट को संहिताबद्ध करेगा। इन दलों के सदस्यों में से कई लोग सेना में भर्ती होने के बजाय यहूदी ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। इस मुद्दे ने यहूदी इजराइलियों को विभाजित कर रखा है, जिनमें से अधिकांश को सेना में भर्ती होने की आवश्यकता होती है। इजराइलियों में यह दरार तब से और गहरी होती जा रही है, जब से गाजा में युद्ध शुरू हुआ है और सैनिकों की मांग लगातार बढ़ रही है। इजराइल की राजनीति में लंबे समय से 'किंगमेकर' की भूमिका निभाने वाली पार्टी के जाने से नेतन्याहू को तत्काल कोई खतरा नहीं है।

● गाजा में युद्ध के निर्णायक दौर में सरकार अस्थिर होने की आशंका

ट्रंप को शिक्षा विभाग में 1,400 कर्मचारियों की छंटनी की अनुमति

वाशिंगटन। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शिक्षा विभाग को समाप्त करने की उनकी योजना को फिर से आगे बढ़ाने और लगभग 1,400 कर्मचारियों की छंटनी की अनुमति दे दी है।

तीन न्यायमूर्तियों की असहमति बावजूद, उच्चतम न्यायालय ने बोस्टन के डिस्ट्रिक्ट न्यायाधीश मयोंग जॉन के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें उन्होंने कर्मचारियों की छंटनी को रद्द करते हुए अंतरिम रोक लगाई थी। जॉन ने आदेश में कहा था, छंटनी से विभाग संभवतः कमजोर हो जाएगा।'एक संघीय अपीलीय अदालत ने भी प्रशासन की अपील पर इस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

मुस्लिम देशों में शरीया कानून का हिस्सा है

ब्लड मनी परंपरा

केरल की नर्स निमिषा को यमन में फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद इस इस्लामी देश की 'ब्लड मनी' नाम की वह परंपरा भी चर्चा में आई है जो पैसों के बदले मौत की सजा माफ कर देती है। ब्लड मनी को अरबी में दिया कहा जाता है और यह परंपरा उन कई और मुस्लिम देशों में लागू है जहां इस्लामी शरीया कानून का प्रभाव है। इस पारंपरिक कानून के तहत अगर कोई व्यक्ति किसी की हत्या का गुनहगार है तो वह मृतक के परिवार को मुआवजा देकर सजा में छूट या माफी हासिल कर सकता है।

इन देशों में भी ब्लड मनी जैसा कानून

सऊदी अरब : दिया यानी ब्लड मनी यहां शरीया कानून के अनुसार लागू है। हत्या, दुर्घटना और मेडिकल लापरवाही में भी ब्लड मनी दी जा सकती है। पीड़ित परिवार चाहे तो ब्लड मनी लेकर दोषी को माफ कर सकता है और इससे फांसी की सजा रुक सकती है।

ईरान : ईरान की इस्लामी दंड संहिता में ब्लड मनी को मान्यता है। अब तक यहां महिला और पुरुष की ब्लड मनी में अंतर होता था लेकिन अब इसे बराबरी की ओर लाया जा रहा है। विदेशी नागरिकों को भी कुछ मामलों में इसका फायदा या नुकसान झेलना पड़ता है।

पाकिस्तान : पाकिस्तान में सन् 1990 के दशक में दिया और किसास कानून लागू किए गए। ये कानूनी दंड संहिता से हटकर शरीया आधारित है। इसमें पीड़ित के परिवार को मुआवजा लेकर दोषी व्यक्ति को माफ करने का अधिकार है। अदालत इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करती।

संयुक्त अरब अमीरात : यूएई में भी शरीया कानून दिया लागू है। अफगानिस्तान, सूडान, नाइजीरिया समेत कई और देशों में आंशिक या पूर्ण रूप से दिया लागू है, वहां भी पीड़ित परिवार को सजा माफ करने का अधिकार है।

समर्थन

ब्लड मनी परंपरा इस्लामी न्याय प्रणाली का हिस्सा है। इससे पीड़ित के परिवार को कुछ राहत मिलती है, साथ ही बदले की भावना को रोकने में मदद मिलती है।

आलोचना

अमीर अपराधियों को बच निकलने का मौका मिलता है और न्यायिक समानता पर सवाल उठते हैं। इसके अलावा गरीब पैसे के अभाव में न्याय नहीं दिला पाते।

पश्चिमी देश

पश्चिमी देशों में सीधे तौर पर ब्लड मनी जैसा शरीया आधारित सिस्टम नहीं है, लेकिन वहां सिविल सूट और मुआवजा/क्षतिपूर्ति की व्यवस्था होती है।

ब्लड मनी के चर्चित केस

- उत्तर प्रदेश के रईस खान को सऊदी अरब में एक पाकिस्तानी नागरिक की हत्या के मामले में फांसी की सजा सुनाई गई थी। भारतीय सामाजिक संगठनों और परिवार ने मृतक के परिवार को लगभग 30 लाख रुपये ब्लड मनी देकर माफी दिलवा दी।
- एक अमीर व्यवसायी के बेटे शाहरुख जटोई ने कराची में युवा छात्र शाहजेब खान की हत्या कर दी थी। जनता में भारी गुस्सा फैला मगर शाहजेब के परिवार ने शाहरुख से ब्लड मनी लेकर उसे माफ कर दिया। लोगों ने इसे पैसे वालों का न्याय तंत्र से खिलवाड़ कहा।
- पंजाब के नवदीप पर 2019 में एक साथी भारतीय की हत्या का आरोप लगा। सऊदी कोर्ट ने उसे फांसी की सजा सुनाई। लेकिन एनजीओ और गुरुद्वारों की मदद से करीब 1 करोड़ रुपये की ब्लड मनी दिए जाने के बाद मृतक के परिवार ने उसे माफ कर दिया।

एक नजर

दिग्गज अभिनेता-निर्माता धीरज कुमार का निधन

मुंबई। मनोज कुमार की फिल्म 'रोटी कपड़ा और मकान' में अभिनय करने और हिट टेलीविजन शो 'ओम नमः शिवाय' और 'अदालत' के निर्माण के लिए पहचाने जाने वाले दिग्गज अभिनेता-निर्माता धीरज कुमार का यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके एक पारिवारिक मित्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वह 79 वर्ष के थे। कुमार निमोनिया से गंभीर रूप से पीड़ित थे और उन्हें कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल की गहन चिकित्सा यूनिट में भर्ती कराया गया था।

छत्तीसगढ़: 30 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के 30 नागरिकों को उनके देश वापस भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार से इन लोगों को निर्वासित करने की अनुमति मिलने के बाद राज्य सरकार और रायपुर पुलिस ने मंगलवार को 30 बांग्लादेशी नागरिकों को रायपुर हवाईअड्डे से विमान के जरिए गुवाहटी भेजा गया। घुसपैठियों को रायपुर पुलिस बीएसएफ को सौंपेगी फिर असम से बंगलादेश सीमा पर बीएसएफ के जरिए निर्वासन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

गजनी में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या

काबुल। अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ही परिवार के पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रांतीय सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार रात को यह जानकारी दी। गजनी के गवर्नर के प्रवक्ता एजातुल्लाह सईदी ने बताया कि यह घटना कारा बाग ज़िले के तोलाखैल इलाके में हुई। यहां एक घर में हमलावर घुस आए और गोलीबारी शुरू कर दी जिससे परिवार के पांच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इस मामले में कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

सिन्हा सीएम अब्दुल्ला से दुर्व्यवहार पर माफी मांगें

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने प्रदेश की पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ की गई धक्कामुक्की के लिए उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से माफी मांगने की मांग की है। चौधरी ने कहा कि जुलाई 1931 के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जाते समय निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ दुर्व्यवहार लोकतंत्र और जनता द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान है। चौधरी ने कहा, उमर अब्दुल्ला सिर्फ मेरे नेता नहीं हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर के निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं। यह सिर्फ़ उमर साहब का अपमान नहीं था। यह जम्मू-कश्मीर और पूरे देश में लोकतंत्र का अपमान था।

कैदियों को महंगा खाना न मिलना मौलिक अधिकारों का हनन नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जेल सुधारात्मक संस्थान है, सुविधाओं का विस्तार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि जेल में कैदियों को उनका पसंदीदा भोजन या महंगे खाद्य पदार्थ न दिया जाना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन का अधिकार सभी कैदियों को हासिल है, लेकिन यह पसंदीदा या शानदार भोजन की मांग करने का अधिकार नहीं देता।

पीठ ने कहा, केवल पसंदीदा या महंगी खाद्य सामग्री की आपूर्ति न किए जाने को मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं माना जा सकता। राज्य का दायित्व यह सुनिश्चित करना है कि दिव्यांगों सहित सभी कैदियों को पर्याप्त, पौष्टिक और चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त भोजन मिले, जो चिकित्सा प्रमाणीकरण के अधीन हो। शीर्ष अदालत ने जेल को सुधारात्मक संस्थान बताया, न कि नागरिक समाज की सुविधाओं का विस्तार। उसने कहा कि गैर-जरूरी या महंगी वस्तुओं की आपूर्ति न करना संवैधानिक या मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं है, जब तक कि इससे स्वास्थ्य या सम्मान को स्पष्ट नुकसान न पहुंचे।

पीठ ने कहा, जेलों को अक्सर आपराधिक न्याय प्रणाली का 'अंतिम छोर' माना जाता है, जिन्हें ऐतिहासिक रूप से सख्त अनुशासन, कठोर परिस्थितियों और न्यूनतम स्वतंत्रता के लिए तैयार किया गया है।

सर्वोच्च अदालत ने 'बेकर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी' से पीड़ित अधिवक्ता एल. मुरुगनन्थम की मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणियां कीं, जिसमें उन्हें पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। मुरुगनन्थम को सजा एक जमीन विवाद में मिली थी जिसमें उनका परिवार एक अन्य व्यक्ति के साथ उलझा हुआ था। उन्होंने दावा किया कि कारावास के दौरान उन्हें प्रतिदिन चिकित्सा और पर्याप्त प्रोटीन युक्त भोजन, जैसे अंडे, चिकन और मेवे नहीं मिले।

आतंकी कृत्य के दोषी की समय पूर्व रिहाई से इन्कार

नई दिल्ली। शीर्ष न्यायालय ने एक आतंकवादी कृत्य से जुड़े तिहरे हत्याकांड के दोषी गुलाम मोहम्मद भट की समय पूर्व रिहाई का आदेश देने से इन्कार कर दिया। हालांकि, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने भट को एक अन्य लंबित मामले में आवेदन दायर करके केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की सजा छूट नीति को चुनौती देने की अनुमति दे दी। पीठ ने भट की समय पूर्व रिहाई की याचिका पर इस आधार पर सुनवाई की कि उसने 27 साल जेल में बिताए हैं। भट कथित तौर पर एक सेना के मुखबिर के घर में घुस गया था और एके-47 राइफल से गोली चला दी थी, जिसमें तीन लोग मारे गए थे।

दिव्यांगों का मजाक उड़ाने वाली टिप्पणी पर समय रैना, दूसरे इन्फ्लुएंसर कोर्ट में पेश

नई दिल्ली। दिव्यांग लोगों का मजाक उड़ाने के आरोप में कार्रवाई की मांग को लेकर दर्ज मामले में 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के प्रस्तोता समय रैना सहित पांच सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ ने उन्हें याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। उन पर दिव्यांगों और स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी तथा दृष्टिहीनता से पीड़ित लोगों का मजाक उड़ाने का आरोप है। उन्हें अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया गया है। शीर्ष अदालत ने इन्फ्लुएंसर सोनाली ठक्कर उर्फ सोनाली आदित्य देसाई को कुछ शारीरिक समस्या के कारण अगली सुनवाई पर डिजिटल माध्यम से पेश होने की छूट दे दी।

दुनिया के 1.4 करोड़ बच्चों को नहीं लगा एक भी टीका, आधे भारत समेत 9 देशों के

लंदन। दुनियाभर में पिछले साल 1.4 करोड़ से अधिक बच्चों को एक भी टीका नहीं लगा जो 2023 की संख्या के लगभग बराबर है। इन बच्चों में से आधे से ज्यादा भारत समेत नौ देशों से हैं। संयुक्त राष्ट्र के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वैश्विक टीकाकरण के संबंध में मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ ने बताया कि 2024 में एक वर्ष से कम उम्र के लगभग 89 प्रतिशत बच्चों ने डिप्थीरिया, टेटनस और काली खांसी के टीके की पहली खुराक मिली जो 2023 के बराबर है। इसने कहा कि लगभग 85 प्रतिशत बच्चों ने ही इन टीकों की तीनों खुराक लीं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 84 प्रतिशत था। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने कहा कि टीकाकरण अब भी आसान नहीं है और संघर्ष व मानवीय संकटों के कारण टीकाकरण में हुई प्रगति तुरंत ही कमजोर पड़ने लग जाती है।

● संयुक्त राष्ट्र के स्वास्थ्य अधिकारियों ने जारी की 2024 की रिपोर्ट

आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने पर अडिग रहेगा भारत

बीजिंग/नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के अपने उद्देश्यों पर अड़िग रहने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति पर चलते हुए आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहेगा।

डॉ. जयशंकर ने मंगलवार को यहां बीजिंग में संगठन के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से निपटने के लिए की गई थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में नृशंस आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये तीनों चुनौती अक्सर एक साथ आती हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धर्म के आधार पर विभाजन को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।

उन्होंने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन के कुछ सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भी सदस्य हैं और सुरक्षा परिषद ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। सुरक्षा परिषद ने, आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने इसी के अनुरूप कार्रवाई की है। उन्होंने कहा,हमने तब से ठीक यही किया है और आगे भी करते रहेंगे।

● बीजिंग में एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने किया पहलगाम हमले का जिक्र

सुरक्षा खतरों से निपटने तंत्र में सुधार करें: शी

बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने एससीओ देशों के विदेश मंत्रियों से कहा कि समूह को सुरक्षा खतरों और चुनौतियों का जवाब देने के लिए तंत्र में सुधार करने के साथ एक ठोस सुरक्षा कवच तैयार करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि स्थापना के बाद से पिछले 24 वर्षों में एससीओ ने हमेशा शंघाई भावना को कायम रखा है, एक परिपक्व और मजबूत संगठन के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने जोर दिया कि अशांत और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर, एससीओ को केंद्रित और आश्वस्त रहना चाहिए।

मानव रहित विमानों के निर्माण में आत्मनिर्भर होने की कवायद

नई दिल्ली, एजेंसी

सेना के अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ, नीति निर्माता और निजी उद्योगों के प्रतिनिधि बुधवार को एकत्रित होंगे और स्वदेशीकरण के लिए एक 'रणनीतिक रोडमैप' विकसित करने पर विचार करेंगे, जिसका व्यापक उद्देश्य महत्वपूर्ण मानवरहित वायु यानों (यूएवी) और काउंटर-मानवरहित हवाई प्रणालियों (सी-यूएएस) के घटकों के लिए विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम करना है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ द्वारा थिंक-टैंक 'सेंटर फॉर ज्वाइंट वारफेयर स्टडीज' के सहयोग से आयोजित की जाने वाली कार्यशाला-सह-प्रदर्शनी 'ऑपरेशन सिंदूर' सहित भारत-पाकिस्तान के हालिया सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में आयोजित की जा रही है, जिसमें यूएवी और सी-यूएएस के सामरिक महत्व तथा परिचालन प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला गया था।

● हाल ही में पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष के बाद लिया गया फैसला

स्वदेशी तकनीक से तैयार किया सस्ता कार्बन फाइबर कृत्रिम पैर

नई दिल्ली। डीआरडीओ की एक प्रयोगशाला और तेलंगाना स्थित एम्स बीबीनगर ने स्वदेशी तकनीक से अपनी तरह का पहला उन्नत कार्बन फाइबर कृत्रिम पैर विकसित किया है जो 125 किलोग्राम तक का भार सहन करने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, प्रदर्शन के मामले में बाजार में उपलब्ध विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मॉडल को टक्कर देने वाला यह कृत्रिम पैर जरूरतमंद आबादी को उच्च गुणवत्ता वाला किफायती समाधान मुहैया कराने के लिए डिजाइन किया गया है।

मणिपुर में बड़ी कार्रवाई में हथियारों का जखीरा बरामद

इंफाल। मणिपुर के घाटी के पांच जिलों में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने एक साथ चलाए गए समन्वित अभियान में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद किए।

पुलिस महानिरीक्षक के. कबीब ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व, काकचिंग, इंफाल पश्चिम, थौबल और बिष्णुपुर जिलों में अभियान चलाया। उन्होंने कहा, मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम द्वारा कई स्थानों पर एक साथ समन्वित अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि बरामद हथियारों में पांच एके राइफल, तीन इंसास राइफल, 16 एसएलआर, पांच प्वॉइंट 303 राइफल, 19 पिस्तौलें, दो कार्बाइन, नौ अन्य प्रकार की राइफल और 16 सिंगल बैरल बंदूक शामिल हैं।

आस्था का सैलाब

हरिद्वार में हर की पौड़ी पर पवित्र श्रावण मास शुरू होने के बाद रोज लाखों कांवड़िए गंगाजल लेने पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भी यहां भगवान शिव के भक्तों का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। शिव के अभिषेक के लिए गंगाजल लेने से पहले कांवड़ियों ने गंगा नदीं में स्नान भी किया। एजेंसी

विमान हादसे की जांच रिपोर्ट में किसी सवाल का जवाब नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन (इफाल्पा) ने कहा है कि एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट अपनी प्रकृति के अनुसार ही कई सवाल उठाती है लेकिन जवाब मुहैया नहीं कराती। संगठन ने इस मामले में सभी पक्षों से अटकलों से बचने का आग्रह किया है।

गत 12 जून को अहमदाबाद में एअर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान की दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में एएआईबी ने शनिवार को कहा था कि उड़ान भरने के तुरंत बाद 1 सेकंड के अंतराल में इंजन के ईंधन स्विच बंद हो गए, जिससे विमान के कॉकपिट में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक पायलट ने पूछा कि स्विच क्यों बंद हुआ और दूसरे पायलट ने जवाब दिया कि उसने ऐसा नहीं किया। हालांकि प्रारंभिक रिपोर्ट में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला गया है।

इफाल्पा ने एक बयान में कहा, हालांकि यह प्रारंभिक रिपोर्ट अपने आप में कई सवाल उठाती है, लेकिन इसमें कोई जवाब नहीं है, और इसकी सामग्री का कोई भी अनुमान केवल अनुमान ही माना जा सकता है, जो जांच के सुचारू संचालन के लिए उपयुक्त नहीं है।

● अब इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ पायलट एसोसिएशन असंतुष्ट

मुंबईः डब्बा ट्रेडिंग और ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में ईडी की छापे

मुंबई। ईडी ने मंगलवार को मुंबई में अवैध 'डब्बा ट्रेडिंग' और ऑनलाइन सट्टेबाजी नेटवर्क के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत छापेमारी की। ये नेटवर्क करोड़ों रुपये की धनराशि का लेन-देन कर रहे थे।

ईडी ने मुंबई में चार ठिकानों से लगभग 3.3 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी, कुछ लग्जरी घड़ियां और आभूषण, विदेशी मुद्रा और महंगे वाहन जब्त किए हैं। सूत्रों ने बताया कि कार्रवाई अब भी जारी है। 'डब्बा ट्रेडिंग' शेयरों में व्यापार के एक अवैध और अनियमित रूप को संदर्भित करता है। उन्होंने बताया कि इस जांच के तहत वीमनी, वीएम ट्रेडिंग, स्टैंडर्ड ट्रेड्स लिमिटेड, आईबुल कैपिटल लिमिटेड, लोटसबुक, 11स्टार्स और गेमबेटलीग जैसे कुछ ऑनलाइन ट्रेडिंग और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म एजेंसी की जांच के दायरे में हैं।

संबोधन कटक के रेवेनशॉ विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया दीक्षांत समारोह को संबोधित

जीवन बदल रही है प्रौद्योगिकी, मगर इसका दुरुपयोग घातक

कटक, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लोगों की सोच और कार्यशैली में व्यापक बदलाव आने का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के दुरुपयोग के प्रति सावधान रहने की सलाह भी दी।

मुर्मू ने यहां रेवेनशॉ विश्वविद्यालय के 13वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि विश्वविद्यालय इन प्रौद्योगिकियों का अच्छा उपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा, यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, 3डी प्रिंटिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग ने हमारी सोच और कार्यशैली में व्यापक बदलाव ला दिया है। हालांकि, मुर्मू ने सभी को इन उन्नत प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग के प्रति सावधान रहने की सलाह दी।

मुर्मू ने छात्राओं के बढ़ते शैक्षणिक प्रदर्शन का उल्लेख किया, जिन्होंने इस वर्ष विश्वविद्यालय के 27 विभागों में से 21 में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा, पिछले पांच वर्षों में, संस्थान में छात्राओं ने पढ़ाई के मामले में लगातार छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है। स्नातकोत्तर स्तर पर, टॉप करने वाली छात्राओं की संख्या छात्रों की तुलना में साढ़े तीन गुना से भी अधिक है। यह दर्शाता है कि भारत महिला सशक्तीकरण से महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय में जनजातीय छात्रों, वंचित और दिव्यांग छात्रों के नामांकन में लगातार हो रही वृद्धि पर भी संतोष जताया।

स्नातक छात्रों से भविष्य में और अधिक ईमानदार और मेहनती बनने का आह्वान करते हुए, मुर्मू ने कहा, आज से, आपका जीवन एक नया मोड़ लेगा। आप शैक्षणिक विश्वविद्यालय से बाहर निकलकर जीवन और समाज के एक बड़े विश्वविद्यालय में कदम रखेंगे। मुझे आशा है कि आप जीवन और समाज के विश्वविद्यालय में भी सफलता और सम्मान प्राप्त करेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह शैक्षणिक संस्थान स्वतंत्रता संग्राम का एक सक्रिय केंद्र था और ओडिशा राज्य के गठन के आंदोलन से जुड़ा था। उन्होंने न केवल नौकरी पाने, बल्कि दूसरों को भी नौकरी प्रदान करने के माध्यम से उद्यमशीलता और सामाजिक योगदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से कहा, अगर आप चाहें, तो उद्यमी बन सकते हैं और अपना खुद का उद्यम स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्र प्रथम की भावना हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसे समझना चाहिए।

समान सुविधाएं मिलने पर लड़कियों का प्रदर्शन बेहतर

मुर्मू ने कहा, विभिन्न दीक्षांत समारोहों के दौरान उन्होंने पाया कि समान सुविधाएं और अवसर मिलने पर लड़कियां बेहतर प्रदर्शन करती हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि महिलाएं हर क्षेत्र में सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं, चाहे वह शिक्षा और साहित्य हो या विज्ञान, प्रौद्योगिकी, उद्योग और वाणिज्य। उन्होंने कहा, हमारी विविधता इंद्रधनुष की तरह है। हमारी एकता सदियों से बहुत मजबूत रही है। हमारी कई भाषाएं हैं, लेकिन भावना एक है। दुनिया इस बात से चकित है कि इतनी सारी भाषाओं और इतने सारे धर्मों के बीच भारत कैसे एकजुट और एकीकृत बना हुआ है। भारतीय भाषाओं ने शैक्षिक परंपरा को समृद्ध बनाने में बहुत योगदान दिया है।